* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

09 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 290

# आजाद सिपाही

कलम कलम बढ़ाये जा

योजनाओं से जुड़ें दूसरों को भी प्रेरित करें : हेमंत सोरेन





आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 65,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | 84,000 रु./प्रति किलो |

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# आजाद भारत में जमींदारी तो खत्म हो गयी, लेकिन पैदा हो गया वक्फ बोर्ड

## ■ कांग्रेस की सरकारों ने प्रदान की असीमित शक्तियां, बता डाला 1500 साल पुराने मंदिर को अपना

## ■ पूरे देश में नौ लाख एकड़ से ज्यादा जमीन, समा जाये तीन दिल्ली

## ■ सेना और रेलवे के बाद तीसरी सबसे बड़ी संस्था है वक्फ बोर्ड

**स्वतंत्र भारत में जमींदारी तो खत्म हो गयी, लेकिन पैदा हो गया एक मजहबी जमींदार, जिसे वक्फ बोर्ड के नाम से जाना जाता है। रेल और सेना के बाद वक्फ बोर्ड देश का तीसरा सबसे बड़ा जमींदार है। ऐसा इसलिए, क्योंकि उसके पास पूरे देश भर में नौ लाख एकड़ से ज्यादा जमीन है, यानी तीन दिल्ली उसमें समा जाये। वक्फ बोर्ड को मिली असीमित शक्तियों पर अंकुश लगाने और बेहतर प्रबंधन और पारदर्शिता के लिए मोदी सरकार ने लोकसभा में गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। बिल को पेश किया संसदीय कार्य और अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने। जैसे ही ये बिल सदन के पटल पर रखा गया, कांग्रेस, टीएमसी, डीएमके, सपा समेत प्रमुख विपक्षी दलों ने विधेयक का विरोध किया। वहीं एनडीए में शामिल जेडीयू ने बिल का सपोर्ट कर दिया है। इस बिल के सदन में पेश होते ही देश की सबसे बड़ी और ताकतवर मुस्लिम संस्था वक्फ बोर्ड एक बार फिर से चर्चा में है। कैसे वक्फ बोर्ड मनमानी कर रहा है, उसके कई उदाहरण भी सदन में किरेन रिजिजू ने सामने रखे। उन्होंने कहा कि वक्फ बोर्ड पर माफियाओं ने कब्जा कर लिया है। आम लोगों के हित में यह बिल लाना जरूरी है। कांग्रेस शासनकाल में वक्फ बोर्ड को दी गयी असीमित शक्तियों को लेकर मोदी सरकार अब वक्फ बोर्ड पर लगाम लगाना चाहती है। इससे संपत्तियों के दुरूपयोग पर रोक लगाने की कोशिश होगी। देश भर में 8.7 लाख से अधिक संपत्तियां, कुल मिला कर लगभग 9.4 लाख एकड़ वक्फ बोर्ड के अधिकार क्षेत्र में हैं। समझने वाली बात है कि एक बार अगर आपकी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति बता दी गयी, तो आप उसके खिलाफ कोर्ट नहीं जा सकते। आपको वक्फ बोर्ड से ही गुहार लगानी होगी। वक्फ बोर्ड का फैसला आपके खिलाफ आया, तब भी आप कोर्ट नहीं जा सकते। तब आप वक्फ ट्राइब्यूनल में जा सकते हैं। कैसे मिली वक्फ बोर्ड को असीमित शक्तियां, कैसे लगातार इजाफा होता चला गया इसकी संपत्ति में, कैसे गांव के गांव और मंदिरों पर कब्जा जमा रहा है वक्फ बोर्ड, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह


भारत में वक्फ की शुरुआत दिल्ली सल्तनत से हुई। एस अतहर हुसैन और एस खालिद राशिद की किताब 'वक्फ लॉज एंड एडमिनिस्ट्रेशन इन इंडिया' (1968) में कहा गया है कि सुल्तान मुइज़ुद्दीन सैम घावोर ने मुल्तान की जामा मस्जिद को दो गांव दिये थे। जब भारत में अंग्रेजी हुकूमत थी, तब भी वक्फ की संपत्ति को लेकर खूब विवाद हुआ। यह विवाद इतना बढ़ा कि लंदन स्थित प्रीवी काउंसिल तक जा पहुंचा। चार ब्रिटिश जजों ने वक्फ को अवैध करार दिया था। मगर, उनके फैसले को तत्कालीन ब्रिटिश भारत की सरकार ने नहीं माना। मुसलमान वक्फ वैलिडेटिंग एक्ट, 1913 के जरिये वक्फ को बचा लिया गया।

### तीन दिल्ली जितनी जमीन है वक्फ के पास, सेना और रेलवे के बाद तीसरी सबसे बड़ी संस्था

कांग्रेस के शासनकाल में वक्फ बोर्ड को असीमित शक्तियां प्रदान की गयी थीं। वक्फ एक्ट नियमों के मुताबिक एक बार जब कोई जमीन वक्फ के पास चली जाती है, तो उसे पलट नहीं सकते। भारत के वक्फ के पास सबसे ज्यादा संपत्ति है। दुनिया के किसी भी देश में वक्फ बोर्ड के पास इतनी शक्तियां नहीं हैं, जितनी भारत में दी गयी हैं। साल 2022 में देश के तत्कालीन केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने राज्यसभा में एक लिखित जवाब में बताया था कि देश में वक्फ बोर्ड के पास कुल कितनी संपत्ति है। इस जवाब के अनुसार, वक्फ बोर्ड के पास देश में कुल 7 लाख 85 हजार 934 संपत्तियां हैं। वहीं सबसे ज्यादा संपत्ति की बात करें तो यूपी में है। उत्तरप्रदेश में वक्फ बोर्ड के पास कुल 2 लाख 14 हजार 707 संपत्तियां हैं। इन संपत्तियों में से 1 लाख 99 हजार 701 सुन्नी वक्फ बोर्ड के पास हैं और 15006 शिया वक्फ बोर्ड के पास हैं। इसके बाद दूसरे नंबर पर बंगाल है। पश्चिम बंगाल में वक्फ बोर्ड के पास 80 हजार 480 संपत्तियां हैं। कहा गया कि कांग्रेस सरकार में किये गये संशोधनों की वजह से वक्फ बोर्ड हाल के दिनों में भू-माफिया की तरह व्यवहार कर रहा है, जिसमें निजी संपत्ति से लेकर सरकारी भूमि तक और मंदिर की भूमि से लेकर गुरुद्वारों तक की संपत्ति पर कब्जा कर रहा है। मूल रूप से, वक्फ के पास पूरे भारत में लगभग 52,000 संपत्तियां थीं। 2009 तक, 4 लाख एकड़ में फैली 300,000 पंजीकृत वक्फ संपत्तियां थीं। पिछले 15 साल में यह दोगुनी हो गयी हैं। वर्तमान में वक्फ बोर्डों के पास करीब 9 लाख 40 हजार एकड़ में फैली करीब 8 लाख 72 हजार 321 अचल संपत्तियां हैं। चल संपत्ति 16,713 हैं, जिनकी अनुमानित कीमत 1.2 लाख करोड़ रुपये बतायी जा रही है। सोचिये शुरुआत में मूल रूप से पूरे भारत में वक्फ बोर्ड के पास लगभग 52 हजार संपत्तियां थीं। लेकिन आज इसमें अप्रत्याशित इजाफा देखा जा सकता है। जमीन के मामले में वक्फ बोर्ड सेना और रेलवे के बाद तीसरी सबसे बड़ी संस्था है। दिल्ली का कुल एरिया करीब 3.6 लाख एकड़ है, जबकि वक्फ बोर्ड के पास 9 लाख एकड़ से ज्यादा जमीन है।

### कैसे काम करता है वक्फ बोर्ड

वक्फ का मतलब होता है 'अल्लाह के नाम', यानी ऐसी जमीन, जो किसी व्यक्ति या संस्था के नाम नहीं है। आमतौर पर वक्फ की संपत्ति या इससे होनेवाली आमदनी को शैक्षणिक संस्थाओं, कब्रिस्तानों, मस्जिदों में धर्मार्थ और अनाथालयों में खर्च किया जाता है। वक्फ बोर्ड का एक सर्वेयर होता है। वही तय करता है कि कौन सी संपत्ति वक्फ की है, कौन सी नहीं। इस निर्धारण के तीन आधार होते हैं- अगर किसी ने अपनी संपत्ति वक्फ के नाम कर दी, अगर कोई मुसलमान या मुस्लिम संस्था जमीन का लंबे समय से इस्तेमाल कर रहा है या फिर सर्वे में जमीन का वक्फ की संपत्ति होना साबित हुआ। वक्फ बोर्ड मुस्लिम समाज की जमीनों पर नियंत्रण रखने के लिए बनाया गया था। इन जमीनों के बेजा इस्तेमाल को रोकने और गैर-कानूनी तरीकों से बेचने पर रोक के लिए बनाया गया था। वक्फ बोर्ड देशभर में जहां भी कब्रिस्तान की घेरेबंदी करवाता है, उसके आसपास की जमीन को भी अपनी संपत्ति करार दे देता है। इन मजारों और आसपास की जमीनों पर वक्फ बोर्ड का कब्जा हो जाता है। चूंकि 1995 का वक्फ एक्ट कहता है कि अगर वक्फ बोर्ड को लगता है कि कोई जमीन वक्फ की संपत्ति है तो यह साबित करने की जिम्मेदारी उसकी नहीं, बल्कि जमीन के असली मालिक की होती है कि वो बताये कि कैसे उसकी जमीन वक्फ की नहीं है। 1995 का कानून यह जरूर कहता है कि किसी निजी संपत्ति पर वक्फ बोर्ड अपना दावा नहीं कर सकता, लेकिन यह तय कैसे होगा कि संपत्ति निजी है? अगर वक्फ बोर्ड को सिर्फ लगता है कि कोई संपत्ति वक्फ की है, तो उसे कोई दस्तावेज या सबूत पेश नहीं करना है। सारे कागज और सबूत उसे देने हैं, जो अब तक दावेदार रहा है। कौन नहीं जानता है कि कई परिवारों के पास जमीन का पुख्ता कागज नहीं होता है। वक्फ बोर्ड इसी का फायदा उठाता है, क्योंकि उसे कब्जा जमाने के लिए कोई कागज नहीं देना है।




### चाचा नेहरू ने 1954 में बनाया वक्फ एक्ट

आजादी के बाद देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने 1954 में वक्फ एक्ट बनाया, जिसका काम वक्फ का केंद्रीकरण करना था। इसी एक्ट के तहत सरकार ने 1964 में सेंट्रल वक्फ काउंसिल का गठन किया। 1995 में कानूनों में बदलाव किया गया। हर राज्य और केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति दी गयी। वक्फ की प्रॉपर्टी को लेकर किसी मामले में सेंट्रल वक्फ काउंसिल केंद्र को सलाह देती है। किसी विवाद की स्थिति में वक्फ प्रॉपर्टी ट्रिब्यूनल ही फैसला करेगा। एक्ट में दिये गये प्रविधानों के मुताबिक वर्ष 1964 में अल्पसंख्यक मंत्रालय के अधीन केंद्रीय वक्फ परिषद का गठन हुआ। यह वक्फ बोर्डों के कामकाज के मामलों में केंद्र सरकार को सलाह देती है। वर्ष 1995 में वक्फ एक्ट में बदलाव भी किया गया और हर राज्य/केंद्र शासित प्रदेश में वक्फ बोर्ड बनाने की अनुमति दी गयी।

### कांग्रेस की सरकारों ने लगातार बढ़ायी वक्फ बोर्ड की शक्तियां

1995 में बाबरी विध्वंस के बाद पीवी नरसिम्हा राव की कांग्रेस सरकार ने 1955 के बाद, दूसरी बार वक्फ एक्ट 1954 में बदलाव किया। इस बदलाव के बाद इस कानून के तहत वक्फ बोर्ड को काफी ज्यादा शक्तियां मिल गयीं। पीवी नरसिम्हा राव की कांग्रेस सरकार ने वक्फ एक्ट 1954 में संशोधन किया और नये-नये प्रावधान जोड़ कर वक्फ बोर्ड को असीमित शक्तियां दे दीं। अब इस कानून में इतनी ताकत थी कि वक्फ एक्ट 1995 के सेक्शन 3 (आर) के मुताबिक, अगर बोर्ड किसी संपत्ति को मुस्लिम कानून के मुताबिक पाक (पवित्र), मजहबी (धार्मिक) या (चैरिटेबल) परोपकारी मान ले, तो वह संपत्ति वक्फ बोर्ड की हो जायेगी। अगर किसी को इस फैसले से एतराज है, तो वह वक्फ से गुहार लगा सकता है। वक्फ एक्ट 1995 के आर्टिकल 40 के अनुसार यह जमीन किसकी है, यह वक्फ का सर्वेयर और वक्फ बोर्ड ही तय करेगा।

अगर किसी को वक्फ बोर्ड के फैसले से एतराज है तो वो अपनी संपत्ति से जुड़े विवाद को निपटाने के लिए वक्फ ट्रिब्यूनल में जा सकता है। इस कानून की एक खास बात यह भी है कि जमीन या संपत्ति पर आखिरी फैसला वक्फ ट्रिब्यूनल में ही होता है। इस कानून के सेक्शन 85 के मुताबिक वक्फ ट्रिब्यूनल के फैसले को सिविल, राजस्व या अन्य अदालतों में चुनौती नहीं दी जा सकती है। उसके बाद 2013 में कांग्रेस की यूपीए सरकार ने वक्फ बोर्ड के कानून में बदलाव कर उनकी शक्तियों और अधिकारों को और बढ़ाया। इस बार देशभर में वक्फ संपत्तियों की निगरानी करने के लिए जियोग्राफिक इन्फॉर्मेशन सिस्टम मैपिंग की व्यवस्था की गयी, ताकि संपत्तियों का सही और सटीक रिकॉर्ड रखा जा सके। साथ ही यह ध्यान रखा गया कि बोर्ड पर किसी तरह का बाहरी दबाव या हस्तक्षेप नहीं हो।

### वक्फ बोर्ड को मिली हैं ये शक्तियां

अगर आपकी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति बता दी गयी, तो आप उसके खिलाफ कोर्ट नहीं जा सकते। आपको वक्फ बोर्ड से ही गुहार लगानी होगी। वक्फ बोर्ड का फैसला आपके खिलाफ आया, तब भी आप कोर्ट नहीं जा सकते। तब आप वक्फ ट्राइब्यूनल में जा सकते हैं। इस ट्राइब्यूनल में प्रशासनिक अधिकारी होते हैं। उसमें गैर-मुस्लिम भी हो सकते हैं। वक्फ एक्ट का सेक्शन 85 कहता है कि ट्राइब्यूनल के फैसले को हाइकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट में भी चुनौती नहीं दी जा सकती है।

### देश में एक सेंट्रल और 32 स्टेट वक्फ बोर्ड हैं

देश में एक सेंट्रल वक्फ बोर्ड और 32 स्टेट बोर्ड हैं। केंद्रीय अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री सेंट्रल वक्फ बोर्ड का पदेन अध्यक्ष होता है। अब तक की सरकारों में वक्फ बोर्ड में अनुदान दिया जाता रहा है। मोदी सरकार में भी वक्फ को लेकर उदारता दिखायी गयी। सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने नियम बनाया कि अगर वक्फ की जमीन पर स्कूल, अस्पताल आदि बनते हैं तो पूरा खर्च सरकार का होगा। यह तब हुआ, जब मुख्तार अब्बास नकवी अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री थे।

### वक्फ बोर्ड में कौन होता है शामिल?

बात करें वक्फ बोर्ड के सदस्यों की तो इसमें शीर्ष पर सारे मुस्लिम अधिकारी होते हैं। जैसे एक अध्यक्ष, राज्य सरकार की ओर से एक या दो नामित व्यक्ति, मुस्लिम विधायक, मुस्लिम एमपी, मुस्लिम वकील, मुस्लिम आइएएस, इस्लामी स्कॉलर, टाउन प्लॉनर और इनके अलावा एक लोकल लेवल पर मुतवल्ली भी होता है।

### जब संविधान में ही वक्फ शब्द नहीं था, तो ये वक्फ एक्ट बना कैसे

वक्फ के नाम पर वक्फ बोर्ड में जोड़ी गयी इतनी सम्पत्तियों पर पिछले दिनों बहुत सवाल उठे। उत्तरप्रदेश में तो वक्फ बोर्ड की संपत्तियों को जांचने के लिए राज्य सरकार ने आदेश भी दे दिया है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट में कुछ साल पहले वक्फ बोर्ड को अंसवैधानिक करार देने के लिए एक याचिका डाली गयी थी। हालांकि उस वक्त कोर्ट ने याचिका यह कह कर खारिज कर दी कि इस मामले में याचिकाकर्ता व्यक्तिगत रूप से प्रभावित नहीं हुए। याचिका डालने वाले अश्विनी उपाध्याय इसकी संवैधानिक मान्यताओं पर सवाल खड़ा करते हुए कहते हैं, वक्फ के नाम से भारतीय संविधान में एक शब्द नहीं है। सरकार ने 1995 में वक्फ एक्ट बनाया और ये सिर्फ मुस्लिमों के लिए बना दिया। उन्होंने पूछा कि जब संविधान में ही ऐसा शब्द नहीं था तो ये वक्फ एक्ट बना कैसे। इसमें मुस्लिम विधायक, एमपी, वकील, आइएएस, स्कॉलर और टाउन प्लॉनर और एक मुतवल्ली होता है। मगर जो इसका पूरा खर्चा होता है वो पूरा का पूरा जनता के टैक्स से दिया जाता है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार मस्जिद, मजारों से पैसे ही नहीं लेती और वक्फ पर उसके सदस्यों के वेतन में पैसे खर्च करेगी, तो ये आर्टिकल 27 का उल्लंघन नहीं हुआ क्या?

### 1500 साल पुराने हिंदू मंदिर पर मालिकाना हक जताया, वक्फ बोर्ड के दुरूपयोग के कई उदाहरण हैं

आज देश में 30 वक्फ बोर्ड हैं, जिन्होंने अब तक संपत्तियों और मंदिर की जमीनों का उल्लंघन किया है। तमिलनाडु में वक्फ बोर्ड ने हाल ही में एक पूरे गांव पर स्वामित्व का दावा किया है, जिससे गांव वाले हैरान हैं। तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने तिरुचि जिले के तिरुचेंथुरई गांव में 1,500 साल पुराने मानेदियावल्ली चंद्रशेखर स्वामी मंदिर की जमीन पर मालिकाना हक जताया है। गांव में और उसके आसपास मंदिर की 369 एकड़ संपत्ति है। वक्फ बोर्ड के इस दावे की जानकारी उस वक्त सामने आयी, जब एक स्थानीय किसान ने अपनी खेती की जमीन बेचने की कोशिश की। राजगोपाल नामक किसान ने जब गांव के ही एक दूसरे किसान को अपनी 1.2 एकड़ खेती की जमीन बेचनी चाही, तो रजिस्ट्रार दफ्तर द्वारा उसे बताया गया कि यह जमीन उसकी नहीं, बल्कि तमिलनाडु वक्फ बोर्ड की है। राजगोपाल ने मीडिया से कहा कि रजिस्ट्रार ने उसे बताया कि जमीन उसकी नहीं है, तमिलनाडु वक्फ बोर्ड की है और उसे चेन्नई स्थित वक्फ बोर्ड के कार्यालय से एनओसी लेनी होगी। राजगोपाल ने रजिस्ट्रार से कहा कि उसने 1992 में यह जमीन खरीदी थी और उसे वक्फ बोर्ड से एनओसी लेने की क्यों जरूरत है। राजगोपाल के अनुसार रजिस्ट्रार ने उनसे कहा कि तमिलनाडु वक्फ बोर्ड ने दस्तावेज विभाग को 250 पेज का एक पत्र भेजा है और कहा है कि तिरुचेंथुरई गांव में किसी भी जमीन की खरीद-बिक्री उसकी एनओसी के साथ किया जायेगा। गांव के लोगों को जब यह बात पता चली तो वे स्तब्ध रह गये, क्योंकि गांव में हर पुरुष या महिला के नाम पर जमीन है। वहीं कर्नाटक माइनॉरिटी कमीशन की रिपोर्ट में 2012 में कहा गया कि वक्फ बोर्ड ने 29 हजार एकड़ जमीन को कमर्शियल प्रॉपर्टी में कन्वर्ट कर दिया। हरियाणा के यमुनानगर जिले के जठलाना गांव में वक्फ की ताकत तब देखने को मिली, जब गुरुद्वारा (सिख मंदिर) वाली जमीन को वक्फ को हस्तांतरित कर दिया गया। इस जमीन पर किसी मुस्लिम बस्ती या मस्जिद के होने का कोई इतिहास नहीं है। नवंबर 2021 में मुगलीसरा में सूरत नगर निगम मुख्यालय को वक्फ संपत्ति घोषित किया गया था। तर्क यह दिया गया था कि शाहजहां के शासनकाल के दौरान, संपत्ति को सम्राट ने अपनी बेटी को वक्फ संपत्ति के रूप में दान कर दिया था। और इसलिए, आज लगभग 400 साल बाद भी इस दावे को उचित ठहराया जा सकता है। 2018 में सुन्नी वक्फ बोर्ड ने सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष कहा कि ताजमहल का स्वामित्व सर्वशक्तिमान के पास है। और व्यावहारिक उद्देश्यों के लिए इसे सुन्नी वक्फ बोर्ड की संपत्ति के रूप में सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट द्वारा शाहजहां से हस्ताक्षरित दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए कहे जाने पर, इस निकाय ने दावा किया कि स्मारक सर्वशक्तिमान का है, और उनके पास कोई हस्ताक्षरित दस्तावेज नहीं है, लेकिन उन्हें संपत्ति का अधिकार दिया जाना चाहिए।

### लोकतांत्रिक देश में वक्फ के मायने

सुप्रीम कोर्ट में भले ही वकील अश्विनी उपाध्याय की याचिका खारिज कर दी गयी, लेकिन उठाये सवाल गलत नहीं थे। भारत जैसे लोकतांत्रित देश में मजहबी आधार पर ऐसे बोर्ड और कानून बनाना कहां तक उचित है। अभी बीते एक साल पहले ही खबर आयी थी कि एक पूरे गांव पर वक्फ बोर्ड ने अपना अधिकार बता दिया है, जबकि लोग उस पर सालों से रह रहे हैं और जमीन पर मंदिर भी है। यह पहली बार नहीं हुआ है, जब वक्फ बोर्ड ने इस तरह का दावा किया है। कई बार वक्फ बोर्ड ने ऐसे दावे किये हैं और जगह को अपना बताया है। बस फिर क्या अगर आपकी संपत्ति को वक्फ की संपत्ति बता दी गयी तो आप उसके खिलाफ कोर्ट नहीं जा सकते। साबित करते रहिये वक्फ ट्राइब्यूनल में। ये भेदभाव नहीं तो क्या है। जरा सोचिये किसी अन्य धर्म की संपत्ति से जुड़े मामलों पर सिविल कोर्ट सुनवाई कर लेता है, जबकि किसी वक्फ की संपत्ति का विवाद हो, तो वे केवल ट्रिब्यूनल कोर्ट में सुना जाता है। यानी अगर वक्फ कभी कहता है कि किसी गैर इस्लामी शख्स की जमीन भी उसके हिस्से में आती है तो उस व्यक्ति को ट्रिब्यूनल कोर्ट जाकर शिकायत करनी पड़ती है और देश में इन कोर्टों की संख्या मात्र 14 है। वहीं अगर यही विवाद किसी अन्य धर्म के व्यक्ति से जुड़ा है तो बड़े आराम से मामला सिविल कोर्ट में सुना जाता है। आपको जान कर हैरानी होगी कि वक्फ का कॉन्सेप्ट इस्लामी देशों तक में नहीं है। फिर वो चाहे तुर्की, लिबिया, सीरिया या इराक हो। लेकिन भारत में मुस्लिम तुष्टीकरण के चलते आज हालात ऐसे हैं कि इन्हें देश में तीसरा सबसे बड़ा जमींदार बताया जा रहा है, जिसके पास अकूत संपत्ति है।

www.epaper.azadsipahi.in

09 अगस्त, 2024
श्रावण, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 09, अंक 290

बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन




# विश्व आदिवासी दिवस आज, तैयारियां पूरी

### शिबू होंगे मुख्य अतिथि, हेमंत करेंगे अध्यक्षता

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान में 9 अगस्त से आयोजित होनेवाले दो दिवसीय झारखंड आदिवासी महोत्सव-2024 की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। इस बार महोत्सव झारखंड के लोगों के लिए ही नहीं, पूरे देश के लिए अनोखा रहेगा। 32 आदिवासी समुदायों द्वारा धुमकुड़िया भवन करम टोली चौक से बिरसा मुंडा स्मृति उद्यान जेल चौक तक रीझ-रंग शोभा यात्रा निकाली जायेगी। महोत्सव के मुख्य अतिथि के रूप में राज्य समन्वय समिति सह सांसद राज्यसभा शिबू सोरेन मेले में प्रदर्शनी शिविर, आदिवासी चित्रकार शिविर और आदिवासी व्यंजन का उद्घाटन करेंगे।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रम में मिजोरम, ओडिशा , उत्तरप्रदेश, महाराष्ट्र, त्रिपुरा, छत्तीसगढ़ आदि अन्य राज्यों से कलाकार पारंपरिक आदिवासी नृत्य की अपनी मनमोहक प्रस्तुति देंगे। मेले में अखड़ा दर्शन, 8 जनजातियों का गीत नृत्य,पद्मश्री मुकुंद नायक के द्वारा नागपुरी गीत नृत्य, जननी झूमर,वर्षा लकड़ा और उनके समूह द्वारा भगवान बिरसा मुंडा की ऐतिहासिक गाथा का कथात्मक संगीतमय नृत्य नाटिका, संथाली बैंड (आधुनिक संथाली गायन वादन गायिका शेरोन मरांडी) द्वारा प्रस्तुति, झारखंड झरोखा लोक कला वाद्य यंत्र एवं परिधान की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं परिवर्तन संस्था के आदिवासी दिव्यांगों बच्चों द्वारा ट्राईबल कल्चर इन फ्रेगमैन स्टाइलिश इन परिधान दर्शन एवं आश्रम विद्यालय के छात्र और छात्राओं के द्वारा चारित्रिक गुणों पर आधारित एक नाटक की प्रस्तुति दी जायेगी।

साथ ही मेले में इस बार 12 पुस्तकों का लोकार्पण और वन अधिकार पट्टा का वितरण भी किया जायेगा। समारोह स्थल पर आकर्षक मंच बन कर तैयार हो गया है। मंच के पीछे झारखंड में आदिवासी जीवन के ग्रामीण दर्शन को दर्शाया गया है। झारखंड और अन्य राज्यों से आये चित्रकार, चित्रकला के माध्यम से झारखंड की आदिवासी संस्कृति और सभ्यता को कैनवास पर उकेर रहे हैं।

# हॉकी टीम ने कांस्य दिलाया, स्पेन को 2-1 से हराया

### पेरिस ओलिंपिक में भारत को चौथा मेडल

### कप्तान हरमनप्रीत ने दागे दो गोल

एजेंसी

**पेरिस।** भारत ने पेरिस ओलिंपिक में चौथा मेडल जीत लिया है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने स्पेन को 2-1 से हराकर कांस्य पदक जीता। भारत के लिए कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किये। उन्होंने भारत को स्पेन के खिलाफ बढ़त दिलायी, जो अंत में निर्णायक साबित हुई। भारत ने टोक्यो ओलंपिक में भी कांस्य पदक जीता था और अब लगातार दूसरी बार टीम पोडियम फिनिश करने में सफल रही है। भारत के अनुभवी गोलकीपर पीआर श्रीजेश का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मुकाबला था और टीम ने इस दिग्गज खिलाड़ी को शानदार विदाई दी है। भारत की दीवार कहे जाने वाले श्रीजेश टोक्यो और पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हैं। भारत ने इस तरह ओलंपिक में हॉकी स्पर्धा में अपना 13वां पदक जीता। मैच के 30वें मिनट पर मिले पेनल्टी कॉर्नर पर भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल दागा। इस गोल के बाद हाफ टाइम तक स्कोर 1-1 रहा। मैच के 33वें मिनट में हार्दिक सिंह ने वीडियो रेफ्ररल मांगा। इस पर रेफरी ने भारत को पेनल्टी दी। इसका फायदा उठाकर कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल दागा। यह उनका टूनार्मेंट में 10वां गोल था। इसके बाद भारत ने स्पेन को कोई मौका नहीं दिया और मैच को जीत लिया।




FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

## न्यूज रील्स

### कुश्ती जीत गयी, मैं हार गयी: विनेश

पेरिस। भारतीय रेसलर विनेश फोगाट ने कुश्ती से संन्यास का एलान कर दिया है। उन्होंने गुरुवार सुबह सोशल मीडिया पर लिखा कि मां कुश्ती मेरे से जीत गयी, मैं हार गयी। माफ करना आपका सपना, मेरी हिम्मत सब टूट चुके। इससे ज्यादा ताकत नहीं रही अब। अलविदा कुश्ती 2001-2024, आप सबकी हमेशा ऋणी रहूंगी, माफी। गौरतलब है कि 7 अगस्त को विनेश का वजन उनकी तय कैटेगरी 50 किग्रा से 100 ग्राम ज्यादा निकला। इसके बाद ओलिंपिक एसोसिएशन ने उन्हें फ्रीस्टाइल महिला कुश्ती के लिए अयोग्य घोषित कर दिया था। उधर, हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने घोषणा की है कि राज्य सरकार विनेश को ओलिंपिक सिल्वर मेडल जीतने वाले खिलाड़ी की तरह ही सम्मान-इनाम देगी।

## वक्फ बोर्ड कानून में होगा संशोधन, विधेयक पेश

# जेपीसी को भेजा गया बिल

- विपक्ष ने किया विरोध
- विचार के लिए भेजा गया जेपीसी के पास
- मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2024 भी सदन में पेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने गुरुवार को वक्फ संशोधन विधेयक पेश किया। विपक्षी दलों द्वारा इस विधेयक में मौजूद प्रावधानों का विरोध करने के बाद इसे विचार के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेज दिया गया। इसके अलावा संसदीय कार्य मंत्री ने मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक 2024 को भी सदन में पेश किया। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि जब से वर्ष 1995 के वक्फ अधिनियम को लागू किया गया है, तब से मुसलमान वक्फ अधिनियम 1923 के निरसन की आवश्यकता पड़ी।

**केंद्रीय गृह मंत्री ने विपक्ष पर साधा निशाना :** अमित शाह ने विपक्ष पर मुसलमानों को भ्रमित करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मौजूदा विधेयक में संशोधन की आवश्यकता इसलिए पड़ी, क्योंकि इसमें बहुत सारी गलतियां हैं। वक्फ संशोधन विधेयक का उद्देश्य वक्फ अधिनियम 1995 का नाम बदलना भी है। बताया गया है कि वक्फ अधिनियम 1995 का नाम बदल कर एकीकृत वक्फ प्रबंधन, सशक्तिकरण, दक्षता और विकास अधिनियम, 1995 रखा जायेगा। सदन में इस विधेयक को पेश करने से पहले, मंगलवार की रात इसे सभी लोकसभा सांसदों के साथ साझा किया गया।



### विपक्ष ने कहा, यह संविधान पर हमला है

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सदन में जैसे ही विधेयक पेश किया, तो विपक्ष के सासंदों ने हंगामा खड़ा करना शुरू कर दिया। इस बिल का कांग्रेस, सपा, एनसीपी (शरद पवार), एआइएमआइएम, टीएमसी, सीपीआइ (एम), आइयूएमएल, डीएमके, आरएसपी आदि दलों ने विरोध किया। विपक्ष ने एक सुर में सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह संविधान पर हमला है। इसके जवाब में रिजिजू ने कहा कि वक्फ विधेयक में किसी भी धार्मिक समुदाय की आजादी में हस्तक्षेप नहीं किया जायेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि मसौदा कानून में कानून के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन नहीं किया गया है। वक्फ अधिनियम, 1995 में संशोधन बिल पास होने के बाद वक्फ बोर्ड किसी भी संपत्ति को अपना नहीं बता सकेगा। अभी वक्फ के पास किसी भी जमीन को अपनी संपत्ति घोषित करने की शक्ति है। जमीन पर दावे से पहले उसका वेरिफिकेशन करना होगा। इससे बोर्ड की मनमानी पर रोक लगेगी।

### किसने क्या कहा

हम हिंदू हैं, लेकिन साथ ही हम दूसरे धर्मों की आस्था का भी सम्मान करते हैं। यह बिल महाराष्ट्र, हरियाणा चुनावों के लिए खास है। आप यह नहीं समझते कि पिछली बार भारत की जनता ने आपको साफ तौर पर सबक सिखाया था। यह संघीय व्यवस्था पर हमला है। -केसी वेणुगोपाल राव, कांग्रेस सांसद

इस बिल को लाकर आप (केंद्र सरकार) देश को जोड़ने का नहीं, बल्कि बांटने का काम कर रहे हैं। यह विधेयक इस बात का सबूत है कि आप मुसलमानों के दुश्मन हैं। - असदुद्दीन ओवैसी, एआइएमआइएम सांसद

यह बिल सोची समझी राजनीति के तहत पेश हो रहा है। वक्फ में गैर मुस्लिम को शामिल करने का औचित्य नहीं है। अगर आप जिलाधिकारी को ताकत दे देंगे तो गड़बड़ी होगी। भाजपा हताश, निराश और चंद कट्टर समर्थकों के तुष्टीकरण के लिए यह बिल ला रही है। - अखिलेश यादव, सपा सांसद

इस बिल को मुसलमान विरोधी बताने की कोशिश की जा रही है। यह बिल मुस्लिम विरोधी नहीं है। यह बिल मस्जिदों पर लागू करने के लिए नहीं है। एक निरंकुश संस्था को कानून में बांधने के लिए लाया जा रहा है। - ललन सिंह, जेडीयू सांसद

विपक्ष हमेशा विरोध करता है, यही उनका काम है। वे अच्छी चीजों को भी बुरा बताते हैं। पीएम कई अच्छी योजनाएं लाये हैं, लेकिन वे कहते हैं कि ये सभी चीजें गलत हैं। - हेमा मालिनी, भाजपा सांसद

यह बिल मुस्लिमों और महिलाओं के हित में है। इसे वक्फ बोर्ड में पारदर्शिता के लिए लाया गया है। - जीएम हरिश बालयोगी, टीडीपी सांसद

## मुख्यमंत्री ने शहीद निर्मल महतो को दी श्रद्धांजलि

# योजनाओं से जुड़ें, दूसरों को भी प्रेरित करें : हेमंत

### झारखंड अलग राज्य के आंदोलन में शहीद निर्मल दा के योगदान और बलिदान को कभी भूल नहीं सकते

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि अमर शहीद निर्मल दा, एक ऐसी शख्सियत थे, जो झारखंड अलग राज्य आंदोलन के एक अहम स्तंभ रहे। अलग राज्य के लंबे समय तक चले संघर्ष में उनका योगदान कभी भूल नहीं सकते हैं। आज उनका बलिदान दिवस है। इस अवसर पर सभी अमर वीर शहीदों को शत-शत नमन। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को अमर वीर शहीद निर्मल महतो जी के 37वें बलिदान दिवस पर उलियान, जमशेदपुर स्थित उनके समाधि स्थल पर आयोजित कार्यक्रम में उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने राज्यवासियों के हित में कई ऐतिहासिक और निर्णायक कदम उठाये हैं। सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना लागू कर उनके बुढ़ापे की लाठी प्रदान की है। वहीं बुढ़ापे में कोई पेंशन से वंचित न रहे, इसके लिए सर्वजन पेंशन योजना शुरू की है। ऐसे ही अनेकों योजनाएं हैं, जिसका सीधा फायदा इस राज्य के आदिवासी, दलित, गरीब, मजदूर किसान, महिला और नौजवानों समेत हर वर्ग और तबके को हो रहा है। उन्होंने कहा कि लोग अपनी जरूरत की योजनाओं से जुड़ें। जिन्हें इन योजनाओं की जानकारी नहीं है, उन्हें इसकी जानकारी देकर जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

**नौजवानों को बड़े पैमाने पर मिल रहा रोजगार:** हेमंत ने कहा कि राज्य के नौजवानों को सरकारी और निजी क्षेत्र में रोजगार देने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि पिछले 20 वर्षों में यहां ना तो नियुक्ति नियमावली ही बनी और ना ही नियुक्तियों को लेकर कोई ठोस प्रयास किये गये। हमारी सरकार नियुक्ति नियमावली बना कर सरकारी विभागों में खाली पड़े पदों पर बड़े पैमाने पर नियुक्तियां कर रही हैं।

**गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध :** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार बच्चों को गुणवत्तायुक्त शिक्षा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसके लिए सरकार ने कई योजनाओं को शुरू किया है।

**कार्यक्रम में थे मौजूद:**कार्यक्रम में मंत्री चंपाई सोरेन और बन्ना गुप्ता, विधायक रामदास सोरेन, सविता महतो, संजीव सरदार, समीर मोहंती और मंगल कालिंदी के समेत अन्य लोग मौजूद थे।



### महिलाओं के सशक्तीकरण के लिए सरकार संकल्पित

मुख्यमंत्री ने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध है महिलाओं को स्वावलंबी बनाने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। महिलाएं आगे बढ़ें, इसके लिए कई योजनाएं हैं। इसी कड़ी में झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत हो रही है। इस योजना के अंतर्गत 21 से 50 वर्ष तक की महिलाओं को हर वर्ष 12 हजार रुपये सम्मान राशि दी जायेगी। राज्य की ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को इसका लाभ मिले, इसके लिए इसके आवेदन की प्रक्रिया को काफी सरल रखा गया है। महिलाएं आगे आयें और इस योजना से जुड़ कर अपनी प्रगति का एक नया रास्ता बनायें।

# जब घुसपैठिये देश में घुस जायेंगे, तब आप जागेंगे: हाइकोर्ट

### केंद्र सरकार को लगायी फटकार, कहा, यह देश की सुरक्षा का सवाल है

### जो आकर यहां बस गये हैं, उन्हें वापस भेजने की पहल कीजिए

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हाइकोर्ट ने केंद्र सरकार द्वारा शपथ पत्र दाखिल नहीं किये जाने पर कड़ी टिप्पणी की। साथ ही छह जिलों के डीसी द्वारा शपथ पत्र दाखिल नहीं करने पर भी नाराजगी व्यक्त की। कोर्ट ने केंद्र से मौखिक कहा कि देश में घुसपैठ करनेवालों के घुस जाने के बाद क्या केंद्र सरकार कार्रवाई करेगी। अभी बांग्लादेश में उथल-पुथल की स्थिति है, वहां राजनीतिक अस्थिरता है। ऐसे में भारत में बांग्लादेशी घुसपैठियों को रोकने के लिए बॉर्डर में बीएसएफ को कड़ी निगरानी करनी पड़ेगी। कोर्ट ने कहा कि जरूरत पड़ने पर केंद्रीय गृह सचिव से भी जवाब मांगा जा सकता है और उन्हें कोर्ट में बुलाया जा सकता है। यह देश की सुरक्षा का सवाल है, जो आ रहे है, उनको रोकिये और जो यहां आकर बसे हैं उनकी पहचान कर उन्हें वापस भेजने की पहल करें।

कोर्ट को बताया गया कि संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिये फर्जी ढंग से आधार कार्ड और वोटर कार्ड बना ले रहे हैं और आदिवासी लड़कियों से शादी कर उनकी जमीन पर कब्जा कर ले रहे हैं। इस पर कोर्ट ने राज्य सरकार से मौखिक कहा कि सरकार को संताल परगना जैसे इलाकों में औचक निरीक्षण कर लोगों के आधार कार्ड और वोटर कार्ड का सत्यापन करना चाहिए, ताकि घुसपैठियों की पहचान हो सके। कोर्ट ने मौखिक कहा कि झारखंड में घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें तुरंत निकालना जरूरी है अन्यथा और घुसपैठिये झारखंड आते रहेंगे। राज्य सरकार को झारखंड के सीमावर्ती इलाकों में पुलिस फोर्स को मजबूत कर घुसपैठियों को रोकना होगा। कोर्ट ने मौखिक कहा कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार दोनों को देश और राज्य में घुसपैठ पर मिल कर काम करना होगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 22 अगस्त निर्धारित की है। दरअसल, बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई के संबंध में हाइकोर्ट ने पूर्व की सुनवाई में संताल परगना के छह जिलों के डीसी को शपथ पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया था। साथ ही कहा था कि संबंधित जिलों के एसपी डाटा उपलब्ध कराने में उपायुक्तों को फीडबैक देंगे। वहीं मुख्य सचिव सबकी मॉनिटरिंग करेंगे, लेकिन शपथ पत्र डीसी के बजाय कनीय अधिकारियों की ओर से दाखिल किया गया था। इस पर कोर्ट ने शपथ पत्र को स्वीकार नहीं किया था। गुरुवार को संतालपरगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां जनसंख्या की स्थिति में कुप्रभाव को लेकर दानियल दानिश की जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाइकोर्ट में हुई।




### आइबी निदेशक और बीएसएफ के डीजीपी को प्रतिवादी बनाया

कोर्ट ने भारत सरकार के इंटेलिजेंस ब्यूरो के डायरेक्टर, बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के डायरेक्टर जनरल, चीफ इलेक्शन कमीशन ऑफ इंडिया और डायरेक्टर जनरल यूनिक आइडेंटिफिकेशन ऑथोरिटी ऑफ इंडिया को प्रतिवादी बनाया है। उन्हें नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने इंटेलिजेंस ब्यूरो से सीलबंद रिपोर्ट मांगी है। छह जिलों के उपायुक्त द्वारा जवाब दाखिल नहीं किये जाने पर कोर्ट ने राज्य सरकार पर नाराजगी जतायी। कोर्ट ने मौखिक कहा कि जब संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठिये के आने की बात हो रही है, ऐसे संवेदनशील मुद्दे पर अब तक जवाब क्यों नहीं आया है।

### क्या है याचिका में

प्रार्थी ने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज में झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या पर कुप्रभाव पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसा स्थापित किया जा रहा है। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाया जा रहा है। प्रार्थी ने मांग की है कि इस मामले में भारत सरकार का गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताये कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिये झारखंड आ रहे हैं और उनके द्वारा झारखंड में कैसे लोगों को गुमराह कर वैवाहिक संबंध स्थापित किया जा रहा है।

# गढ़वा डीसी ने सेल को जमीन वापस करने का दिया निर्देश

### भवनाथपुर में 228.46 हेक्टेयर जमीन के लिए भेजा नोटिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा डीसी शेखर जमुआर ने गुरुवार को सेल/आरएमडी, भवनाथपुर खदान समूह के महाप्रबंधक को बकाया राशि का भुगतान करने और बाद में जमीन सरकार को वापस करने के लिए नोटिस जारी किया है। उन्हें इसके लिए एक महीने का समय दिया गया है। डीसी ने सेल के जीएम को सरकार को नियमों के तहत देय किराया, दर और रॉयल्टी का भुगतान करने का भी निर्देश दिया है।

जीएम, सेल को मौजा गोरेगांव में 228.46 हेक्टेयर भूमि से किसी भी अयस्क, खनिज उत्खनन, इंजन मशीनरी, संयंत्र, भवन संरचना, ट्रामवे, रेलवे, निर्माण आदि को हटाने के लिए भी कहा गया है। नोटिस में यह भी कहा गया है कि यदि सेल उत्खनित खनिजों को हटाने में विफल रहता है तो राज्य सरकार

डीसी शेखर जमुआर ने कहा कि सेल को 1972 में 228.46 हेक्टेयर भूमि पट्टे पर दी गयी थी। इसकी विस्तारित लीज 22.10.22 को समाप्त हो गयी। सेल ने पट्टा सरकार को सौंप दिया है। उन्होंने बताया कि अब, खनिज रियायत नियमों के तहत, सेल को राज्य सरकार को 30.42 करोड़ रुपये का बकाया भुगतान करने और मशीनरी, संयंत्र और अन्य चीजों जैसी अंतर्निहित चीजों के साथ या उसके बिना सरकार को जमीन वापस करने के लिए कहा गया है।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in
04


## सभी पंचायत भवन में लगा मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का शिविर



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड के सभी पंचायत भवन में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए शिविर का आयोजन किया गया जहां पर 21-49 साल की महिलाओं का हुजुम उमड पड़ा। शिविर का उद्घाटन प्रमुख संतोष मंडल, उपप्रमुख संतोष मंडल बीस सूत्री अध्यक्ष रवि सिंह, शिबु प्रसाद सोनी, बीडीओ रश्मि खुशबू मिंज समेत सभी पंचायत भवन में मुखिया कुमारी माधुरी, स्वास्तिका कुमारी, सुरेश यादव, रेखा देवी, ममता कुमारी, कांती देवि, सुमित्र देवी के साथ नियुक्त प्रभारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। सभी ने लोगों को इसका ज्यादा लाभ लेने का आग्रह किया। इस योजना से 21-49 वर्ष के माता एवं बहनों को प्रतिमाह एक हजार मिलेगा ताकि महिलाएं आत्मनिर्भर बने। सभी पंचायत भवन योजना का लाभ लेने के लिए सुबह से ही लोगों का हुजुम उमड़ पड़ा था। वहीं सभी पंचायत भवन में प्रज्ञा केंद्र संचालक, प्रखंड से नियुक्त कर्मी,आंगनबाडी सेविका एवं संबधित पंचायत सेवक उपस्थित थे। समाचार लिखे जाने तक प्रखंड में सर्वर डाउन के कारण एक भी फार्म ऑनलाइन नहीं हो पाया था।

## स्वतंत्रता सेनानी परिवार के लिए सम्मान समारोह का आयोजन आज



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** शहर के स्थानीय नवाबगंज स्थित आर्ष कन्या गुरुकुल में स्वतंत्रता सेनानी परिवार सम्मान समारोह का आयोजन स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के द्वारा आज किया जायेगा। कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए मंच के अध्यक्ष बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि भारत छोड़ो आंदोलन 9 अगस्त को क्रांति दिवस एवं स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी परिवार सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसमें मुख्य अतिथि हजारीबाग उपायुक्त नैंसी सहाय होंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर्ष कन्या गुरुकुल के निदेशक आचार्य कौटिल्य, मुख्य प्रवक्ता विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ बंशीधर रूखियार, राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित डॉ देवशरण दांगी, सेवानिवृत आईटीआई प्रशिक्षक ज्ञानचंद मेहता, लेखक सह प्रोफेसर डॉ विजय संदेश, लायंस क्लब के अध्यक्षा सुधा वर्मा उपस्थित रहेंगी। वहीं विशेष प्रस्तुति आर्ष कन्या गुरुकुल की छात्र छात्राओं के द्वारा किया जायेगा। वहीं मंच संचालन संजय तिवारी के द्वारा किया जायेगा। इसमें 50 से अधिक की संख्या में स्वतंत्रता सेनानी के परिवारों को सम्मानित किया जायेगा।

## मंईयां सम्मान योजना का लाभ लें लाभुक



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के पचड़ा पंचायत के मुखिया व जिला मुखिया संघ के महासचिव महेश प्रसाद साव ने राज्य सरकार की महत्वकांक्षी मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर लाभुकों से इसका लाभ लेने की अपील किया है। आगे कहा की राज्य सरकार की यह योजना महिलाओं के सम्मान के लिए लागू की गयी है। लाभुक इस योजना का लाभ लेने के लिए अब ऑफलाइन भी आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन में आ रही तकनिकी समस्या को देखते हुए ही ऑफलाइन आवेदन हेतु मुख्यमंत्री ने चिट्ठी भी निकाली है। सही तरीके से फॉर्म भरकर पंचायत भवन में लगे शिविर में जमा करें या प्रज्ञा केंद्र में या सीधे मुखिया के पास भी जमा कर इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

## कोनार होटल में कांग्रेस पार्टी की बैठक



**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनासो स्थित कोनार होटल में कांग्रेस कमिटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित मांडू के पूर्व विधायक जय प्रकाश भाई पटेल उपस्थित थे। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव में लग जाय आम जनों के बीच विकास कार्यों को लेकर जाये मांडू विधानसभा क्षेत्र के हर गावो में विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत करने की बात भी कही। कार्यकर्ता पंचायत कमिटी,बूथ कमिटी को मजबूत बनाये। युवाओं को टोली गांव गांव में घुम घुमकर संगठन मजबूत करें व किये गये विकास कार्यो को आम जनता के बीच पहुंचायें। विधानसभा चुनाव में जीत सुनिश्चित करने को लेकर अभी से लग जाय। मौके पर प्रखण्ड कांग्रेस अध्यक्ष अब्बास अंसारी, सुरेंद्र मिश्र, बंटी मिश्र, प्रयाग पासवान, शेख कल्लू, बंधन यादव, संतोष पासवान, चंद्रमोहन रविदास, श्री कांत पांडेय, प्रमोद पांडेय, मजबूल अंसारी, जाकिर हुसैन, लखन महतो, रियाज खां, कोशर अली, उगन अंसारी, शेख शफीक, शेख अब्दुल अजीज, इमरान खां समेत बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## आनंद देव बनाये गये भाजपा जिला उपाध्यक्ष



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** भाजपा प्रदेश कमिटी ने हजारीबाग में नई कमिटी का विस्तार किया है, जिसमें हजारीबाग नगर निगम के पूर्व डिप्टी मेयर आनंद देव को जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया है। आनंद देव हालिया लोकसभा चुनाव में विधानसभा के सह संयोजक पद पर थे साथ ही पार्टी के सांगठनिक कार्यो और विस्तार के लिए लगातार लगे हुए थे। इनके कार्यो को देखते हुए पार्टी ने उन्हें जिला उपाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया है। आनंद देव ने बताया कि पार्टी ने मुझे जो दायित्व सौंपा है उसपर मैं खरा उतरने का प्रयास करूंगा। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी और जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह का आभार जताया है। इनकी नियुक्ति पर हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल, पूर्व विधायक मनोज यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भैया अभिमन्यु प्रसाद, हरीश श्रीवास्तव, बटेश्वर मेहता समेत कई लोगों ने बधाई दी है।

## कर्मचारी साव बने प्रखंड अध्यक्ष और कुणाल किशोर बने जिला मंत्री



**केरेडारी (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी के केरेडारी प्रखण्ड अध्यक्ष कर्मचारी को एक बार फिर से भाजपा का मंडल अध्यक्ष बनाया गया है व युवा नेता कुणाल किशोर दुबे को जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने हजारीबाग जिला कमिटी का विस्तार किया व इनके मनोनयन से संबंधित पत्र जारी किया है। दूसरी बार प्रखण्ड अध्यक्ष बनाये जाने पर कर्मचारी साव ने कहा की जिला नेतृत्व के द्वारा जो भरोषा जताया गया है उस पर मैं पूरी तरह से खरा उतरने का प्रयास करूंगा। वहीं जिला मंत्री के रूप में मनोनीत होने के बाद युवा नेता कुणाल किशोर दुबे ने कहा की मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्त्ता को इतनी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी दी गयी है इसके लिए मैं जिला नेतृत्व का आभार व्यक्त करता हूं।

# मंत्रिपरिषद के फैसले से किसानों के चेहरे खिले

## कृषि विभाग की तीन योजनाएं स्वीकृत, फसल सुरक्षा भी

### किसानों की समृद्धि के लिए सरकार कर रही काम : दीपिका पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य में किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कृषि विभाग विभिन्न स्तर पर काम कर रहा है। 7 अगस्त को मंत्रिमंडल परिषद की बैठक में कृषि विभाग के किसान हित से जुड़े तीन प्रस्तावों के पारित होने के बाद कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने ये बातें कहीं। कहा कि राज्य के किसानों को राहत देने के लिए जहां ऋण माफी योजना की राशि को 50 हजार से बढ़कर 2 लाख रुपये तक किया गया है। वहीं फसल सुरक्षा योजना में 30 करोड़ और बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 50 लाख की राशि का बजट में प्रावधान किया गया है और 750 करोड़ रुपये का प्रस्ताव है।

**बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना :** यह योजना वित्तीय वर्ष 2024-25 से राज्य में पुनः कार्यान्वित किया जायेगा। इस योजना का लाभ राज्य के किसानों को आकस्मिक परिस्थिति में फसल के बर्बाद होने पर वित्तीय सहायता के रूप में दिया जायेगा। इस योजना के कार्यान्वयन के लिए 50 करोड़ का बजटीय उपबंध प्राप्त है, जिसे अनुपूरक बजट में 250 करोड़ का अतिरिक्त उपबंद प्रस्तावित है।

### कैबिनेट की बैठक में कृषि विभाग के पारित प्रस्ताव

झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना राज्य सरकार की एक अत्यंत महत्वाकांक्षी किसान कल्याणकारी योजना है, जिसका संचालन वित्तीय वर्ष 2020-21 से वित्तीय वर्ष 2023-24 तक किया गया है। अब तक राज्य के कुल 4,73,567 कृषकों का 1900.35 करोड़ का कर्ज माफ किया गया है। इस योजना का लाभ राज्य के उन रैयत, गैर रैयत को दिया जाता है, जिन्होंने अल्पावधि फसल ऋण के माध्यम से राज्य स्थित किसी भी बैंक से लिया हो। दिनांक 31 मार्च 2020 तक के मानक फसल ऋण बकाया खातों में 50 हजार तक की बकाया राशि इस योजना के तहत माफ की जाती रही है। कृषकों के ओर से इस राशि को बढाकर दो लाख तक करने की मांग निरंतर आती रही है।

### फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना

राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन एवं गुणवत्तायुक्त उत्पादकता को बढ़ाने के लिए फसल सुरक्षा कार्यक्रम योजना के कार्यान्वियन के लिए 30 करोड़ की राशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस योजना का उद्देश्य राज्य में कार्यरत पौधा संरक्षण केंद्र को मानवबल, पौधा संरक्षण रसायनों तथा उपकरणों आदि से सुसज्जित करते हुए मजबूत करते हुए फसलों में कीटों-बीमारियों के बारे में कृषक समुदाय में जागरूकता लाना है।

## युवा मोर्चा के नेतृत्व में होगी तिरंगा यात्रा : विवेकानंद सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** 08 अगस्त 2024 गुरुवार को पैराडाइस रिसॉर्ट में, भारतीय जनता पार्टी, हजारीबाग जिला अध्यक्ष विवेकानंद सिंह की अध्यक्षता में प्रदेश कार्य-समिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मंच मोर्चा के जिला अध्यक्षों की एक आवश्यक बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन घर-घर तिरंगा के जिला संयोजक आनंद देव द्वारा की गयी। बैठक में प्रदेश द्वारा निर्देशित कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न करवाने हेतु विस्तृत चर्चा की गयी। 11,12,13 अगस्त 2024 को विधानसभा स्तरीय युवा मोर्चा के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा, घर-घर तिरंगा लगवाना, 12,13,14 अगस्त 2024 को महिला मोर्चा के नेतृत्व में जिले में स्थापित स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमा की साफ सफाई एवं माल्यार्पण किया जाना, 14 अगस्त को जिला स्तर पर विभाजन विभीषिका दिवस को बड़े पैमाने पर मनाया जाना। इन सभी कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु विधानसभा स्तरीय संयोजक, मंडल स्तरीय मंडल प्रभारी एवं मंडल स्तरीय संयोजक तथा सहसंयोजक की नियुक्ति की गयी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रदेश कार्य समिति सदस्य बटेश्वर मेहता, टुन्नू गोप, सुदेश चंद्रवंशी, अभिमन्यु प्रसाद, चंद्रनाथ भाई पटेल, जिला पदाधिकारी दामोदर सिंह, राजेश गुप्ता, रमेश ठाकुर, विनोद भगत, जय नारायण प्रसाद, कुंवर मनोज सिंह, रेणुका साहू, महेंद्र बिहारी, उमा पाठक, भानुमति पासवान, राजकरण पांडे,

### अंबा प्रसाद ने महिलाओं संग की धान रोपाई, कहा

## किसानों के बीच रहने का सुख कहीं और नहीं



आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** विधायक अंबा प्रसाद ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के कांडतरी पंचायत के ग्राम महुदी में धान रोपाई की। ट्रांसफार्मर उद्घाटन करने के बाद विधायक अंबा प्रसाद ग्राम महूदी पहुंची थी। वहां से लौटते समय उनकी नजर अचानक खेतों में धान की रोपाई करती महिलाओं पर पड़ी। इसके बाद विधायक ने माथे पर टोकरी लेकर किसान व महिलाओं साथ धान के पौधों की रोपाई की। बता दें कि विधायक अक्सर ही किसी न किसी चीजों को लेकर सुर्खियों में रही है। विधायक ने बताया कि किसान और उनके लहलहाते खेत, कृषि कार्य को करते हुए किसानों के बीच रहने का जो आत्मीय सुख है, वो शायद कहीं और नहीं है।

मौके पर जिला परिषद सदस्य सुनीता देवी, उप प्रमुख बचनदेव कुमार, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे, पंचायत अध्यक्ष मनोज ठाकुर, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद कुमार, दशरथ महतो, बिंदु दांगी समेत कई महिला पुरुष मौजूद थे।

## कांग्रेस नेता पहुंचे कटकमसांडी, महिलाओं की समस्याओं को सुना

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले के कटकमसांडी प्रखंड में गुरुवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने शाहपुर पंचायत, ढौठवा पंचायत, आराभुसाई पंचायत और रेबर पंचायत, बाझा पंचायत, डांटो खुर्द पंचायत, कटकमसाड़ी पंचायत में आयोजित मंईयां योजना के शिविरों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं से मुलाकात की और शिविर में हो रही गतिविधियों की समीक्षा की। मुन्ना सिंह ने विधि व्यवस्था का जायजा लेते हुए लोगों की समस्याओं को भी गंभीरता से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। महिलाओं ने मंईयां योजना की सराहना करते हुए इसे उनके लिए एक महत्वपूर्ण योजना बताया और अपनी खुशी जाहिर की। मुन्ना सिंह ने कटकमसांडी पंचायत के निवासी स्वर्गीय इशाक मियां के सुपुत्र मो. रियाज के परिवार से भी मुलाकात की, जिनका कुछ दिन पूर्व बज्रपात के कारण निधन हो गया था। उन्होंने परिजनों को हरसंभव मदद का आश्वासन दिया और सरकार द्वारा यथासंभव सहयोग दिलाने का वादा किया। इस अवसर पर शाहपुर पंचायत की मुखिया सुनीता देवी, मुखिया प्रतिनिधि शंभू यादव, ढौठवा पंचायत के मुखिया जय प्रकाश केशरी, आराभुसाई के पूर्व मुखिया रहमत मियां , रेबर पंचायत की मुखिया कलावती देवी और मुखिया प्रतिनिधि हलधर यादव, डांटो खुर्द पंचायत की मुखिया कुमारी बाखला, बाझा पंचायत की मुखिया धनेश्वरी देवी, संजय सिंह, शेरू खान, अनुज सिंह, रहमत अली आदि मौजूद रहे।

## भोलेनाथ सेवा समिति ने किया भजन और भंडारे का आयोजन

**झुमरी तिलैया (आजाद सिपाही)।** बाबा भोलेनाथ की कृपा से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सावन के महिना में नागपंचमी के अवसर पर आज दिन शुक्रवार पूर्णिमा विद्या मंदिर (तिलैया पोस्ट आफिस के सामने) के प्रांगण में भोलेनाथ सेवा समिति के द्वारा रूद्राभिषेक व श्याम बाबा के दरबार में हाजिरी लगेगा। वहीं शाम 7 बजे से भोलेबाबा का प्रसाद वितरण सह भण्डारा का आयोजन होना है। साथ ही श्याम प्रेमियों के द्वारा भजन संध्या का भी आयोजन होना है। कार्यक्रम के आयोजक भोलेनाथ सेवा समिति के सदस्य रामप्रवेश पाण्डेय, कुलदीप कुमार एवं अनिल कुमार ने अपिल किया कि आप कार्यक्रम में शामिल हों और बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## झारखंड में पुरानी पेंशन योजना लागू करने का हुआ स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में 7 जुलाई को आयोजित झारखंड सरकार की कैबिनेट की बैठक में विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय के शिक्षकों, शिक्षकेत्तरों एवं पदाधिकारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का निर्णय पारित किया। दिनांक 8 अगस्त 2024 को विनोबा भावे विश्वविद्यालय तथा उसके अंतर्गत आने वाले अंगीभूत महाविद्यालय के शिक्षकों ने झारखंड सरकार के इस निर्णय का पुरजोर स्वागत किया। विश्वविद्यालय मुख्यालय में एवं अलग-अलग महाविद्यालय में शिक्षक एकत्र होकर एक स्वर में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद दिये। हर जगह पर मिठाइयां बांटी गयी।

ज्ञात हो की शिक्षक लंबे समय से नई पेंशन योजना का विरोध कर रहे थे। इस संबंध में शिक्षकों ने सरकार से कई बार पत्राचार किया था तथा सरकार के आला अधिकारियों से मिलकर भी अपनी बात को रखा था।

हाल ही में तीन से पांच अगस्त को शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालयों में पदोन्नति तथा पुरानी पेंशन योजना को लागू करने की मांग को लेकर आंदोलन किये थे। 6 अगस्त को विश्वविद्यालय मुख्यालय में दिन भर का धरना प्रदर्शन का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था।

2004 में तत्कालीन अटल बिहारी वाजपेई की सरकार ने नई पेंशन योजना को घोषित किया था। इस नई पेंशन योजना के प्रावधान भी स्पष्ट नहीं थे। इससे स्थिति यह बन गयी थी कि 2004 के बाद नियुक्त सरकारी सेवा एक प्रकार से पेंशन विहीन हो गया था। सभी स्तर पर इसका विरोध किया जा रहा था। हेमंत सोरेन ने 2019 के चुनाव से पूर्व सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ देने का आश्वासन दिया था। 2024 का चुनाव के लिए अब कुछ ही महीने रह गये थे। इससे सरकारी सेवकों के साथ-साथ विश्वविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर साथी भी सरकार की मंशा पर सवाल उठा रहे थे। 7 अगस्त के कैबिनेट मीटिंग में लिए गये प्रस्ताव ने सारी आशंकाओं को समाप्त करते हुए 2004 के बाद नियुक्त सभी सरकारी कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ देना सुनिश्चित किया है। निर्णय का जोर-शोर से स्वागत किया जा रहा है एवं हेमंत सोरेन के सरकार पर विश्वास और आस्था व्यक्त किया जा रहा है।

## बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के तिलैया डैम रोड में एक तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से बाजार से घर लौट रहे 3 लोग घायल हो गए, जिसमें से एक युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार लगभग 17 वर्षीय समीर अंसारी (पिता मो. सब्बीर), मुस्कान परवीन अन्य 5 लोगों के साथ बाजार से घर लौट रहे थे। इसी दौरान गांव का एक युवक काफी तेज रफ्तार में मोटरसाइकिल चलाते हुए सभी को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें समीर अंसारी गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन इलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच में उसे मृत घोषित कर दिया। जबकि मुस्कान परवीन के सिर में चोट लगी है और एक अन्य युवक का हाथ और पैर टूट गया है जिसका इलाज चिकित्सकों के द्वारा किया जा रहा है। बाइक से टक्कर मारने वाले युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया है। टक्कर मारने वाला युवक भी गांव का ही है। इधर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

## 25 से 27 अगस्त तक चलेगा राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले में 25 से 27 अगस्त तक राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान चलाया जायेगा। अभियान की सफलता को लेकर समाहरणालय सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने में सभी संबंधित विभागों को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप स्वास्थ्य केंद्रों, आंगनबाड़ी केंद्रों समेत अन्य चिह्नित स्थानों पर 25 अगस्त को बूथ का आयोजन कर बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जायेगी। इसके अलावे 26 व 27 अगस्त को स्वास्थ्य सहिया व सेविका द्वारा घर-घर जाकर छुटे हुए बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक दी जायेगी। उपायुक्त ने सिविल सर्जन व सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के सफल आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि हम जिले में शत-प्रतिशत बच्चों को राष्ट्रीय पल्स पोलियो के तहत पोलियो ड्रॉप पिलाना सुनिश्चित करें। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ रंजीत कुमार, जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मनोज, चिकित्सा पदाधिकारी डॉ कुलदीप यादव समेत सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी मौजूद रहे?।

## मंईयां सम्मान योजना को लेकर लगा शिविर



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का जिले के सभी महिलाएं, बहनों को लाभ दिलाने के लिये प्रखंडों के पंचायत व गांवों के साथ साथ शहरी क्षेत्रों के सभी वार्डों में लगातार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंइयां सम्मान योजना का लाभ लेने के लिए जिलेभर की महिलाएं, बहनें शिविर में आकर अपने अपने आवेदन किये। इस क्रम में अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने डोमचांच प्रखंड के विभिन्न शिविरों का निरीक्षण किया। अनुमंडल पदाधिकारी ने कहा कि झारखंड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत 21 से 50 वर्ष की महिलाओं को 1000 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता प्रदान किया जायेगा। सभी महिलाएं, बहनो से योजना का लाभ लेने हेतु आवेदन करने की अपील किया।

## अवैध रूप से रेलवे का इ-टिकट बनाने के आरोप में युवक गिरफ्तार



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** सूचना प्राप्ति पर कि ढाब रोड में शशिकांत प्रसाद के द्वारा व्यक्तिगत यूजर आइडी का प्रयोग करके अवैध रूप से रेलवे का ई-टिकट बनाने का करोबार किया जा रहा है। गुरुवा को शशिकांत प्रसाद, उम्र 28 वर्ष, डोमचांच के द्वारा प्रयोग किये जा रहे लैपटॉप को चेक किया गया तो 04 अदद व्यक्तिगत यूजर आईडी का प्रयोग कर काटा गया। 1अदद अग्रिम यात्रा ई-टिकट तथा 11 अदद पूर्व की यात्रा ई-टिकट पाया गया। व्यक्तिगत यूजर आईडी पर रेलवे के ई-टिकट के बाबत पूछताछ किया गया तो उसके द्वारा बताया गया कि मैं घर पर ही रहकर अपने लैपटॉप से एजेन्ट आईडी का प्रयोग कर रेलवे के ई-टिकट काटता हूँ। प्रथम दृष्टया रेल ई-टिकट का अवैध कारोबार पाकर उपरोक्त व्यक्ति शशिकांत प्रसाद को उसका अपराध बताते हुए बरामद 12 अदद उपरोक्त वर्णित ई-टिकट, प्रयुक्त लैपटॉप आदि को समक्ष गवाहन जप्ती सूची बनाते हुए जप्त किया गया तथा अभियुक्त के दिये गये स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर रेल अधिनियम की धारा 143 का अपराध बताते हुये गिरफ्तारी रिपोर्ट बनाते हुए गिरफ्तार किया गया। अग्रिम कार्यवाही वास्ते माननीय न्यायालय रेलवे धनबाद को अग्रसारित किया गया है। सत्यापन दल में सहायक उप निरीक्षक वशिष्ठ नारायण यादव, शंकर कुमार, धीरज कुमार, सरवन भोला शामिल रहे।

## निर्मल महतो ने राज्य की बेहतरी के लिए जीवन न्यौछावर किया : कामेश्वर महतो



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** गुरु चट्टी स्थित आजसू पार्टी के प्रखंड आवासीय कार्यालय में झारखंड के वीर शाहिद सह आजसू पार्टी के संस्थापक स्व. निर्मल महतो के पुण्यतिथि बड़कागांव आजसू पार्टी के प्रखण्ड कमिटी द्वारा मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष गौतम वर्मा एवं संचालन प्रखंड सचिव मनोज दांगी ने किया। इस दौरान आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो ने झारखंड राज्य की बेहतरीन एवं यहां की जनता के हक अधिकार के लिए निर्णायक योगदान दिये। शहीद निर्मल महतो के आंदोलन की बदौलत झारखंड अलग राज्य की गठन हुआ। इस मौके पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गयी। मौके पर आजसू पार्टी के कई पदाधिकारी और सम्मानित कार्यकर्त्ता मौजूद केंद्रीय सदस्य कामेश्वर महतो, संदीप कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद, जिला सचिव महेंद्र विश्वकर्मा, शंकर मिश्रा, घनश्याम मेहता, देवलाल महतो, तपेश्वर कुमार तापस, रंजीत महतो सहित कई मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in



# शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया, दी श्रद्धांजलि

## शहीद निर्मल महतो के सपनों को साकार करने का लें संकल्पः मनोज

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** आजसू पार्टी जिला कार्यालय में झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। इस दौरान नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दिया। मौके पर बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो उपस्थित हुए। मौके पर मुख्य अतिथि ने शहीद निर्मल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इसके उपरांत उपस्थित पार्टी कार्यकर्ताओं ने शहीद निर्मल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया।

**झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता थे शहीद निर्मल महतो :** मौके पर मुख्य अतिथि मनोज कुमार महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता थे। कहा कि उन्होंने अलग झारखंड राज्य निर्माण के लिए अपना बलिदान दिया। श्री महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो की शहादत राज्य के युवाओं को वर्षो तक प्रेरित करती रहेगी। कहा कि शहीद निर्मल महतो का जन्म पूर्वी सिंहभूमि के उल्लूयान गांव में 25 दिसंबर 1950 ई में हुआ। उन्होंने जमशेदपुर वर्कर्स हाई स्कूल से मैट्रिक किया। जबकि जमशेदपुर कॉ -ऑपरेटिव कॉलेज से स्नातक किया। बताया कि शहीद निर्मल महतो ने परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण ट्यूशन किया। आगे चलकर वे झारखंड अलग राज्य आंदोलन में शामिल हुए और बेहतर संगठन की अपनी क्षमता के कारण युवाओं के बीच तेजी से लोकप्रिय हो गये। कार्यक्रम में अरुण अग्रवाल, बिट्टू सिंह चंडोक, उत्तम पासवान, दिनेश कुशवाहा, अभिमन्यु कुशवाहा, नीरज मंडल, कुलदीप वर्मा, पंकज वर्णवाल, विभन सिंह, अनुपमा सिंह, बिट्टी सिंह, इंद्रजीत राम, मोहनलाल महतो सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।

## शहीद निर्मल महतो के सपनों को साकार करना हम सभी का कर्तव्य : जयंती देवी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। नगर परिषद क्षेत्र के कोठार स्थित शहीद निर्मल महतो चौक पर गुरुवार को शहीद निर्मल महतो समिति के तत्वाधान में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 29 के वार्ड परिषद जयंती देवी, अधिवक्ता द्वारिका प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से शहीद निर्मल महतो की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। वार्ड पार्षद जयंती देवी ने कहा कि शहीद निर्मल महतो के सपनों को साकार करने के लिए हम सभी झारखंड वासियों को एक जुट होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर निकेत ओहदार, ओम प्रकाश महतो, महेश निगम, मुन्नीनाथ महतो, दिनेश महतो, अरुण दीवान, राजु, दिनेश, रवि, देवानंद, महेश आदि उपस्थित थे।

## झाकोमयू ने मनाया शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस



कुजू (आजाद सिपाही)। झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन सीसीएल कुजू क्षेत्रीय कार्यालय नयामोड़ में शहीद निर्मल महतो का 37वा शहादत दिवस मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य रूप से झामुमो केंद्रीय सदस्य राजकुमार महतो व झामुमो मांडू प्रखंड प्रखंड सचिव सुरेश चंद्र पटेल मौजूद रहे। मौके पर क्षेत्रीय अध्यक्ष बोधन मांझी, क्षेत्रीय सचिव रामकुमार सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अलाउद्दीन अंसारी, क्षेत्रीय सदस्य बलदेव मुर्मू, पुण्डी शाखा सचिव राजकुमार मांझी, वासुदेव गंझू, अभय सिंह, मोगलचंद पटेल, चित्रलाल महतो शामिल रहे।

## सिटीजन फोरम ने पीसीआर को सौंपा फूलों का गमला

प्रेस क्लब रामगढ़ के नवनिर्वाचित पदाधिकारी और सदस्यों को दी बधाई

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** सिटीजन फोरम रामगढ़ ने गुरुवार को पीसीआर भवन में आयोजित कार्यक्रम में पीसीआर के निर्वाचित कार्यकारिणी समिति एवं सदस्यों को फूलों का गमला प्रदान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीसीआर के अध्यक्ष विरेंद्र कुमार उर्फ बीरू ने की। जबकि संचालन सचिव धनेश्वर प्रसाद ने किया। सिटीजन फोरम के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल ने कहा कि हमलोग सेवाकल्प के तहत फूलों का गमला प्रदान किए है। उन्होंने कहा कि फूलों को देखकर हमारा मन आनंदित हो उठता है। साथ ही फूलों के सुगंध वातावरण सुगंधित हो उठता है। मौके पर संस्थापक एवं अध्यक्ष सुरेश पी अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष गोविंद लाल अग्रवाल, संस्थापक सदस्य पदम चंद जैन, वरिष्ठ सदस्य रतन कुमार जैन तथा दिवयांश अग्रवाल उपस्थित थे। मौके पर उपाध्यक्ष प्रदीप राज बबलू, संयुक्त सचिव व्यास शर्मा, कोषाध्यक्ष दुर्वेज आलम, कार्यकारिणी सदस्य शंकर देवधरिया, रितेश कश्यप, सुरेंद्र सिंह, सौरव नारायण सिंह, योगेंद्र कुमार सिन्हा, दीपक प्रसाद, तरूण बागी, धर्मेंद्र पटेल, मुकेश सिंह, अनिल विश्वकर्मा, संजय सहित अनेक सदस्य उपस्थित थे।

## आवेदकों से पैसे मांगने वालों पर तत्काल दर्ज हो प्राथमिकी : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना में रिश्वत मांगना वार्ड सदस्य और सीएससी को भारी पड़ गया। रामगढ़ डीसी चंदन कुमार के समक्ष यह शिकायत पहुंची कि आवेदकों से पैसे की मांग की जा रही है। डीसी ने तत्काल कार्रवाई की। चितरपुर प्रखंड के वार्ड सदस्य और सीएससी पर प्राथमिक दर्ज करने का आदेश डीसी ने गुरुवार को जारी किया है। इसी क्रम में रामगढ़ जिला अंतर्गत चितरपुर प्रखंड के सुकरीगढ़ा पंचायत अंतर्गत लारिकला गांव में योजना का लाभ लेने तथा आवेदन की ऑनलाइन प्रविष्टि को लेकर आवेदक से वार्ड सदस्य तथा सीएससी संचालक द्वारा पैसे की मांग की जा रही थी। इस मामले में संज्ञान लेते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर ज्ञानमनी एक्का को मामले में प्राथमिक की दर्ज कराते आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है।

## मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मेहनत की आवश्यकता : आयुक्त


**चतरा(आजाद सिपाही)।** उत्तरी छोटानागपुर प्रमण्डल हजारीबाग की आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने गुरूवार को चतरा जिले का दौरा किया। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप, उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अनुमण्डल पदाधिकारी चतरा सुरेंद्र उरांव, अनुमण्डल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी वेदवंती कुमारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ और त्रृटि रहित मतदाता सूचि निर्माण से मतदान प्रतिशत में वृद्धि होगी। कोई भी पात्र नागरिक या अनिबंधित योग्य नागरिक, जो अभीतक अपना नाम मतदाता सूची में पंजीकृत नहीं करा सके हैं, वे प्रपत्र 6 में आवेदन समर्पित करते हुए अपना नाम मतदाता सूचि में दर्ज करा सकते है। उन्होने कोई भी पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूचि में जुड़ने से वंचित न रहे, इसके लिए सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया।

## विश्व आदिवासी दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

रामगढ़(आजाद सिपाही)। राधा गोविंद विश्वविद्यालय के अंग्रेजी और इतिहास विभाग के छात्रों ने आदिवासी विश्वदिवस पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया। अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ कार्लोस टोप्पो, डॉ मिश्रा (हिंदी विभाग), सहायक प्राध्यापक डॉ राकेश कुमार महतो, डॉ दिलकेश्वर प्रसाद, डॉ रविंद्र पासवान साथ ही इतिहास विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ पूनम और सहायक अध्यापक डॉ ममता कुमारी की देखरेख में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्व आदिवासी दिवस के सफल आयोजन पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति महोदय बीएन साह, ट्रस्ट के सचिव सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो डॉ समरेंद्र नाथ साहा, उपकुलपति प्रो डॉ रश्मि, कुलसचिव प्रो डॉ निर्मल कुमार मंडल आदि ने शुभकामनाएं दी।

## पुरानी पेंशन योजना को मिली कैबिनेट से मंजूरी, शिक्षकों के चेहरे पर दिखी खुशी

रामगढ़। शिक्षकों के पुरानी पेंशन योजना को हेमंत सोरेन की सरकार ने कैबिनेट में मंजूरी देती है। सरकार के इस निर्णय का असर विद्यालयों में दिखायी दे रहा है। गुरुवार को रामगढ़ महाविद्यालय में शिक्षकों ने एक दूसरे को बधाई दी और हेमंत सोरेन की सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। रामगढ़ शिक्षक संघ की अध्यक्ष प्रोफेसर रोज उरांव ने कहा कि हेमंत सरकार ने पुरानी पेंशन योजना को लागू कर शिक्षकों का मनोबल ऊंचा किया है। वर्तमान राज्य सरकार पर शिक्षकों का विश्वास बढ़ा है और सरकार से उम्मीद है कि प्रोन्नति के संबंध में भी सरकार शीघ्र निर्णय लेगी। सचिव डॉ. प्रीति कमल ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना की झारखंड कैबिनेट में स्वीकृति झारखंड सरकार की नेकनीयती और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचायक है। ऐसे ही निर्णय उच्च शिक्षा कर्मियों के उस सुनिश्चित भविष्य का भी आश्वसन देते हैं कि झारखंड सरकार संवेदनशीलता के साथ उनकी अन्य समस्याओं का निराकरण भी अवश्य करेगी। उपाध्यक्ष डॉ. रामाज्ञा सिंह ने सरकार की इस फैसले को स्वागत योग्य बतलाया। प्रवक्ता अनामिका ने कहा कि इस ऐतिहासिक कदम के लिए हम शिक्षक सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।



आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 09 अगस्त, 2024
www.azadsipahi.in


# भंडरा थाना प्रभारी पर जानलेवा हमला

## चट्टी बाजार टांड के पास सड़क जाम हटाने पहुंचे थे, अपराधियों ने की मारपीट

आजाद सिपाही संवाददाता



**भंडरा।** भंडरा थाना क्षेत्र के चट्टी साप्ताहिक बुधवार बाजार टांड़ में सड़क जाम हटाने पहुंचे भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह व जवान संतोष राय पर अपराधियों ने जानलेवा हमला किया है। साथ ही मारपीट की घटना को अंजाम दिया है। इस मामले में भंडरा थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने भंडरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई में जुट गयी है। साथ ही अपने साथ ड्यूटी के दौरान घटित घटना की जानकारी अपने वरीय अधिकारियों को दी है। भंडरा थाना प्रभारी ने भंडरा थाना में प्राथमिकी दर्ज कर कहा है की चट्टी साप्ताहिक बुधवार बाजार में सड़क पर दुकान लगाएं जाने से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही थी। जिसकी सूचना स्थानीय ग्रामीणों द्वारा भंडरा थाना पुलिस को दी गयी थी। इसके बाद सूचना मिलते ही स्थानीय निजी चालक कुदूस अंसारी के साथ अपने थाना से एक जवान संतोष राय को लेकर सड़क से दुकान को किनारे लगाने का आग्रह कर रहा था। इसी दौरान इग्निश कार से पहुंचे रांची जिले के खुखरा गांव निवासी जगेश्वर सिंह के पुत्र शिवा कुमार सिंह सड़क से दुकान नहीं हटाने की बात कहते हुए कालर पकड़ मारपीट करने लगा। इसी बीच भंडरा थाना के जवान संतोष राय द्वारा पकड़ कर शिवा को जीप में बैठाया गया। इसी दौरान उसके आवाज देने पर 10-15 लोग आ धमके और जवान से रायफल लूटने लगे। इसी दौरान शिवा जान से मारने की धमकी देने और तीन माह पूर्व ही हत्या केस से जेल से छूटने की बात कहते हुए भाग खड़ा हुआ। इस मामले में भंडरा थाना में बीएनसी 2023 की धारा 126(2)/115(2)/121(1)/352/351(3)/132/309(5)/62/263(बी)/190 के तहत पांच नामजद व 8-10 अज्ञात अपराधियों पर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। साथ ही इगनिश कार संख्या जेएच 01 डीएम 3276 को जब्त कर थाना लाया गया है।

# शहीद निर्मल महतो के सपनों का झारखंड हमें बनाना है : नीरू शांति



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** आजसू पार्टी के द्वारा शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गया। उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए सभी लोगों ने शहीद निर्मल महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर आजसू नेत्री नीरू शांति भगत ने कहा की शहीद निर्मल महतो ने झारखंड अलग करने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर दिया था। लेकिन अभी भी उनके सपनों का झारखंड अधूरा है। हमें झारखंड का पूर्ण विकास करना है और उनके सपनों को पूरा करना हैं। जिला संयोजक कवलजीत सिंह ने कहा की आज हम लोग जो अलग राज्य में रह रहे हैं यह शहीद निर्मल महतो की देन है। आज उनके दिखाएं रास्ते पर चलने की जरूरत है। जिला अध्यक्ष ओम भारती ने कहा कि आज के युवाओं को शहीद निर्मल महतो से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। शाहिद अंसारी ने कहा कि शहीद निर्मल महतो हमारे प्रेरणा स्रोत है। विजय उरांव ने कहा कि जल जंगल जमीन के लिए निर्मल महतो ने अपनी शहादत दी थी हम उनको नमन करते हैं। श्रद्धांजलि सभा में लाल गुड्डू नाथ शाहदेव, बबलू महतो, सागर वर्मा, पवन प्रजापति, कौशल सिंह, दिलीप साहू, दिग्गज सिंह, विजय कुमार, आयुष मेहता, आकाश मेहता सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चाइबासा में आइइडी ब्लास्ट, कोबरा जवान घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**चाइबासा।** जिले के छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा में गुरुवार सुबह नक्सलियों के आइइडी ब्लास्ट करने से एक कोबरा जवान घायल हो गया है। घायल जवान को एयरलिफ्ट कर बेहतर इलाज के लिए रांची लाया गया है, जहां उसकी स्थिति स्थिर बतायी जा रही है।

जानकारी के मुताबिक पुलिस को प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनल अनमोल, अश्विन, पिंटू लोहरा, चंदन लोहरा, अमित हांसदा उर्फ अपटन के अपने दस्तों के सदस्यों के साथ सारंडा के कोल्हान क्षेत्र में भ्रमण करने की सूचना प्राप्त हुई थी। इसके बाद सुरक्षा बलों के जवानों ने 7 अगस्त 2024 से एक संयुक्त अभियान सीमावर्ती जंगली क्षेत्र में प्रारंभ किया था। अभियान के दौरान नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के जवानों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से आइइडी को लगा रखा था। गुरुवार की सुबह 7.30 बजे छोटानागरा थानार्गत वनग्राम बालिबा के पास कोबरा बटालियन के जवान पहुंचे, तभी वहां लगे आइइडी में विस्फोट होने से कोबरा 209 बटालियन में सब इंस्पेक्टर जीतेंद्र दानी गंभीर रूप से घायल हो गये। घायल एसआइ को पुलिस मुख्यालय रांची और सीआरपीएफ झारखंड के सहयोग से एयरलिफ्ट कर रांची लाया गया। नक्सलियों के खिलाफ अभियान अभी भी जारी है।

### घायल जवान से मिले राज्यपाल



राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने पश्चिमी सिंहभूम जिलान्तर्गत छोटानागरा थाना क्षेत्र के बालिबा में उग्रवादियों द्वारा द्वारा आईईडी ब्लास्ट में घायल हुए सीआरपीएफ कोबरा जवान जितेन्द्र दानी के स्वास्थ्य की जानकारी लेने हेतु राज अस्पताल, रांची पहुंचे। उन्होंने वहाँ चिकित्सकों से उनके स्वास्थ्य संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

## स्वतंत्रता दिवस पर झंडोतोलन के लिये निर्धारित किया गया समय सारणी

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में प्रखंड प्रमुख फुलझरी देवी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित कर आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पर प्रखंड क्षेत्र के सरकारी गैर सरकारी संस्थानों में झंडोतोलन करने के लिये समय सारणी निर्धारित किया गया। निर्धारित झंडोतोलन कार्यक्रम के अनुसार उत्क्रमित उच्च विद्यालय सेन्हा में 8:30 बजे, कन्या मध्य विद्यालय में 8:40 बजे, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सेन्हा में 8:50 बजे, प्रखंड संसाधन केंद्र सेन्हा में 9:00 बजे, प्रखंड कार्यालय में 9:10 बजे, सेन्हा थाना परिसर में 9:30 तथा कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय सेन्हा में 10 बजे पूर्वाह्न में झंडोतोलन किया जायेगा। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी संग्राम मुर्मू, विधायक प्रतिनिधि विरेंद्र उरांव, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम के अलावे प्रकाश रंजन,रेणु मिश्रा, पूनम कुमारी,साहेब सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

## 231 विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय अरु में शिक्षा विभाग की ओर से छात्र छात्राओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम जिला परिषद सदस्य राधा तिर्की, प्रमुख फुलझरी देवी, बीस सूत्री अध्यक्ष अफरोज आलम,विधायक प्रतिनिधि विरेन्द्र उराँव तथा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी त्रिवेणी भगत द्वारा संयुक्त रूप से उत्क्रमित उच्च विद्यालय मुर्की तोड़ार, मध्य विद्यालय भड़गांव तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहबुटी के 231 छात्र छात्रओं के बीच साइकिल वितरण किया गया। वही जीप सदस्य राधा तिर्की ने कहा कि विद्यार्थियों के लिये उन्नति का पहिया है। साइकिल जिसे पढ़ाई के लिये सरकार दे रही है। जिसका उपयोग विद्यालय आने जाने में करें और समय से विद्यालय पहुंचे। वही बेटे बेटियों के प्रति सरकार की सोच है कि दूरी का बहाना कर पढ़ाई से कोई भी बच्चे वंचित न रहें। जिसके लिये सभी को साइकिल दिया जा रहा है। साथ ही कहा की बच्चे बच्चियों शिक्षा से जोड़ कर शिक्षित बनाने के लिये सरकार छात्रवृति,पुस्तक तथा मध्याहन भोजन दे रही है। जिसे पढ़ लिख कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर सकें और भविष्य को उज्ज्वल बना कर समाज को सुधाराने की दिशा में काम कर सकें। मौके पर विकेश कुमार सिन्हा, अम्बिका शरण पांडेय,राजेश उरांव, अमित नायक के अलावे छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना को लेकर बैठक



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** लोहरदगा मुख्य डाकघर परिसर में डाक निरीक्षक अभिनव तिग्गा के अगुवाई में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। इसमें लोहरदगा सबडिवीजन के अंतर्गत आने वाले सभी पोस्टमास्टर उपस्थित हुए। बैठक में श्री तिग्गा के द्वारा सभी पोस्टमास्टर को निर्देश दिया गया कि झारखण्ड सरकार की इस कल्याणकारी योजना को सफल बनाने के लिए सभी डाक कर्मचारियों द्वारा अगले कुछ दिनों के लिए एक विशेष मुहिम चलायी जायेगी। जिसमे राशन कार्ड धारी महिलाओं को मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना के तहत प्रतिमाह 1000रू खाता में डाल लिया जायेगा। इस योजना का लाभ लेने हेतु उनका डाकघर में खाता खोला जायेगा। इच्छुक महिलाएं अपने नजदीकि डाकघर में खाता खोलवाने के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड, पासपोर्ट साइज का फोटो लेकर जाएं और खाता खोलवाकर इस योजना का लाभ उठाए। इस मौके पर लोहरदगा गुमला डिवीजन अध्यक्ष राधेश्याम प्रजापति समेत अन्य मौजूद थे।

## बरवाडीह के बीडीओ ने दिव्यांग के लिए ट्राइ साइकिल उपलब्ध कराया



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** बरवाडीह प्रखंड के केचकी पंचायत निवासी सीताराम सिंह (49 वर्ष) को बाल विकास परियोजना विभाग के माध्यम से गुरुवार को बीडीओ सह प्रभारी सीडीपीओ रेशमा रेखा मिंज के द्वारा ट्राई साइकल उपलब्ध कराया गया। ज्ञात है की 2022 में हैदराबाद में काम करने के दौरान एक दुर्घटना में अपना एक पांव गवाने के बाद सीताराम सिंह अपने गांव केचकी में रह कर जीवन यापन बेसाखी के सहारे कर रहे थे। जहां ब्लॉक में कार्य करने वाली कर्मी लवली दयाल के द्वारा सीताराम सिंह की समस्या की जानकारी लेते हुए मामले से बीडीओ को अवगत कराया गया जिसके बाद बीड़ओ ने मामले में सज्ञान लेते हुए सीताराम सिंह को प्रखंड कार्यालय बुलकर ट्राई साइकिल देने के साथ पेंशन के लाभ से भी जोड़ने का निर्देश संबंधित विभाग को दिया। मामले को लेकर बीडीओ ने बताया की सरकार के माध्यम से दिव्यांग जनो के लिए कई लाभकारी योजना चलाई जा रही हैं। जिसे उन्हें जोड़ने और लाभ दिलाने में सभी को सहयोग करना चाहिए।

# कभी भी गिर सकती है सीरम के सरकारी स्कूल भवन की छत

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के पेशरार प्रखंड के अति दुर्गम पहाड़ी क्षेत्र के सीरम पंचायत के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय कोपीया गांव के सरकारी स्कूल हाल बेहाल हो गया है। विद्यालय का बिल्डिंग परिसर जर्जर अवस्था में पूरी तरह से तब्दील हो गया है। विद्यालय का प्लास्टर टूट टूट कर गिर रहा है। ऐसी कुव्यवस्था में भी विद्यालय के सभी बच्चे विद्यालय परिसर में बैठकर पढ़ने को मजबूर है। विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार यादव का कहना है की मेरे विद्यालय में कुल नामांकित बच्चों की संख्या 29 है और विद्यालय प्रतिदिन सुचारू रूप से संचालित होता है। लेकिन विद्यालय का बिल्डिंग का स्थिति ठीक नहीं होने से बच्चों को बैठाकर पठन-पाठन करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जबकि इस मामले पर शिक्षा विभाग को कई बार अवगत कराने के बाद भी अब तक कोई ठोस कदम विभाग ने नहीं उठाया गया है। जिससे विद्यालय के शिक्षक व बच्चों में शिक्षा विभाग के प्रति काफी नाराजगी देखने को मिल रही है। इधर विद्यालय के शिक्षक बिल्डिंग परिसर को मरम्मति कराने की मांग कर रहे हैं।

इधर इस संदर्भ में डीएसइ दास सुनंदा चंद्रमौलेश्वर ने कहा कि हमारे विभाग को इस बात की जानकारी नहीं है। आपके माध्यम से इस तरह की खबरे आ रही है। आप लिखित में दे दीजिये अथवा आप अपने चैनल या अखबार में खबरे प्रकाशित कीजिये। हम इसके बाद मामले में कार्रवाई करेंगे।

# कुडू प्रखंड की सड़कें बनीं लोगों की परेशानी का सबब

आजाद सिपाही संवाददाता



**कुडू / लोहरदगा।** कुडू प्रखण्ड क्षेत्र मे बदहाल सड़कें आज भी स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। हालात ये है कि जहां सड़के बनी हैं वहां सड़को में बने गड्ढे और गड्ढों में भरा पानी जानलेवा साबित हो रहा है। वहीं कुछ इलाके ऐसे भी हैं जहां सड़के ही नही बनी है नतीजा यहां भी ऐसा ही है। थोड़ी बारिश के बाद पूरे मोहल्ले में में नदी जैसा नजारा हो जाता है और लोग अपने घरों में कैद हो जाते हैं। बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो जाती है। इसकी बानगी जिमा चंडू गुरिच मोड़ से लावागाई जाने वाला मार्ग और कुडू का एक मुहल्ला अहद कॉलोनी है। एक ओर जहां जिमा में सड़क पर गड्ढे ही गड्ढे हैं। इस सड़क पर प्रतिदिन हजारों स्कूली बच्चों के अलावा गांव के लोगों का आवागमन रहता है। मार्ग जर्जर होने के चलते अक्सर साइकिल से और पैदल संत चार्ल्स स्कूल जाने वाले बच्चे और राहगीर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। कुछ लोग तो गिरकर गंभीर रूप से घायल भी हो चुके है। वहीं दूसरी ओर कुडू शहर का बंगला मुहल्ला अहद कॉलोनी जहां सड़के ही नही हैं। एक दशक पहले बसे इस मुहल्ले में प्रखंड के अलग - अलग गांव से आकर बसे सैंकड़ो लोगों का बरसात के दिनों में तो जीना ही मुहाल है। हल्की बारिश के बाद पूरा मुहल्ला नदी बन जाता है और लोग घरों से बाहर भी नही निकल पाते हैं। कुल मिलाकर गांव से सुविधा की चाहत लेकर शहर में बसे लोगों के सारे सपनो पर भी पानी फिर गया है। लोग व्यवस्था को कोश रहे हैं।

# मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत सात लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत चयनित लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण करने हेतु आज दिनांक 08 अगस्त 2024 को समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान माननीय मंत्री, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखण्ड सरकार, बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा सात लाभुकों के बीच मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत सात वाहन को राशि 9806650 रुपये का वितरण किया गया। माननीय मंत्री बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुक प्रिंस कुमार को 1149744/ रुपये का बोलेरो, चन्दन कुमार को 1216531/- रुपये का बोलेरो, सकेन्द्र अगेरिया को 1184580/- रुपए का बोलेरो, नितिश कुमार को 1151565/- रुपए का बोलेरो, संजय यादव को 1971640/- रुपए का स्कॉपियो, अजित कुमार यादव को 1971640/- रुपये का स्कॉपियो, महेश सिंह को 1160950 रुपए का बोलेरो वाहन प्रदान की गयी। इस दौरान माननीय मंत्री स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग, झारखंड सरकार, बैद्यनाथ राम, मनिका विधायक रामचंद्र सिंह, उपायुक्त गरिमा सिंह, आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गगराई, उप विकास आयुक्त सुरजीत कुमार सिंह के द्वारा हरी झंडी दिखाकर वाहन को रवाना किया गया।

# मंगल कालिंदी ने शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड अलग राज्य आंदोलन के अग्रणी नेता शहीद निर्मल महतो के शहादत दिवस पर बिष्टुपुर स्थित चमरिया गेस्ट हाउस में सभी पार्टी के नेता और कार्यकर्ताओं का लंबी कतार देखने को मिला। गुरुवार को सभी नेताओं ने बारी बारी से शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर मालार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने शहीद निर्मल दा को याद करते हुए माल्यार्पण कर उनके बताये हुए रास्ते पर चलने की सीख ली। उसके बाद जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी ने हजारों समर्थकों के साथ बिस्टुपुर से पदयात्रा करते हुए कदमा स्थित शहीद स्थल पहुचे। जहां शहीद निर्मल महतो के समाधि स्थल में पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन की। मौके पर विधायक ने कहा, अलग झारखंड राज्य के गठन में शहीद निर्मल दा का योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। उनके याद में आज राज्य के मुख्यमंत्री सहित हजारों हजार लोगों ने श्रद्धांजलि दी।

## शहीद निर्मल महतो झारखंड के युवाओं के प्रेरणा स्रोत : महावीर मुर्मू

आजाद सिपाह संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पुर्व केन्द्रीय अध्यक्ष व झारखंड आंदोलनकरी नेता बीर शहीद निर्मल महतो के 37वां शहादत दिवस पर झामुमो नेता महाबीर मुर्मू ने पार्टी के नेता और कार्यकर्तों के संग बिस्टूपुर चमारिया गेस्ट स्थित वीर शहीद निर्मल महतो के प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर झामुमो नगर अध्यक्ष दल गोबिंद लोहारा, मानगो नगर अध्यक्ष फतेह चंद टुडु, लव सरदार, सूरज गौड़, मनोज तांती, प्रतीक सिंह, दिनकर, विष्णु प्रधान, कर कालिंदी सहित अन्य उपस्थित रहे।

**Government of Jharkhand**
**Department of Forest, Environment and Climate Change**

**Advertisement**

**Sub :- Appointment for the post of Member Secretary, Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB), Ranchi.**

Applications are invited from eligible candidates for appointment to the post of Member secretary, Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB), Ranchi.

2. The Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB), Ranchi was established under provisions of the Water (Prevention and Control of Pollution) Act, 1974. The Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB), Ranchi exercises functions related to prevention and control of pollution. The Member secretary shall be a full-time incumbent.

3. The following are the terms and conditions for the post of Member secretary, Jharkhand State Pollution Control Board (JSPCB), Ranchi:-

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Scale of Pay | According to the Seventh Pay Commission Pay Scale Level-13A in the pay matrix. |
| 2 | Method of Recruitment | Deputation/on contract/direct recruitment. |
| 3 | Terms & Conditions | (A) Allowance of the Member Secretary of the Board, time of joining, salary, provident fund/ National Pension Scheme/Employee Provident Fund, gratuity, retirement age, medical facility and other services shall be regulated with the applicable rules and orders as the holding the post of equal pay scale of the officer of State Government/Central Government. (B) Appointment to the post of Jharkhand State Pollution Control Board Member Secretary will be called External Services and the provisions of State Government/Central Government for external service will be applicable. |
| 4 | Qualification & Experience | **Educational qualification and experience-** Persons from Central Government/State Governments/Public Sector Undertakings/ Universities/Recognized Research Institutes/Autonomous or Semi-Governmental or Statutory or Private Institutions having the qualification mentioned below can apply. **(A) Qualification: -** (i) Bachelor's Degree in Engineering/Technology discipline relating to Environment or Master's Degree in Science preferably relating to Environment from a recognized University or Institute. (ii) Competent, qualified, desirable knowledge in the field of environmental protection and pollution control management and at least 10 years of practical experience. **(B) Work Experience: -** (i) Regularly holding the analogous post in the seventh pay scale Level-13A in the pay matrix or 6th pay scale PB-IV-37400-67000, Grade pay-8900 or equivalent **Or** Five years regular service or equivalent in the seventh pay scale Level-13 in the pay matrix or 6th pay scale PB-IV-37400-67000, Grade pay-8700. (ii) Sixteen years of experience at the administrative or managerial level at Central Government/State Governments/ Public Sector Undertakings/ Universities/ Recognized Research Institutes/ Autonomous or Semi-Governmental or Statutory or Private Institutions with at least 10 years of practical experience in the field of Environmental Protection and Pollution Control Management. |
| 5 | Age limit | Maximum age limit will be 55 and minimum 45 years on the date of receipt of application in case of direct appointment. |
| 6 | Tenure | Single term of 3 years |

Interested and eligible candidates other than person who have retired are requested to send their application in the prescribed format in 3 sets within 45 days from the Publication of this Advertisement through the Proper Channel at the Address given below.

Retired Persons/Persons working in Private organization are requested to send their application in the prescribed format in 3 sets within 45 days from the Publication of this Advertisement directly at the Address given below.

Note: Officers working in the Central or State Government or Public Sector Undertaking or University or Recognized Research Institution or Autonomous or Semi Government or Statutory Organization shall send their application through proper channel along with following documents :-
(i) Annual Confidential Report dossier for last five years.
(ii) Integrity Certificate / Vigilance Clearance is to be signed by an officer not below the rank/scale of Deputy Secretary in Government or controlling officer of the office concerned.

Note- Application performa can be seen at departmental notice board and downloaded from **www.prdjharkhand.in and http://forest.jharkhand.gov.in and website of JSPCB.**

**To,**
**SPECIAL SECRETARY,**
**FOREST, ENVIRONMENT & CLIMATE CHANGE DEPARTMENT,**
**GOVERNMENT OF JHARKHAND, NEPAL HOUSE, DORANDA, RANCHI.**
**PIN CODE-834002 (JHARKHAND)**

**Sd/-**
**(Raju Ranjan Roy), Special Secretary,**
**Forest, Environment & Climate Change, Department,**
**Government of Jharkhand.**

PR 332256 Forest, Environment and Climate Changes(24-25)#D

# निर्मल महतो ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध आजीवन संघर्ष किया : मंत्री

### निर्मल महतो की पुण्यतिथि पर मंत्री ने दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा जिला कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर वीर शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस मनायी गयी। पुण्यतिथि पर मंत्री श्री ठाकुर ने स्व. निर्मल महतो की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि झारखंड की माटी के वीर सपूत निर्मल महतो ने अन्याय और अत्याचार के विरुद्ध जीवन भर संघर्ष किया। उन्होंने समाज के लोगों के दुःख-दर्द को अपना माना। अलग झारखंड राज्य के लिए निर्मल दा ने अंतिम सांस तक संघर्ष किया। राज्य की हेमंत सरकार निर्मल दा के विचारों को आत्मसात कर समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है। झारखंड को प्रगति पथ पर आगे ले जाना ही निर्मल महतो को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंत्री ने कहा कि 8 अगस्त 1987 को गोली मारकर उनकी हत्या कर दी गयी थी। झारखण्ड आंदोलन का एक उभरता नेता शहीद हो गये। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिलाध्यक्ष तनवीर आलम खान, सचिव मनोज ठाकुर, केंद्रीय समिति सदस्य शरीफ अंसारी, आशीक अंसारी, निलेश पांडेय, संजय कांस्यकार, साकिर खान, दिलीप गुप्ता, नीलू खान, सैय्यद गुलाम हुसैन, अरमान सिद्दीकी, मिन्हाज, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।



निर्मल महतो को श्रद्धांजलि अर्पित करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

## गिरिनाथ सिंह के करीबी संजय और शाकिर झामुमो में शामिल



पार्टी में शामिल लोगों के साथ मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर।

गढ़वा(आजाद सिपाही)। पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह के दायां हाथ माने जाने वाले उनके निकटतम सहयोगी राजद के पूर्व कोषाध्यक्ष समाजसेवी संजय कांस्यकार और राजद के पूर्व जिला प्रवक्ता समाजसेवी शाकिर खान झारखंड मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गये हैं। गुरुवार को गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल और स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर इन्होंने झामुमो की सदस्यता ग्रहण की। मंत्री श्री ठाकुर ने दोनों को माला और पार्टी का पट्टा पहनाकर और मिठाई खिलाकर झामुमो में शामिल कराया। मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि गढ़वा में चौतरफा विकास हो रहा है। जिसके परिणाम स्वरूप झामुमो परिवार का दायरा हर दिन बढ़ रहा है। दोनों नेताओं का झारखंड मुक्ति मोर्चा परिवार में स्वागत और अभिनंदन है। संजय कांस्यकार ने कहा कि वे लोग मंत्री श्री ठाकुर के विकास कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हुए हैं। उन्होंने कहा कि गढ़वा के इतिहास में अब तक ऐसा विकास कार्य नहीं हुआ था, जैसा कि मंत्री श्री ठाकुर ने अपने कार्यकाल में किया। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, शरीफ अंसारी, फरीद खान, दिलीप गुप्ता, अंकित पांडेय सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# सभी भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं बाबा भोलेनाथ: मिथिलेश

### मंत्री ने 1200 कांवरियों को किया बोल बम रवाना

### बोल बम के नारों से गूंजा गढ़वा

### कांवरियों को अपने हाथों से परोसा भोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने गुरूवार को जिले के 1200 कांवरियों को बोल बम के लिए रवाना किया। गढ़वा के विभिन्न पंचायतों से बोल बम जाने वाले कांवरिया गुरुवार को नया समाहरणालय के बगल में स्थित द शिवा रिसोर्ट में जमा हुए। यहां मंत्री श्री ठाकुर ने सभी कांवरियों को अपने हाथ से भोजन परोसकर खिलाया। उसके बाद मंत्री श्री ठाकुर एवं सभी कांवरिया चिनियां मोड़ स्थित काली मंदिर पहुंचे। यहां पूजा अर्चना के बाद मंत्री श्री ठाकुर कांवरियों के साथ पैदल मार्च करते हुए रंका मोड़, मेन रोड होते हुए बस स्टैंड पहुंचे। इस दौरान पूरा गढ़वा बोल बम के नारों से गूंजता रहा। कांवरियों की लंबी कतार लगी रही। भक्ति गीतों पर कांवरियों के साथ थिरकते हुए मंत्री बस स्टैंड पहुंचे। यहां से सभी कांवरियों को 25 बसों से बोल बम के लिए रवाना किया।

मौके पर मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, विधायक प्रतिनिधि कंचन साहु, जितेंद्र सिन्हा, संतोष केशरी, नवीन तिवारी, अंकित, शरीफ सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।


**JHARKHAND URJA VIKAS NIGAM LIMITED**

(CIN: U40108JH2013SGC001603)

(Civil Engineering Department)

Regd. Office: Engineering Building, H.E.C, Dhurwa, Ranchi -834004 Telephone No. 0651- 2400912

**Cancellation Notice**

Due to unavoidable circumstances, tender invited vide NIT No. 05/PR/JUVNL/24-25 is hereby cancelled.

PR No. 329330

Sd/- General Manager (Civil)

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

PR.NO.332308 Jharkhand Urja Vikas Nigam Ltd(24-25):D


## झूला की सीट गिरने से बच्ची गंभीर रूप से घायल



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्लस टू उच्च विद्यालय के पीछे वाली मैदान में लगा झूलन मेला में झूला का सीट गिरने से मेला देखने पहूंची बच्ची गंभीर रूप से घायल हो गयी। घायल लड़की खरौंधी थाना क्षेत्र के चौरिया गांव निवासी धनवंत गुप्ता के पुत्री माही कुमारी 12 वर्ष बतायी जा रही है। घायलावस्था में उसे भवनाथपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया, जहां आयुष चिकित्सक नितीश भारती के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा रेफर कर दिया गया। झूला चालू करने से पूर्व ट्रायल के दौरान झूला का गुली टूटने से झूला का सीट उखड़कर गिर गया। जहां नीचे खड़ी झूला देख रही माही कुमारी इसके चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गयी। उसे माथा और नाक पर गंभीर चोट लगी है। उधर घटना की जानकारी मिलते ही जेबीकेएसएस विस प्रत्याशी शिवपारस बियार, जिलाध्यक्ष सुरेश प्रसाद साह, प्रखंड अध्यक्ष उज्वल गुप्ता, विजय महतो ने घटनास्थल पर पहुंचकर बच्ची को ईलाज के लिए अस्पताल ले गये। साथ ही झूलन मेला के मैनेजर से बात कर बच्ची के ईलाज में होने वाली खर्चा दिलाने की बात कही।

## जायंट्स ग्रुप ने फलदार पौधों का वितरण किया



गढ़वा (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप आफ गढ़वा के तत्वाधान में गढ़वा शहर के मुख्यपथ स्थित जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पदाधिकारी नंदकुमार गुप्ता के प्रतिष्ठान के सामने साप्ताहिक बाजार के दिन आये हुए सैकड़ों ग्रामीण और शहरी नागरिको के बीच फलदार पौधों का वितरण किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रूप अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता ने की। इस कार्यक्रम में जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन सेंट्रल कमेटी के सदस्य अजय कांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी और फेडरेशन के वर्तमान पदाधिकारी नंदकुमार गुप्ता, ध्रुव केसरी चन्दन चंद्रवंशी और मनोज केशरी, दीपक तिवारी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बांदू स्वास्थ्य केंद्र की एएनएम प्रतिमा देवी की ट्रांसफर से जनता नाराज, पुन: बहाल करने की मांग

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत बांदू स्वास्थ्य केंद्र के एएनएम प्रतिमा देवी का ट्रांसफर कर दिये जाने से वहां की जनता मायुस और बेहद नाराज है। ग्रामीणों जनता का कहना है कि प्रतिमा मैडम 12 :00 बजे रात्रि में भी फोन करने पर स्वास्थ्य केंद्र में मरीजों को देखने आ जाती थी। लोगों का कहना है कि प्रतिमा मैडम का यहां अच्छा योगदान और कार्य कुशलता थी और रात दिन मेहनत करने वाली थी। उनके कार्यों को देखकर लगता था कि वह साक्षात देवी थी। लोगों का कहना है कि प्रतिमा मैडम का तबादला कर क्षेत्र के लोगों की भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रतिमा मैडम को पुनः बहाल कराया जाये। इसके लिए ग्रामीण जनता ने चिकित्सा पदाधिकारी रंका डॉ० असजद अंसारी के साथ-साथ मंत्री मिथिलेश ठाकुर से भी मिलकर प्रतिमा मैडम को बांदू स्वास्थ्य केंद्र में बहाल कराने की मांग करने का निर्णय लिया है।

## सामाजिक कार्यक्रम शिविर आयोजित

रंका (आजाद सिपाही)। हाई स्कूल के समीप नीलू सिंह के मकान में फ्यूजन माईक्रो फाइनेंस लिमिटेड द्वारा सामाजिक कार्यक्रम शिविर आयोजित की गयी। इसमें मुख्य अथिति खरौंधी जिपस धर्मराज पासवान, झामुमो नेता सह पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष ब्रजेश कुमार सिंह, युवा मोर्चा के दीपक वर्मा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिपस धर्मराज पासवान ने कहा कि गांवों में महाजनी प्रथा को समाप्त करने के लिए उद्देश्य से विभिन्न माईक्रो फाइनेंस की शुरूआत की गयी है। ग्रामीण महिलाएं इसके माध्यम से ऋण लेकर अपना रोजगार शुरू कर परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बना सकती है।

# युवाओं को हर मोर्चे पर ठगा गया है : शिव पारस बियार

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति प्रखंड भवनाथपुर अंतर्गत सिंदूरिया पंचायत कमिटी का विस्तार किया गया। इसकी शुरूआत झारखंड के मसीहा वीर शहीद निर्मल महतो की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित कर किया गया। बैठक की अध्यक्षता उज्जवल कुमार गुप्ता ने की। मौके पर उन्होंने कहा कि जयराम महतो के विचारों को जन जन तक पहुंचने का संदेश दिया। वहीं जिला अध्यक्ष सुरेश प्रसाद गुप्ता ने बताया कि सहिद निर्मल महतो की तरह ही हमलोगों को लडाई लड़नी होगी और उनके बिचारों को जन-जन तक पहुंचानी होगी। उपाध्यक्ष जयप्रकाश पसवान ने कहा कि निर्मल महतो ने रोजगार, पलायन, शिक्षा चिकित्सा की विभिन्न मुद्दों को रखने का काम किया। इसके साथ भवनाथपुर विधानसभा के युवा नेता शिव पारस बियार ने कहा कि हमें हर पहलू पर ठगने का काम किया गया है। चाहे रोजगार हो, नौकरी हो, शिक्षा हो या चिकित्सा हो हम सभी युवाओं को आगे आना चाहिए और अपने हक अधिकार की मांग करनी चाहिए, नहीं तो हम हर जगह ठगे जायेंगे। हमें अपनी कौशल नेतृत्व खुद तैयार करना होगा। जिसमें सर्वसमिति से अरविंद कुमार गुप्ता को पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष उपेंद्र सिंह, सचिव सोनू गुप्ता, सह सचिव हंसराज गुप्ता, कोषाध्यक्ष विशाल पासवान, मीडिया प्रभारी अभय कुमार और सदस्य के रूप मे छोटे लाल साह, रौशन बियार, पप्पु पासवान, विकास यादव, बिरेंद्र भईया, धनंजय कुमार दिनेश कुमार को चुना गया।



## सैकड़ों युवकों ने बहुजन समाज पार्टी का दामन थामा



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत धुरकी, डंडई और बंशीधर नगर प्रखंड के सैकड़ों युवकों ने बहुजन समाज पार्टी का दामन थामा। सभी युवकों को बसपा के युवा नेता पंकज चौबे ने पार्टी का गमछा ओढाकर स्वागत किया। इस मौके पर पंकज चौबे ने कहा कि कुछ स्वार्थी लोग जनता के लिए नहीं अपने निजी स्वार्थ के लिए राजनीति करते है। इस विधानसभा क्षेत्र के युवको के लिए रोजगार का कोई साधन नही है, वैसे लोगों को इस बार जनता सबक सिखाने का मन बना लिया है। बसपा में शामिल होने वालों में मोहित कुमार, अर्णव, शशांक, राजीव, श्रीराम जयसवाल, पंकज, राकेश, प्रणव, रामजी, सुरेंद्र साह सहित अन्य लोगों का नाम शामिल है।

## आजसू पार्टी ने शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया

गढ़वा (आजाद सिपाही)। अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के बैनर तले नीलांबर पीतांबर चौक संगबरिया में आजसू संस्थापक शहीद निर्मल महतो का शहादत दिवस मनाया गय सर्वप्रथम आजसू छात्र संघ के नेताओं ने शहीद निर्मल महतो के तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। आजसू छात्र संघ के जिला अध्यक्ष कुंदन चंद्रवंशी ने कहा कि शहीद निर्मल महतो ने झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई निर्मल दा ने झारखंड आंदोलन में खुद को झोंक दिया उन्होंने शादी तक नहीं की अगर शादी कर लेता हूं तो झारखंड अलग राज्य का आंदोलन धीमा पड़ने लगेगा आजसू निर्मल दा के सपनों का झारखंड बनाने के लिए अग्रसर है। मौके पर छात्रसंघ के जिला प्रवक्ता राजेश कुमार और जिला सचिव चंदेश्वर कुमार, मृत्युंजय चंद्रवंशी, अमरेंद्र सिंह, राकेश पासवान, अक्षय सिंह, चंदेश्वर, जयराम, अजय सिंह सहित छात्र और छात्र नेता उपस्थित थे।

## छात्र-छात्राओं के बीच बंटने वाली साइकिल भी अब सुरक्षित नहीं

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। कल्याण विभाग द्वारा छात्र-छात्राओं के बीच बांटने वाले साइकिल भी अब सुरक्षित नहीं है। भवनाथपुर प्रखंड कार्यालय में रखे 400सौ साइकिल में 13 साइकिल की चोरी हो गयी है। हीरो इकोटेक कंपनी के सुपरवाइजर परितोष कुमार ने भवनाथपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी नंदजी राम से शिकायत की है। उन्होंने बताया कि बुधवार को शाम में हम लोग साइकिल निरीक्षण कर के रात में सो रहे थे। जब सुबह हुआ तो हम लोगों ने साइकिल के पास गये, तो देख की बाउंड्री के ऊपर वाला तार पलाश से कटकर 13 साइकिल चोरी कर ली गयी। भवनाथपुर प्रखंड परिसर में पिछले कई माह से कल्याण विभाग के साइकिल को रखा गया है। बीडीओ नंदजी राम ने बताया कि प्रखंड कार्यालय के परिसर में रखे गये साइकिल की चोरी हुई है। हीरो इकोटेक कंपनी के सुपरवाइजर को स्थानीय थाने में चोरी की प्राथमिक की दर्ज करने को कहा है।


**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1262 Dated 10.06.2024 I, ROHIT KUMAR S/o Virendra Mahto, aged about-23 Years, by faith-Hindu, by Occupation-Student, by Nationality-Indian, R/o-Kaitha, PO-Kaitha, P.S- Ramgarh, Dist-Ramgarh (Jharkhand), do hereby solemnly affirm and declare as follows:- 1. That my actual & correct name is ROHIT KUMAR which has been mentioned in my Aadhar Card bearing Aadhar No. 8409 3750 8207 and PAN Card bearing PAN Card No. OUHPK1834B. 2. That due to mistake my name has been mentioned as ROHIT KUMAR MAHTO in my Bank Passbook, Bank of India, Ramgarh Cantt Branch bearing Account No. 481910110002906. 3 That ROHIT KUMAR and ROHIT KUMAR MAHTO both name are same & single person i.e myself. 4. That I want to rectify my actual and correct name ROHIT KUMAR in Place of ROHIT KUMAR MAHTO in my Bank Passbook, Bank of India, Ramgarh Cantt Branch bearing Account No. 481910110002906. 5. That above statement made by me are genuine & correct.



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, रॉंची,**
**दीन दयाल नगर, बूटी रोड, रॉंची–834008**

अतिअल्पकालीन ई–प्रोक्योरमेंट सूचना

(3rd Call)

[Previous PR 330585 Road(24-25):D]

ई–निविदा पत्रांक सं0–NH/RANCHI/04 दिनांक : 08.08.2024

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्य का नाम | Emergent reconstruction of culvert over canal at km 56+700 and emergent repair of culverts over canal at km 49+600, km 53+400 and km 54+600 of NH-143AG under N.H. Division Ranchi in the State of Jharkhand |
| 2. | प्राक्कलित राशि | रूपये 59,21,166/- (उन्सठ लाख इक्कीस हजार एक सौ छियासठ रूपये मात्र) |
| 3. | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 45 दिन |
| 4. | निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 22.08.2024 समय 05.00 अपराह्न तक |
| 5 | निविदा प्रकाशन की तिथि | 16.08.2024 समय 11:00 पूर्वाह्न |
| 6. | निविदा आमंत्रित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, बूटी रोड, रॉंची–834008 |
| 7. | ई–प्रोक्योरमेंट सेल/प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का दूरभाष संख्या | 0651-2402014 |

* परिमाण विपत्र के मूल्य का भुगतान NTRP Portal- https://bharatkosh.gov.in/MinistryInfo.aspx पर Online होना है। Online भुगतान के पश्चात् चालान की प्रति जमा करना अनिवार्य है।
* निर्धारित निविदा तिथि को सरकार द्वारा अवकाश घोषित होने की स्थिति में निविदा आमंत्रण की तिथि अगले कार्य दिवस को होगी।
* प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है। बिना कारण बताये निविदा को स्थगित या रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित है।
* अन्य जानकारी MORT&H के ई–टेंडर पोर्टल https://eprocure.gov.in/eprocure/app पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमंडल, रॉंची।

PR.NO.332269 Road(24-25):D



**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**
**(विकास शाखा)**

E-Mail – ddcgumla2014@gmail.com, Phone No. 06524-222209 Fax No. 06524-222209

**–: अति अल्पकालीन निविदा :–**

गुमला जिला में अतिविशिष्ट अतिथियों के भ्रमण एवं अन्य कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु विभिन्न प्रकार के जर्मन हैंगर/टेंट/शामियाना/लाईट/साउण्ड एवं अन्य संबंधित सामग्री की आपूर्ति के दर निर्धारण के लिए निबंधित एवं इच्छुक आपूर्तिकर्त्ता/फर्मों से दिनांक 16.08.2024 के अपराह्न 12.30 बजे तक अति अल्पकालीन मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता दिनांक 16.08.2024 के पूर्वाह्न अपराह्न 12.30 बजे तक जिला विकास शाखा, गुमला (विकास भवन) के कार्यालय में निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मुहरबन्द निविदा दे सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात् प्राप्त निविदाऐं स्वीकार नहीं की जायेंगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 16.08.2024 को अपराह्न 03.00 बजे विकास भवन, गुमला के सभागार में जिला क्रय समिति द्वारा निविदादाता अथवा उनके प्राधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोला जाएगा।

निविदा से संबंधित विस्तृत विवरणी जिले के वेबसाईट (www.gumla.nic.in) पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त, गुमला — उपायुक्त, गुमला

PR 332276 Rural Development(24-25)#D



**झारखण्ड सरकार कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोंदा, राँची।**
**अतिअल्प कालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं० –03/2024–25**

Email Id – eedwsd.gonda@gmail.com

1. विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखंड, राँची।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
3. परिमाण विपत्र की बिक्री की अंतिम तिथि एंव समय :– 16.08.2024 को अपराह्न 1.00 बजे तक।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एंव समय :– 17.08.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक।
5. निविदा खोलने की तिथि एंव समय :– 17.08.2024 को अपराह्न 3.30 बजे ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1) कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा,राँची। 2) अधीक्षण अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता नागरिक अंचल, राँची।
7. निविदा प्राप्ति एंव खोलने का स्थानः– :– कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।
8. कार्यो की विवरणी :–

| क | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | B.O.Q. का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि। |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Re Construction of Boundary Wall at VISWA Hostel Kanke Ranchi. | 2,29,121.00 | 5000.00 | 500.00 | 7 Days |

नियम एवं शर्तें सूचनापट् पर देखा जा सकता हैं।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गोन्दा, राँची।

PR 332243 Drinking Water and Sanitation(24-25)D


# चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों का चार महीने का मानदेय लंबित, भूखों मरने की स्थिति

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** जिले के सभी तीनों मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (रामासाहू सीएम उत्कृष्ट विद्यालय, सीएम उत्कृष्ट विद्यालय बालिका, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उत्कृष्ट विद्यालय) में एवरग्रीन कंपनी के द्वारा मानदेय पर विभिन्न पदों (सुरक्षा प्रहरी, माली और सुरक्षा प्रहरी) पर अठारह लोगों को पिछ्ले मार्च महीने में नियुक्ति की गयी थी। सिर्फ शुरूआती मार्च माह का मानदेय भुगतान किया गया। शेष माह का मानदेय अभी तक नहीं दिया गया है, इससे इन कर्मियों की आर्थिक स्थिति काफी बदतर हो गयी है। सुरक्षा प्रहरी मिथिलेश कुमार चंद्रवंशी ने इस संबंध में बताया कि जिले में हम अठारह लोगों की नियुक्ति एवर ग्रीन कंपनी के द्वारा की गयी है, जो जिले के तीनों उत्कृष्ट विद्यालयों में पदस्थापित किये गये हैं। हमलोगों की नियुक्ति हुए लगभग छह महीने होने को हैं, परंतु मात्र मार्च महीने का मानदेय देकर छोड़ दिया गया है। इस संबंध में जब इस जिले के ज़िम्मेदार पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान में पदस्थापित गायत्री साहू से पूछने पर बताया जाता है कि झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद रांची से इन कर्मियों को न तो राशि भुगतान करने का आदेशपत्र निर्गत हुआ है और न तो कुछ मार्गदर्शन ही प्राप्त हुआ है। फिर एवरग्रीन कंपनी से इस संबंध में पूछते हैं, तो वे कहते हैं कि जब तक कंपनी को डीईओ कार्यालय से राशि प्राप्त नहीं होगी, हम कैसे मानदेय का भुगतान कर पायेंगे। इसी प्रकार दोनों कार्यालय के चक्कर में हम लोगों का विगत चार महीने का मानदेय भुगतान नहीं हो पा रहा है। इसमें हम लोगों का क्या दोष है?

मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका गढ़वा में पदस्थापित सफाई कर्मी कलावती देवी ने बताया कि पदाधिकारीयों के चक्कर में बकाये महीने का मानदेय नहीं मिलने से भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गयी है। उनके बच्चों के स्कूल का फीस नहीं जमा हो सका है और अन्य आवश्यक कार्य पैसे के अभाव में लंबित है। सभी कर्मियों ने कहा कि हमलोग कई बार ज़िला कार्यक्रम पदाधिकारी गायत्री साहू और ज़िला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रजा से भी मुलाकात कर बकाये चार महीने का मानदेय भुगतान कराने हेतु लिखित आग्रह पत्र भी समर्पित किया है। लेकिन केवल सांत्वना दिया जाता है कि प्रयास करेंगे। आप मीडिया बंधुओं से भी आग्रह है कि इस कार्य में हमलोगों की सहायता करें। इस अवसर पर तीनों मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों के सुरक्षा प्रहरी, माली और सफाईकर्मी जैसे गणेश राम, शंकर रवि, ललीता देवी, अजय कुमार रजक, रामदयाल सिंह, कमलेश, गिरिनाथ, शीला देवी, ज्ञांति, पूनम, सरिता आदि उपस्थित थे।


**कार्यालय, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

लोहरदगा जिलान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग, कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों में अध्ययन करने वाले छात्र/छात्राओं के लिए वित्तीय वर्ष 2024–25 में खाद्यान्न सामग्रियों की आपूर्ति करने हेतु विक्रेताओं से दिनांक 17.08.2024 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक मुहरबन्द निविदा जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा के पदनाम से आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता विहित प्रपत्र में अपना निविदा समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा में निर्धारित अवधि के पूर्व जमा कर सकते हैं। दिनांक 17.08.2024 के पूर्वाह्न 11:30 बजे परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण, लोहरदगा (ITDA) के कार्यालय कक्ष में निविदादाता या उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में जिला क्रय समिति के समक्ष निविदा खोली जाएगी, जिसमें नमूना एवं संबंधित कागजातों के साथ वे उपस्थित रहेंगे। आपूर्ति संबंधित विवरणी एवं निविदा की शर्त्ते लोहरदगा जिला के अधिकारिक वेबसाइट www.lohardaga.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला कल्याण पदाधिकारी, लोहरदगा — परियोजना निदेशक, आई0टी0डी0ए0, लोहरदगा

PR 332260 Lohardaga(24-25).D

# बेमिसाल विनेश

विमिन रेसलर विनेश फोगाट ने जिस तरह से पैरिस ओलिंपिक के 12वें दिन फाइनल में जगह बना कर इतिहास रचा और फिर डिस्क्वॉलिफाई कर दी गयीं, वह किसी सदमे से कम नहीं। पूरा देश जैसे उनकी उपलब्धि पर झूम उठा था, वैसे ही उन्हें अयोग्य घोषित किये जाने पर शोक और गुस्से से भर गया। हालांकि इस तरह का घटनाक्रम किसी भी स्पोर्ट्सपर्सन के लिए दुखद होता, लेकिन विनेश फोगाट जिस तरह का जज्बा दिखाते हुए यहां तक पहुंची थीं, उसमें देश ही नहीं दुनिया भर के खेल प्रेमियों की भावनाओं का उनके साथ जुड़ जाना बिल्कुल स्वाभाविक था। खास कर इसलिए कि मात्र 100 ग्राम वजन ज्यादा होने की वजह से ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि से वंचित किया जाना किसी के लिए भी आसानी से हजम होना मुश्किल है। इससे पहले विनेश ने साथी पहलवानों के साथ कुश्ती के क्षेत्र में चल रही कथित गड़बड़ियों के खिलाफ आवाज बुलंद कर पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा था। कुश्ती महासंघ के तत्कालीन अध्यक्ष के खिलाफ यौन शोषण जैसा गंभीर आरोप लगाने का मतलब था करियर दांव पर लगाना। हालांकि उस मामले में कानूनी प्रक्रियाएं चल रही हैं और अदालत के फैसले का इंतजार है। लेकिन इन सबके बावजूद ओलिंपिक में अयोग्य करार दिये जाने से पहले का विनेश का प्रदर्शन दिखाता है कि उनमें कितनी हिम्मत है।

**कुश्ती महासंघ के मौजूदा अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा भी है कि सपोर्ट स्टाफ द्वारा अपना काम ठीक से न करने संबंधी शिकायतों की जांच की जायेगी। तात्कालिक आरोप-प्रत्यारोपों के जरिए इन सवालों के सही जवाब नहीं मिल सकते।**

यह भी तय है कि कुश्ती महासंघ के खिलाफ आवाज उठा कर उन्होंने इसके तत्कालीन कर्ताधर्ताओं की नाराजगी मोल ली थी। इससे यह भी समझा जा सकता है कि खेल ढांचे का एक हिस्सा विनेश के साथ सहज नहीं महसूस कर रहा होगा और उन्हें पैरिस ओलिंपिक की अपनी पूरी यात्रा प्रतिकूल माहौल में तय करनी पड़ी होगी। यह संघर्ष का उनका जज्बा ही था, जिसमें उन्होंने 50 किलोग्राम कैटिगरी की वर्ल्ड और ओलिंपिक चैंपियन युई सुसाकी तक को पराजित कर दिया, जो 82 मैचों से अजेय थीं। यह बात कई कोनों से उठ रही है कि 100 ग्राम ज्यादा वजन निकलना खुद रेसलर की नहीं, बल्कि सपोर्ट स्टाफ की कमी का नतीजा कहा जायेगा। कुश्ती महासंघ के मौजूदा अध्यक्ष संजय सिंह ने कहा भी है कि सपोर्ट स्टाफ द्वारा अपना काम ठीक से न करने संबंधी शिकायतों की जांच की जायेगी। तात्कालिक आरोप-प्रत्यारोपों के जरिए इन सवालों के सही जवाब नहीं मिल सकते। जो कुछ हुआ है, वह न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि खेल ढांचों से लेकर राजनीतिक संस्कृति तक तमाम पहलुओं की गहराई से पड़ताल की मांग करता है। जहां तक विनेश की बात है, तो तकनीकी आधार पर मेडल चाहे जिसके भी नाम कर दिया गया हो, दुनिया भर के खेल प्रेमियों के दिलों में उनकी उपलब्धि हमेशा के लिए दर्ज हो चुकी है।

**अभिमत**
**आजाद सिपाही**

**जनजातियों की सांस्कृतिक परंपरा और समाज-संस्कृति पर विचार की एक दिशा यहां से भी विचारणीय मानी जा सकती है। मानव विज्ञानियों और समाजशास्त्र के अद्येताओं ने विभिन्न जनजातीय समुदायों का सर्वेक्षणमूलक व्यापक अध्ययन प्रस्तुत किया है और उसके आधार पर विभिन्न जनजातियों के विषय में सूचनाओं के विषद कोष हमें सुलभ हैं। पुनः इस अकूत शोध- सामग्री के आधार पर विभिन्न जनजातीय समूहों और समाजों के बारे में निष्कर्षमूलक समानताओं का निर्देश भी किया जा सकता है।**

# अनूठी है आदिवासियों की जीवन शैली और परंपरा

अर्जुन उरांव




आदिवासी समाज और संस्कृति के प्रति हमारे तथाकथित सुसंस्कृत समाज का रवैया क्या है? वो चाहे सैलानी, पत्रकार, लेखक हों या समाजशास्त्री, आम तौर पर सबकी एक ही मिलीजुली कोशिश इस बात को खोज निकलने की रही है कि आदिवासियों में अदभुत और विलक्षण क्या है? उनके जीवन और व्यवहार में आश्चर्य और तमाशे के लायक चीजों की तलाश और हमसे बेमेल और पराये पहलुओं को इकहरे तरीके से रोशन करने लोगों का ध्यान आकर्षित करने और मनोरंजन के लिए ही लोग आदिवासी समाज और सुसंस्कृति की ओर जाते रहे हैं। नतीजा हमारे सामने है। उनके यौन जीवन और रीति-रिवाजों के बारे में गुदगुदाने वाले सनसनीखेज ब्योरे तो खूब मिलते हैं, पर उनके पारिवारिक जीवन की मानवीय व्यथा नहीं। उनके अलौकिक विश्वास, जादू-टोने और विलक्षण अनुष्ठानों का आंखों देखा हाल तो मिलता है, उनकी जिंदगी के हर मोड़ पर हाड़तोड़ संघर्ष की बहुरूपी और प्रमाणिक तस्वीर नहीं। वे आज भी आदमी की अलग नस्ल के रूप में अजूबा की तरह पेश किये जाते हैं। विचित्र वेशभूषा में आदिम और जंगली आदमी की मानिंद।

**झारखंड की जनजातीय संस्कृति और गैर जनजातीय सदानी संस्कृति के बीच परस्पर आदान-प्रदान का सिलसिला पुराना है।**

जनजातियों की सांस्कृतिक परंपरा और समाज-संस्कृति पर विचार की एक दिशा यहां से भी विचारणीय मानी जा सकती है। मानव विज्ञानियों और समाजशास्त्र के अद्येताओं ने विभिन्न जनजातीय समुदायों का सर्वेक्षणमूलक व्यापक अध्ययन प्रस्तुत किया है और उसके आधार पर विभिन्न जनजातियों के विषय में सूचनाओं के विषद कोष हमें सुलभ हैं। पुनः इस अकूत शोध- सामग्री के आधार पर विभिन्न जनजातीय समूहों और समाजों के बारे में निष्कर्षमूलक समानताओं का निर्देश भी किया जा सकता है। लेकिन ऐसे अध्ययन का संकट तब खड़ा हो जाता है, जब हम ज्ञान को ज्ञान के लिए नहीं मानकर उसकी सामाजिक संगति की तलाश शुरू करते हैं। ये सारी सूचनाएं हमें एक अनजानी दुनिया से हमारा साक्षात्कार कराती हैं, किंतु इस ज्ञान का संयोजन भारतीय समाज में उनके सामंजस्यपूर्ण समायोजन के लिए किस प्रकार किया जाये, यह प्रश्न अन्य दूसरे सवालों से अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है। यहां समाज-चिंतन की हमारी दृष्टि और उसके कोण की वास्तविक परीक्षा भी शुरू हो जाती है। ठीक यहीं से सूचनाओं का विश्लेषण-विवेचना चुनौती बनकर खड़े हो जाते हैं। किसी भी समाज का अतीत बहुत महत्त्वपूर्ण होता है। तो भी शुद्ध अतीतजीवी होने की भी कोई तार्किकता नहीं हो सकती है। जनजातियों के संदर्भ में विचार करें, तो यह सवाल और नुकीला हो जाता है कि क्या उन्हें आदिम मानव सभ्यता के पुरातात्विक पुरावशेष के रूप में पुरातन जीवन-स्थिति में ही अलग-थलग छोड़ दिया जाये या विज्ञान और तकनीकी प्रगति की आधुनिक व्यवस्था में समायोजित होने का अवसर भी दिया जाये? सवाल तो यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि क्या उनके विकास के नाम उन्हें आधुनिक जटिल राज्य तंत्र और समाज-व्यवस्था के सामने टूटकर विखरने के लिए छोड़ दिया जाये या उन्हें नये परिवेश में सहज गतिशील होने के लिए पर्याप्त अवसर दिया जाये?

आज जब औद्योगिक विकास के लिए खनिज संपदा और जंगल-पहाड़ के इलाके राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए अनिवार्यतः उपयोगी माने जा रहे हैं और ये सारी सहूलियतें इन्हीं आदिवासी अंचलों में सुलभ हैं, तो क्या क्षेत्रीय या राष्ट्रीय हितों के लिए 10 प्रतिशत आदिवासियों को विस्थापित कर उनकी अपनी जीवन शैली, समाज- संरचना, सांस्कृतिक मूल्यों में बलात वंचित कर किया जाये? यानी आज यह सर्वोपरि आवश्यकता दिख रही है कि विकास की मौजूदा अवधारणा की एक बार फिर समीक्षा की जाये और नयी आधुनिक व्यवस्था में जनजातीय समूहों के मानवीय अधिकारों की समुचित अभिरक्षा की जाये। तभी जजतीय संस्कृति या उसकी परंपरा के विषय में हमारी चिंता को एक वास्तविक आधार सुलभ होगा।

आदिवासियों के आख्यान उनके मिथक, उनकी परंपराएं आज इसलिए महत्वपूर्ण नहीं हैं कि वे बीते युगों की कहानी कहती हैं, बल्कि उनकी अपनी संस्थाओं और संस्कृति के एतिहासिक तर्क और बौद्धिक प्रसंगिकता के लिहाज से भी महत्वपूर्ण हैं। उनकी कलात्मक अभिव्यक्तियां, सौंदर्यात्मक चेष्टाएं और अनुष्ठानिक क्रियाएं हमारी-आपकी कला-संस्कृति की तरह आराम के क्षणों को भरने वाली चीजें नहीं हैं, उनकी पूरी जिंदगी से उनका एक क्रियाशील, प्रयोजनशील और पारस्परिक रिश्ता है, इसीलिए उनकी संस्कृति एक ऐसी अन्विति के रूप में आकार ग्रहण करती है, जिनमें उनके जीवन और यथार्थ की पुनार्चना होती हैं।

सांस्कृतिक परंपरा पर विचार करने से पहले यह परिभाषित कर लेना उचित प्रतीत होता है कि संस्कृति क्या है? संस्कृति कर लेना उचित प्रतीत होता है कि संस्कृति और लोकतंत्र में क्या अंतर है। जनजातीय संस्कृति और लोक संस्कृति में भी कोई अंतर है या नहीं? विविध प्रकार की जीवन-शैलियों और सामाजिक परंपराओं में संस्कृति के जो स्थानिक और देशिक रूप दिखाई पड़ते हैं, उनके वर्गीकरण और एकीकरण के क्या आधार हो सकते हैं। संस्कृति की जो व्याख्या मानवशास्त्री देते हैं, वह स्वयं संस्कृतिकर्मियों के लिए कितना अर्थपूर्ण है?

झारखंड की जनजातीय संस्कृति और गैर जनजातीय सदानी संस्कृति के बीच परस्पर आदान-प्रदान का सिलसिला पुराना है। इसकी जांच के आधार के रूप में भाषा का उपयोग जिन विद्वानों ने किया है, उनमें डॉ कायपर, प्रोपिजूलिस्की, डॉ प्रबोधचंद्र बागची, प्रो सिलवां लेवी और डॉ दिनेश्वर प्रसाद के अध्ययन से यह तथ्य प्रमाणित होता है कि संस्कृतिक संबद्धता का इतिहास उतना ही पुराना है, जितना इस दुर्गम क्षेत्र में मानव-विकास। इस संस्कृतिक संबद्धता की सदियों पुरानी परंपरा को डॉ वीर भारत तलवार जैसे विद्वान झारखंडी बनाम ब्राह्मणवादी संस्कृति की संघर्ष यात्रा के रूप में विवेचित करते हैं। उन्होंने यह बताने की कोशिश की है। झारखंड की समतावादी संस्कृति और भेदवादी ब्राह्मणवादी संस्कृति एक दूसरे की विरोधी हैं। कालांतर में जो सांस्कृतिक प्रदूषण इस क्षेत्र की अनार्य संस्कृति में फैला है, वह ब्राह्मणवादी संस्कृति के हस्तक्षेप के कारण ही। उनका मानना है कि झारखंडी जातियों के ब्राह्मणीकरण की शुरुआत असल में झारखंड में सामंती राज्य सत्ताओं के उदय के बाद से हुई। अपने कथन के लिए साक्ष्य जुटाते हुए डॉ तलवार, डॉ कुमार सुरेश सिंह के चेरो लोगों पर किये गये शोध अध्ययन का हवाला देते हैं, जिसमें दिखाया गया है कि झारखंड में विभिन्न सामंती राज्य कायम हुए तो उनके राजपरिवार ही, जो बाकी जनता पर अपनी श्रेष्ठता को साबित करना चाहते थे, ब्राह्मणवादी संस्कृति को लाने के माध्यम बने। एक ही कबीले के शेष लोगों से खुद को ऊंचा घोषित करने के लिए अपना संबंध ब्राह्मणवाद से जोड़ा। इस काम के लिए ब्राह्मणवाद ही सबसे उपयोगी व्यवस्था थी।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## देश-विदेश की खबरें

# बीएसएफ ने भारत में घुस रहे 1500 बांग्लादेशियों को रोका

**अंतरिम सरकार के शपथ ग्रहण में भारत को भी न्योता**

**हाई कमिश्नर जा सकते हैं**

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश में हिंसा और राजनीतिक उथल-पुथल के बीच इरऋने भारत में घुसने की कोशिश कर रहे करीब 1500 बांग्लादेशियों को रोका है। इनमें से 1 हजार लोग बिहार और 500 लोग पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी के रास्ते भारत आ रहे थे।

घुसपैठ को देखते हुए भारत-बांग्लादेश बॉर्डर पर बीएसएफ अलर्ट हो गयी है। वहीं भारत के विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया है कि शेख हसीना का आगे का क्या प्लान है, उन्हें इसकी जानकारी नहीं है। वहीं, बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अगुआई में बन रही अंतरिम सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में भारत को भी न्योता मिला है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता जायसवाल ने बताया कि बांग्लादेश में भारत के हाई कमिश्नर इस शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हो सकते हैं। अंतरिम सरकार में 15 सदस्य होंगे। यूनुस आज दोपहर ढाई बजे ढाका पहुंच गए हैं। रात 8 बज कर 30 मिनट पर सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक, शपथ समारोह में करीब 400 लोग शामिल होंगे।

# लगातार नौवीं बार रेपो रेट को 6.5% पर स्थिर रखा

**रिजर्व बैंक ने 18 महीनों से ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति ने तीन दिन की बैठक के बाद रेपो रेट को मौजूदा दर 6.5% पर बरकरार रखने का फैसला किया है। आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मौद्रिक नीति समिति ने 6, 7 और 8 अगस्त को हुई बैठक के में 4:2 के बहुमत से नीतिगत ब्याज दरों यानी रेपो रेट को 6.5% पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया। रेपो रेट में फरवरी 2023 से कोई बदलाव नहीं किया गया है।

एमपीसी ने लगातार नौंवी बैंठक में रेपो रेट को 6.5% पर स्थिर रखने का फैसला किया है। एमपीसी के फैसलों के एलान के बाद अब एक बात साफ हो गई कि आम आदमी को ऋणों की ईएमआई पर फिलहाल कोई राहत नहीं मिलने वाली है।

एमपीसी के फैसलों की जानकारी देनते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अस्थिरता दिख रही है। हालांकि दुनियाभर में महंगाई में कमी आ रही है। सेंट्रल बैंक अर्थव्यवस्था की स्थिति के आधार पर ब्याज दरों पर फैसला ले रहे हैं। घरेलू अर्थव्यवस्था में मजबूती कायम है।

सर्विस सेक्टर का प्रदर्शन काफी बेहतर हुआ है। सेवा क्षेत्र और निर्माण क्षेत्र में मजबूती जारी है। आरबीआई गवर्नर ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 में जीडीपी 7.2% बरकरार रहने का अनुमान है।

# बंगाल के पूर्व सीएम बुद्धदेव भट्टाचार्य का निधन, 80 साल की उम्र में ली अंतिम सांस

**साल 2000 से 2011 तक लगातार 11 वर्षों तक बंगाल के मुख्यमंत्री रहे**

**निधन पर राजनीतिक जगत में शोक की लहर, पीएम मोदी, ममता बनर्जी, राज्यपाल ने जताया शोक**

**निधन पर ममता ने राज्य में सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की**

### अंतिम संस्कार आज



माकपा के प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद सलीम ने बताया कि कामरेड भट्टाचार्य का शुक्रवार अंतिम संस्कार किया जायेगा। शुक्रवार शाम 4 बजे माकपा के प्रदेश मुख्यालय अलीमुद्दीन स्ट्रीट से उनकी अंतिम यात्रा निकलेगी।

### पीएम मोदी, सीएम ममता और राज्यपाल ने जताया दुख

कामरेड बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन की सूचना सामने आते ही राजनीतिक जगत में शोक की लहर छा गयी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस सहित सभी दलों के राजनेताओं और समाज के सभी वर्गों के लोगों ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है। पीएम मोदी ने एक्स पर लिखा- बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के निधन से दुखी हूं। वे एक राजनीतिक दिग्गज थे जिन्होंने राज्य की प्रतिबद्धता के साथ सेवा की। उनके परिवार और समर्थकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदनाएं। ओम शांति।

### ममता ने सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की

भट्टाचार्य के निधन पर ममता ने आज राज्य में सार्वजनिक अवकाश की भी घोषणा की। ममता ने झाड़ग्राम जिले के दौरे पर रवाना होने से पहले दोपहर में पाम एवेन्यू स्थित आवास पर भी जाकर पूर्व मुख्यमंत्री को श्रद्धांजलि दी। स्वजनों से भी उन्होंने बात की और ढांढस बंधाया।

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल के पूर्व मुख्यमंत्री और दिग्गज वामपंथी नेता बुद्धदेव भट्टाचार्य (80 साल) का गुरुवार को निधन हो गया। सुबह 8.20 बजे कोलकाता के पाम एवेन्यू स्थित अपने आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके बेटे सुचेतन भट्टाचार्य ने उनके निधन की जानकारी दी। बुद्धदेव भट्टाचार्य लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत थी। वे सीओपीडी (क्रानिक आब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज) और बुढ़ापे से जुड़ी अन्य बीमारियों से पीड़ित थे। कोलकाता में उनके घर पर ही उनका इलाज चल रहा था। वेदाग छवि वाले बुद्धदेव साल 2000 से 2011 तक लगातार 11 वर्षों तक बंगाल के मुख्यमंत्री पद पर रहे थे। बंगाल में वाममोर्चे के 34 वर्षों के शासन के दौरान बुद्धदेव भट्टाचार्य, ज्योति बसु के बाद माकपा के दूसरे और आखिरी मुख्यमंत्री थे।

2011 में तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी ने बुद्धदेव भट्टाचार्य की अगुवाई वाले वाममोर्चा शासन का अंत कर बंगाल की सत्ता पर काबिज हुई थी। बंगाल में उद्योग के लिए वाममोर्चा सरकार द्वारा किसानों से कथित जबरन भूमि अधिग्रहण के खिलाफ ममता बनर्जी की अगवाई में सिंगुर और नंदीग्राम में हुए बहुचर्चित आंदोलन के समय बुद्धदेव भट्टाचार्य ही मुख्यमंत्री थे।

2011 में हुई करारी हार के बाद भट्टाचार्य सक्रिय राजनीति से दूर हो गये थे। 2015 में माकपा के पोलित ब्यूरो और केंद्रीय समिति से भी उन्होंने इस्तीफा दे दिया था। उनके परिवार में पत्नी और एक बेटा है।

उनका जन्म 1944 में उत्तर कोलकाता में हुआ था। उन्होंने बंगाल के प्रतिष्ठित प्रेसीडेंसी कालेज से ही बंगाली साहित्य की पढ़ाई की थी। इसके बाद, वे माकपा से जुड़ गये थे। इसी दौरान वे डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन के सचिव भी रहे। भट्टाचार्य को सादगीपूर्ण जीवन जीने के लिए जाना जाता था, क्योंकि वह मुख्यमंत्री रहने के दौरान और उसके बाद पाम एवेन्यू स्थित अपने दो कमरे के सरकारी फ्लैट में ही रहे।

## 10वें दिन रेस्क्यू जारी : वायनाड लैंडस्लाइड में 138 लोग अब भी लापता

# पीएम मोदी 10 अगस्त को पीड़ितों से मिलेंगे

आजाद सिपाही संवाददाता



**वायनाड।** केरल के वायनाड में 29 जुलाई की देर रात हुए लैंडस्लाइड में अब भी 138 लोग अब भी लापता हैं। गुरुवार (8 अगस्त) को लगातार 10वें दिन रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। हादसे में अब तक 413 लोगों की मौत हुई है। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार (10 अगस्त) को पीड़ितों से मिलने वायनाड जायेंगे। प्रधानमंत्री की स्पेशल फ्लाइट कन्नूर में उतरेगी। कन्नूर से प्रधानमंत्री हेलिकॉप्टर से लैंडस्लाइड प्रभावित इलाकों का हवाई सर्वेक्षण करेंगे। इसके बाद वह रिलीफ कैंप्स में पीड़ितों से मिलेंगे, जहां 10 हजार से ज्यादा लोग शरण लिए हुए हैं। केरल सरकार ने लैंडस्लाइड में लापता 138 लोगों की लिस्ट जारी की है।

मोदी के दौरे को लेकर अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि, कहा जा रहा है कि ढट के दौरे के बाद वायनाड लैंडस्लाइड को राष्ट्रीय आपदा (लेवल-3 डिजास्टर) घोषित किया जा सकता है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बुधवार (7 अगस्त) को लोकसभा में इसकी मांग की थी।

बता दें कि वायनाड में 29-30 जुलाई देर रात 2 बजे और 4 बजे के करीब मुंडक्कई, चूरलमाला, अट्टामाला और नूलपुझा गांवों में लैंडस्लाइड हुई थीं। इनमें घर, पुल, सड़कें, गाड़ियां बह गयीं।

# केरल में मिला दिमाग पर असर डालनेवाला वायरस

**आठ महीने में 15 मामले, पांच की मौत, पुणे में जीका वायरस के 7 नये केस मिले**

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केरल में ब्रेन पर असर डालने वाले नये वायरस की पहचान हुई है। केरल सरकार ने इसका नाम अमीबिक मेनिंगोएन्सेफलाइटिस बताया है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने सात अगस्त की देर रात बताया कि जनवरी से अब तक वायरस के कुल 15 मामले सामने आये हैं। इससे पांच मरीजों की मौत हो चुकी है।

उधर पुणे में भी जीका वायरस के दो महीने में सात और नये मामले सामने आये हैं। इनमें 6 प्रेग्नेंट महिलाएं शामिल हैं।

### मेडिकल बोर्ड गठित

बता दें कि केरल में अमीबिक मेनिंगोएंसेफलाइटिस का सबसे पहला केस 2016 में आया था। इसके बाद 2019, 2020 और 2022 में एक-एक केस मिला था। इन सभी मरीजों की मौत हो गयी थी। इस बीमारी में मरीज को बुखार, सिर दर्द, उल्टी और दिमागी दौरे पड़ते हैं। केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि नये वायरस को लेकर मेडिकल बोर्ड गठित किया गया है, जो मामलो पर नजर बनाये हुए है। हालांकि अब तक कोई गाइडलाइन नहीं बनायी गयी है। लेकिन वायरस से इलाज के लिए केंद्र सरकार ने दवाइयों की आपूर्ति की है। साथ ही जर्मनी से दवाइयां खरीदी जा रही हैं। इस वायरस के सबसे अधिक 7 केस तिरुवनंतपुरम से सामने आये हैं।

# राजस्थान : पाली में 15 गांव डूबे, 100 लोगों का रेस्क्यू

## बिहार में बिजली गिरने से 8 मौतें

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** देश के लगभग सभी राज्यों में बारिश का दौर जारी है। बिहार में पिछले 24 घंटे के दौरान बिजली गिरने से 8 लोगों की मौत हुई है। गंगा, बागमती और कोसी नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। कटिहार के बरारी में सुखाई घाट से मतलुधार के बीच 5 करोड़ की लागत से बन रहे ब्रिज का पिलर और ब्रिज बॉक्स गंगा में समा गया। हिमाचल प्रदेश के मंडी के 9 मील के पास देर रात 3 बजे चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाईवे पर लैंडस्लाइड हुआ। मलबे में एक ट्रक और पिकअप फंस गया। दोनों गाड़ियों के ड्राइवर ने भागकर जान बचायी। राज्य में पिछले 24 घंटे के दौरान लगातार तेज बारिश से चंडीगढ़-मनाली हाईवे सहित 214 सड़कें बंद हैं। मध्य प्रदेश में ओंकारेश्वर डैम के 18 गेट खोल दिये गये हैं। डैम में कुल 23 गेट हैं। राजस्थान के पाली शहर में 15 गांव डूब गये हैं। अभी तक रेस्क्यू कर करीब 100 लोगों को बचाया गया है। यहां से 100 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया है। मौसम विभाग ने राज्य के 9 जिलों में अलर्ट जारी किया है। वाराणसी में 80 से ज्यादा गंगा घाट डूब गये हैं। अस्सी घाट और सुबह-ए-बनारस घाट भी जलमग्न हो चुके हैं।

# राहुल गांधी ने सुखदेव भगत को दिया पार्टी मजबूत करने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** विधानसभा चुनाव के पूर्व कांग्रेस को और मजबूती दिलाने के लिए दिल्ली में रणनीति तैयार की जा रही है। और इस रणनीति के सूत्रधार हैं स्थानीय सांसद सह पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत। सांसद सुखदेव भगत इस प्रयास में है कि गठबंधन इस बार जब विधानसभा चुनाव के लिए मैदान में उतरे तो पूरी मजबूती के साथ उतरे। ताकि पिछली बार से कम से कम 10 से 15 प्रतिशत सीटे और गठबंधन के खाते में बढ़ सकें। संगठन की मजबूती के लिए कार्यकर्ताओ में जोश भरना जरूरी है। इसके लिए सांसद सुखदेव भगत गुरुवार को नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से विशेष मुलाकात की और झारखंड में कांग्रेस की मजबूती को लेकर विस्तृत चर्चा की। सुखदेव भगत ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने उन्हें संगठन को सशक्त बनाने के लिए हर संभव कार्य करने का निर्देश दिया है। यह भी कहा गया है कि संगठन को सशक्त करने के लिए जमीनी स्तर के कार्यकर्ता जोड़े जाएं और जनहित की योजनाओं को अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से घर-घर पहुंचने में अग्रणी भूमिका निभाई जाए। राहुल गांधी ने सुखदेव भगत को प्रथम बार संसद पहुंचाने और सदन में बेहतरीन तरीके से अपनी बातों को रखने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि वह संसद के पटल पर सुखदेव भगत के बात रखने के तरीके से काफी प्रभावित हैं।

# थानेदार पर पारस हत्याकांड के तीन आरोपियों को बचाने का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** गुमला जिले का सिसई थाना एक बार फिर विवादों के घेरे में है। इस बार सिसई के थानेदार पर आरोपियों को बचाने का आरोप है। हत्या के सीधे मामले में आखिर एक थानेदार पर चार आरोपियों में से तीन आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया जा रहा है तो बात बिलकुल चिंतनीय है। क्योंकि इन्ही थानों से पीड़ितों को न्याय की प्रथम उम्मीद रहती है। सवाल तो ये उठता है कि आखिर किसके इशारे पर आरोपी पक्ष को थानेदार बचाना चाहते हैं।

**क्या है पूरा मामला :** पूरा मामला यह है कि सिसई थाना अंतर्गत एक गांव है सोगड़ा। इस गांव में बीते 4 अगस्त को पारस साहू नामक एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इस हत्याकांड में पुलिस ने 5 अगस्त को एक आरोपी संदीप साहू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मगर मृतक के पिता और भाई के अनुसार इस हत्या कांड में चार लोग शामिल थे। लेकिन जेल गया केवल एक। खुद के साथ अन्याय होता देख इस हत्याकांड को लेकर अब मृतक पारस के पिता व भाई ने एसपी को आवेदन सौप कर सिसई के थाना प्रभारी के ऊपर तीन आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया है। एसपी को दिए आवेदन में पारस साहू के पिता ने लालधर साहू ने कहा है कि 4 अगस्त को समय करीब दोपहर 1 बजे गांव के ही बहुरी देवी, उसके पति नंदकेश्वर साहू, बेटा बाबूलाल साहू व संदीप साहू सभी ने मिलकर पुत्र पारस माहू को कुदाल से पत्थर से मारकर हत्या कर दिया था। पहले बहुरी देवी ने पारस पर पत्थर से वार किया। तब पारस ने अपने बड़े भाई को फोन कर के खुद को पत्थर से कूच दिए जाने और जल्दी से आकर बचा ले जाने की गुहार लगाई थी।

मृतक के पिता की माने तो गत 4 अगस्त को ही सिमई थाना में उपरोक्त सभी आरोपियों के विरुद्ध लिखित आवेदन दिया था। जिसके बाद थाना प्रभारी के द्वारा मृतक के पिता से एक सादा कागज पर हस्ताक्षर करवा लिया गया। उस दिन कार्रवाई का आश्वासन देते हुए मृतक के परिजनों को घर भेज दिया गया` इसके बाद वे अपने पुत्र पारस साहू के क्रिया- क्रम में लग गए। जिसके कारण वे थाना जाकर अपने द्वारा दिए गए आवेदन के सम्बन्ध में जानकारी नहीं ले सके थे। इसी बीच उन्हें जानकारी हासिल हुई कि थाना में उनके आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज नही की गई है। जिसके बाद उन्होंने थाना जाकर जानकारी ली। तब थाना के पदाधिकारी के द्वारा उन्हें प्राथमिकी का प्रति उपलब्ध कराई गयी।

**क्या बोले थाना प्रभारी :** सिसई थाना के प्रभारी ने कहा कि मृतकों के परिजनों ने जो आवेदन दिया उन्होनें उसी के अनुसार प्राथमिकी दर्ज की है। ये जो आरोप है बेबुनियाद हैं।

# चैनपुर पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर पुलिस ने गुरूवार को चैनपुर थाना मोड़ के समीप पुलिस अधीक्षक गुमला के निर्देश पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। एएसआइ मदन शर्मा के नेतृत्व में एंटी क्राइम एवं सड़क सुरक्षा को लेकर थाना मोड़ के पास दो पहिया वाहन तीन पहिया वाहन तथा चार पहिया वाहन को रोककर आवश्यक वाहनों की कागजात एवं डिक्की खुलवाकर डिक्की की जांच की गयी एवं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने के निर्देश दिया गया। एएसआइ मदन शर्मा के द्वारा बताया कि सड़क सुरक्षा तथा एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन में सभी लोग हेलमेट पहने बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलावे नहीं तो होगी कार्रवाई। वाहन चेकिंग अभियान से दोपहिया बाइक चलाने वाले इधर-उधर अपना रास्ता बदलकर लोग भागते दिखे। पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार थाना क्षेत्र में कोई क्राइम की घटना ना हो वही वाहन जांच अभियान में एएसआई मदन शर्मा सहित पुलिस बल के जवान शामिल थे।

# सर्वेश्वरी शाखा समूह ने किया एक हजार पौधों का वितरण



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** सर्वेश्वरी शाखा समूह द्वारा ग्रामीणों के बीच गुरुवार को 1000 पौधों का वितरण ग्रामीणों के बीच किया गया। पौधा वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित बीडीओ दिनेश कुमार द्वारा का ग्रामीणों को पौधा बाटा गया। इस क्रम में कटहल, महुगुनी सहित कई फलदार वृक्षों के पौधों का वितरण किया गया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि सर्वेश्वरी शाखा समूह द्वारा जो पहल पर्यावरण रक्षा को लेकर की जा रही है। यह काबिले तारीफ है। पर्यावरण की रक्षा के लिए हम सभी को कृत संकल्पित होने की जरूरत है। सभी को एक-एक पौधा जरूर लगानी चाहिए ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। वृक्ष हम सभी को जीवन देता है। मौके पर नंदलाल साहू, बलराम सोनी, बबलू साहू, मोतीलाल साहु, रवि गुप्ता सहित सर्वेश्वरी शाखा समूह के कई सदस्य और कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# इंश्योरेंस के सभी नियमों की जानकारी जरूरी : प्रभाष कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला सड़क सुरक्षा समिति द्वारा गुमला जिले के कोटाम ग्राम में जा कर नेक नागरिक या गुड समिरिटन से संबंधित प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही ग्राम में अज्ञात वाहन से पीड़ित परिवार से संपर्क कर मुआवजे के विषय में लगने वाले सभी दस्तावेजों को एकत्रित करते हुए पीड़िता से फॉर्म भरवाया। ज्ञात हो की सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने की स्थिती में आपदा राहत कोष से 1 लाख रुपये मिलते हैं। साथ ही अज्ञात वाहन से मृत्यु होने पर 1 लाख के अलावा 2 लाख और मिलते हैं। वाहन अगर ज्ञात हो तो मुआवजे के लिए कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत होना पड़ता है जिसमे मुआवजे की राशी की गणना कोर्ट के द्वारा किया जाता है जिसकी राशी बहुत अधिक भी होती है। हाल के दिनों में गुमला कोर्ट में 2 करोड़ के मुआवजे के लिए भी आवेदन किया गया है। इन्सुरेंस के सभी नियमों की जानकारी रखना आज के दिनों में बहुत आवश्यक है। मात्र 2 हजार के इन्सुरेंस आपके अनुपस्तिथि में आपके परिवार के लिए रखवाला का काम करता है। इसके लिए आपके पास ड्राइविंग लाइसेंस होना अति आवश्यक है। हाँ अगर गाड़ी चलाते समय आपने हेलमेट/सीट बेल्ट नहीं लगाया है तो इन्सुरेंस कंपनी 30% से ज्यादा की मुआवजा राशी में कटौती भी कर सकती है। गुड समिरिटन वैसे नागरिक होते हैं जिन्होंने राह चलते किसी सड़क दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति की बिना पहचान के मदद की हुई होती है।

मौके पर सड़क सुरक्षा प्रबंधक प्रभाष कुमार के अलावा सड़क सुरक्षा विश्लेषक प्रणय कांसी और तकनिकी सहायक मंटू रवानी उपस्थित थे।

# बारिश से साहू मोहल्ला के कई घरों में घुसा पानी

**सिमडेगा (आजाद सिपाही)।** सिमडेगा मूसलाधार बारिश से आदर्श नगर साहू मोहल्ला के कई घर हुए जलमग्न। बुधवार की शाम बारिश इतनी जबरदस्त हुई की कई घरों में पानी घुस गई। आफत की बारिश में जहां एक और लोगों का सामान बर्बाद हुआ । वहीं दूसरी ओर बारिश हाल की कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए आदर्श नगर में करीबन 20- 25 घर में पानी घुसा वही आदर्श नगर साहू मोहल्ला के पश्चिमी टोली के लोगों को घुटने भर से ऊपर पानी में पार कर आना -जाना पड़ा जबकि नमाजी कंपलेक्स से आदर्श नगर साहू मोहल्ला वाली पथ पर 2 फीट से ऊपर पानी की धार बह रही थी । दो घंटे हुई तेज मूसलाधार बारिश के कारण शहर के कई गली मुहल्ले नदियों के जैसी हो गई। हर तरफ पानी पानी हो गए।

# कोचा गांव में सप्ताह भर से खराब है ट्रांसफार्मर

## रातों को पसर जाता है घोर अंधेरा

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिसई।** सिसई प्रखंड घाघरा पंचायत के कोचा गांव मे पिछले एक सप्ताह से ट्रांसफरमर खराब होने के कारण गांव के सैंकड़ों घरो को अंधेरे मे रात गुजारना पड़ रहा है। बरसात के इस मौसम में गांव देहात की स्थिती और दयनीय हो जाती है। चारों ओर झाड़ियां उग आती हैं। जहां से जहरीले सांप और खतरनाक जानलेवा कीड़ों का निकलना आम बात है। लोगो को सांप और बिच्छूओ का खतरा बना रहता है। लोगो को मोबाइल चार्ज कराने दूसरे क्षेत्र या गांव जाना पड़ रहा है। ट्रांसफरमर खराब के कारण गांव के बच्चों का पठन पाठन भी बाधित हो रहा है। बिजली नहीं होने से कई प्रकार की समस्या उत्पन्न हो रही है।ग्रामीणो ने विभाग को इसकी जानकारी भी दी थी। विभाग ने अपना कर्मी भेज कर ट्रांसफरमर ठीक कराने का प्रयास भी किया। लेकिन पूर्ण रूप से खराब होने के कारण ट्रांसफरमर नही बन सका। मिस्त्री का कहना है कि नया ट्रांसफरमर लगाना होगा।

अब सवाल है कि जबतक गांव मे नया ट्रांसफरमर नही लग जाता है तबतक ग्रामीणो को अंधेरे मे रात गुजारना होगा।

# हाथी ने किसान के घर को तोड़ा



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड अंतर्गत सीसीकरमटोली पंचायत के रेंगारी गांव निवासी किसान अब्रहम खलखो और जरडा पंचायत के तिल्हौटोली निवासी हरिचरण भगत के घर को बीती रात दो जंगली हाथी ने घर को क्षतिग्रस्त करते हुए घर मे रखे अनाज को चट कर दिया। वहीं रेंगारी निवास अब्रहम खलखो ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि रात्रि लगभग 12 बजे जंगली हाथी जंगल से निकला और मेरा को क्षतिग्रस्त करने लगा। जब कोरो को खींचने लगा तो खपड़ा गिरने लगा। तब मै बाहर निकला तो देखा कि जंगली हाथी घर को क्षतिग्रस्त कर रहा है। तो हल्ला करने लगा तब गांव वाले उठे और जंगली हाथी को तिल्हौटोली की ओर खदेड़ा गया। उसी क्रम मे तिल्हौटोली निवासी हरिचर भगत के घर को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी मिलने पर जरडा मुखिया बिनय एक्का पीड़ित परिवार को आश्वासन देते हुए कहा कि मै अपने स्तर से वन विभाग से जो बन पड़े सहयोग करूंगा। दोनो पीड़ित परिवार वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

# घाघरा के स्कूल में अंतर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू



आजाद सिपाही संवाददाता

**घाघरा।** चिल्ड्रेन अकादमी प्लस टू स्कूल रन्हे घाघरा में स्कूली बच्चों के बीच अंतर हाउस फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ गुरुवार को विद्यालय के समीप मैदान में किया गया। मैच का उद्घाटन विद्यालय के प्रबंधक विजय साहू के द्वारा किक मारकर किया गया। उद्घाटन मैच रेड हाउस बनाम ब्लू हाउस के बीच खेला गया जिसमें रेड हाउस 6-5 से विजई रही। वही प्रबंधक विजय साहू ने बताया कि उक्त मैच का फाइनल 15 अगस्त के दिन किया जायेगा। साथ ही उन्होंने कहा बच्चों के बीच पढ़ाई के साथ-साथ खेल के क्षेत्र में भी करियर तलाशने को लेकर यह टूनार्मेंट कराया जा रहा है, ताकि बच्चों को एक अच्छा प्लेटफार्म मिले जहां वह अपने प्रतिभा को प्रदर्शित कर सके। उन्होंने विद्यार्थियों को कई खिलाड़ियों का परिचय देते हुए मार्गदर्शित किया और आने वाले समय में राज्य व देश का नाम रोशन करने की बात कही। इस मौके पर मुख्य रूप से विद्यालय के शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मचारी मौजूद थे।

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के लिए 15 तक लगाये जायेंगे शिविर

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखण्ड सरकार द्वारा 21 से 50 आयु वर्ग की बहनों/माताओं जिन्हें अन्य किसी पेंशन योजना का लाभ नहीं मिलता हो उन्हें झारखण्ड मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से आच्छादित करते हुए पोषण, स्वास्थ्य और स्वच्छता पर खर्च करने के उद्देश्य से प्रति माह 1000 रुपये सम्मान राशि दिया जाना है। उक्त योजना के सुयोग्य लाभुकों से आवेदन प्राप्त करने हेतु जिला अंतर्गत सभी पंचायतो एवं नगर निगम क्षेत्र के वार्डो के विभिन्न स्थानों पर विशेष कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उक्त सभी स्थानों में विशेष कैम्प 15 अगस्त तक प्रतिदिन लगाये जाएंगे। उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निदेशार्नुसार सभी प्रखंडों के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी अपने प्रखंड क्षेत्र में मौजूद रहकर व्यवस्थित तरीके से कैम्प के संचालन को लेकर सक्रिय रहे।

# गुमला के जायरीनों ने अजमेर में ख्वाजा गरीब नवाज के मजार पर की चादरपोशी

## यह चादर गुमला अंजुमन इस्लामिया के तरफ से झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता मोहम्मद लड्डन द्वारा भेजा गया था

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** गुमला जिला से लगभग 40 की संख्या में पुरुष महिला मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा के लिए अजमेर शरीफ भेजे गए थे तीर्थ यात्रियों ने बताया कि गुमला जिला प्रशासन के जानिब से बहुत ही शानदार तरीके से हम यात्रियों को दार्शनिक जगह अजमेर शरीफ फतेहपुर सिकरी लाल किला ताजमहल आदि का भ्रमण कराया गया किसी प्रकार का कहीं कोई दिक्कत हम लोगों को नहीं हुई क्योंकि जिला गुमला से ऐसी व्यवस्था कराई गई थी हम सब ख्वाजा के आस्ताने पर हाजिरी पेश करते हुए अकीकत के साथ चादर पेश किया और प्रदेश में तथा जिला में अमन शांति की हम सबों ने दुआ किया । चादर पेश करने वालों में मोहम्मद गुमला से कैसर दानिश मोहम्मद इलियास अब्दुल रहमान शकील खान रिजवाना खातून शैरून निशा, अंजूम आरा, मोहम्मद इम्तियाज मोहम्मद मकसूद आलम मोहम्मद शकील नजमा खातून जियाउल खलीफा अख्तरी खातून मोहम्मद इकबाल इदरीसी मोहम्मद इशरत मलिक नसीम कुरैशी मोहम्मद मुस्तकीम बसिया से मोहम्मद नियाज खान खुदिया खान, घाघरा से सफेरून बीबी आलम खान माहूवर बीबी सिसई से कमरुद्दीन खान महबूब खान चमरूद्दीन मीर, मोहम्मद बशीर साबरा खातून, सफात अंसारी यासीन खान फजिर खान अनीशा खातून सलमान खातून अब्दुल रज्जाक आदि लोग शामिल थे।

तीर्थ यात्रियों को अच्छे से भ्रमण करने को लेकर अंजुमन इस्लामिया गुमला के सदर मुशाहिद आजमी, सचिव, मकसूद आलम नगर परिषद के उपाध्यक्ष मोहम्मद कलीम अख्तर समाजसेवी हाजी सुल्तान अंसारी अफसर आलम शहजाद अनवर आदि ने जिला प्रशासन का शुक्रिया अदा किया।

# रागी मिशन 2024 के तहत कुल 25 क्विंटल बीज का किया गया वितरण



**गुमला (आजाद सिपाही)।** जिले के आकांक्षी प्रखंड डुमरी में रागी मिशन 2024 के तहत कुल 25 क्विंटल बीज वितरित किए गए हैं। यह बीज 729 लाभार्थियों में से 700 से अधिक लोगों को प्रदान किए गए हैं। इस मिशन का उद्देश्य स्वस्थ और स्थायी खाद्य आदतों को बढ़ावा देना है, जिससे प्रखंड के निवासियों की जीवन स्तर में सुधार हो सके। डुमरी प्रखंड में यह बीज 1235 एकड़ के क्षेत्र में उगाए जाएंगे। स्थानीय प्रशासन द्वारा की जा रही इस पहल से न केवल पौष्टिक आहार का प्रचार-प्रसार होगा, बल्कि इससे बेहतर आजीविका के अवसर भी उत्पन्न होंगे। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा, ₹इस मिशन का उद्देश्य लोगों को स्वस्थ आहार के प्रति जागरूक करना और स्थानीय खेती को बढ़ावा देना है। हम उम्मीद करते हैं कि इस प्रयास से समुदाय की समृद्धि में वृद्धि होगी। यह पहल ग्रामीणों के लिए एक सकारात्मक बदलाव लाने की उम्मीद कर रही है और स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी गुमला एवं पुलिस अधीक्षक शंभू कुमार सिंह गुमला की संयुक्त अध्यक्षता में आगामी स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में 15 अगस्त 2024 को 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिले में आयोजित होने वाले मुख्य कार्यक्रम की तैयारियों पर चर्चा हुई।

बैठक में बताया गया कि स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह का आयोजन अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला में होगा। जहां सम्पूर्ण जिलेवासी शामिल होंगे।

बैठक में खेल पदाधिकारी को निर्देशित किया गया, कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के दिन संध्या काल में फुटबॉल अथवा क्रिकेट मैच का आयोजन करेगें।

परेड के पूर्वाभ्यास दिनांक 09.08.2024 से 12.08.2024 तक किया जाना सुनिश्चित है तथा दिनांक 13.08.2024 को 08.30 बजे अंतिम पूर्वभ्यास परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम गुमला होगी। दिनांक 15.08.2024 को प्रातः 08.00 बजे से 11.30बजे तक छोटी-बड़ी गाड़ियों का परिचालन बंद रखने का निर्णय लिया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर दिनांक 13.08.2024 से दिनांक 15.08.2024 तक अग्निशमक वाहन को परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला में उपलब्ध कराने को कहा गया।

उपायुक्त ने बताया कि जिले में स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जाना है। इसके लिए जिले में मौजूद सभी शहीद स्मारकों की साफ सफाई, सुसज्जिकरण, लाइटिंग सम्बन्धित कार्य ससमय पूर्ण करना सुनिश्चित करेगे। उपायुक्त द्वारा मुख्य कार्यक्रम स्थल पर साफ सफाई, पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति स्टेडियम की समतलीकरण, पार्किंग, ब्रांडिंग तथा अग्निशमक दल एवं चिकित्सा दल की उपलब्धता, कार्यक्रम स्थल पर लगाये जाने वाले टेंट, कुर्सियां, ध्वनि यंत्र आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने को लेकर संबंधित पदाधिकारी को निर्देशित किया गया।

# सांप के काटने से बच्ची की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** करंज थाना क्षेत्र अंतर्गत गंगडा गांव निवासी रोशन सुरीन की 6 वर्षीय पुत्री अनुष्का कुमारी की सर्प दंश से मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक बीती रात करीब 2:30 बजे जमीन में सोई बच्ची को एक जहरीले करेंत सांप ने कान में काट लिया। इसके बाद बच्ची चिल्लाने लगी आवाज सुनकर परिजन उठे इसके बाद सांप को लाठी से मारा गया और घायल अवस्था में उसे बर्तन से ढक कर रखा गया है। इसके बाद रात में ही नगर गांव के एक भगत को बुलाया गया भगत ने जड़ी बूटी से बच्ची का इलाज शुरू किया लेकिन बच्ची पर उसका कोई असर नहीं हुआ। इसके बाद बच्ची को रेफरल अस्पताल सिसई ले जाया गया जहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। परिजन गुरुवार की अहले सुबह 5:00 बजे सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया बच्ची की मां दिल्ली में रहती है। बच्ची अपनी बड़ी बहन के साथ जमीन पर सोई थी।

# जिला और सत्र न्यायाधीश ने बाल सुधार गृह का किया निरीक्षण

**गुमला (आजाद सिपाही)।** झालसा के निर्देश पर तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र के निर्देश पर अवर न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राम कुमार लाल गुप्ता ने संप्रेक्षण गृह बालगृह एवं मुक बधिर,विद्यालय का निरीक्षण किया। संप्रेषण गृह में दिव्यांग बच्चों को उनके अधिकारों के बारे में तथा बालकों के अन्य अधिकारों के बारे में विशेष रूप से जानकारी दी और उन्हें जागरूक किया। बच्चों को कंप्यूटर की शिक्षा के विषय में जानकारी ली तो बच्चों ने बताया कि कंप्यूटर शिक्षक की बहाली हो गया है तथा वहां जो भी कमी थी पंखे आदि सभी पूर्ण हो रहा है और खाना भी बच्चों को अच्छी तरह से मिल रहा है। साफ सफाई की भी अच्छी व्यवस्था देखी गई। सचिव महोदय ने संप्रेषण गृह के बच्चों से कहा कि जो भी अभी समय है उसका सदुपयोग करें पढ़ाई में मन लगाए और बाहर निकलकर एक अच्छे नागरिक बनकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन करें। बाल गृह में भी बच्चों का समाचार जाना और विकलांग बच्चों के विषय में भी जानकारी ली।

# झारखंड में भ्रष्टाचार और अपराध चरम पर: संध्या



**भाजपा नेत्री ने किया दर्जनों गांव का दौरा, केंद्र की मोदी सरकार की गिनवाई उपलब्धियां**

आजाद सिपाही संवाददाता

**विश्रामपुर/पलामू।** विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा नेत्री संध्या सिंह ने गुरुवार को क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। इस दौरान वो ग्रामीणों से मिली और उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही समाधान के लिए सार्थक पहल करने का भरोसा भी दिलाया। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। साथ ही राज्य सरकार पर निशाना साधा। कहा कि झारखंड सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हो चुकी है। राज्य में अपराध का ग्राफ तेजी से बढ़ा है। बेरोजगारी और भ्रष्टाचार चरम पर है। जिससे राज्य में अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। संध्या सिंह ने कहा कि ऐसी सरकार को जानता आगामी विधानसभा चुनाव में उखाड़ फेंकेगी। उन्होंने ग्रामीणों से भाजपा को अपना समर्थन देते रहने की अपील की है। इस मौके कई नेता कार्यक्रता व ग्रामीण मौजूद थे।

## भाजपा महिला मोर्चा का समाहरणालय घेराव कार्यक्रम 13 को

# गठबंधन सरकार अपने वादों पर खरी नहीं उतरी: पुष्पा देवी

## झारखंड में महिलाओं का उत्पीड़न चरम पर: अरुणा शंकर

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू भाजपा के जिला कार्यालय में गुरुवार को महिला मोर्चा की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सीटू गुप्ता और संचालन जिला महामंत्री लक्ष्मी रवि ने किया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में छतरपुर की विधायक पुष्पा देवी और प्रथम महापौर अरुणा शंकर शामिल हुई। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि राज्य की गठबंधन सरकार ने सत्ता में काबिज होते समय महिलाओं और युवाओं से वादे किये थे उस पर अब तक खरा नहीं उतर सकी है। उसके उलट महिलाओं पर अत्याचार बढ़ गया है। महिलाओं



भाजपा महिला मोर्चा की बैठक में उपस्थित छतरपुर विधायक, प्रथम महापौर व अन्य।

के खिलाफ उत्पीड़न के सबसे अधिक मामले इस राज्य में अभी तक दर्ज किए गए हैं। जिसमें दुष्कर्म और हत्या आदि शामिल है। उन्होंने बताया कि राज्य की वर्तमान सरकार की जन विरोधी नीतियों के विरोध में 13 अगस्त को भाजपा महिला मोर्चा पलामू समाहरणालय का घेराव करेगी। वहीं, प्रथम महापौर अरुण शंकर ने कहा कि जब से राज्य में गठबंधन की सरकार बनी है, तभी से भ्रष्टाचार, बलात्कार, अपहरण, यौन शोषण और महिला उत्पीड़न के मामले चरम पर है। महिलाओं के खिलाफ अत्याचार के मामले लगातार बढ़ रहे हैं और गठबंधन सरकार आंख बंद किये हुए है। आदिवासी बहन-बेटियों को फुसला कर घुसपैठियें शादी कर रहे हैं। आदिवासियों की जमीन हड़पी जा रही है। धर्म परिवर्तन का यह एक माध्यम बन चुका है। बैठक में कार्यक्रम की प्रमंडल सह प्रभारी सकुंतला जायसवाल, जिला प्रभारी सह कार्यक्रम प्रभारी कल्याणी पांडे, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अभिमन्यु तिवारी, जिला महामंत्री ज्योति पांडे, मंत्री सोमेश सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष विपुल गुप्ता, रीना किशोर, सुमिता सिंह, उषा मखारिया, मंजू देवी, उषा अग्रवाल, किरण देवी, इंदु देवी, सुषमा देवी, सावित्री देवी, लीलावती देवी, किरण देवी, बबिता देवी, अर्चना देवी आदि थीं।

## भाजपा नेताओं ने ज्ञापन सौंप रेल ओवरब्रिज का अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देने की मांग की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** भाजपा का एक शिष्टमंडल सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता के नेतृत्व में गुरुवार को हुसैनाबाद सीओ व स्टेशन प्रबंधक से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा है। जिसमें रेलवे ओवरब्रिज आरओबी का अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं देने की मांग की गयी है। ज्ञापन में कहा गया है कि जपला रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण प्राक्कलन के अनुसार अभी अधूरा है। रेलवे की उदासीन रवैया के कारण दंगवार रोड की ओर अबतक कार्य पूरा नहीं होने के कारण बड़े वाहनों को काफी परेशानी हो रही है। संकीर्ण रोड होने के कारण अक्सर जाम व दुर्घटना की स्थिति बनी रहती है। इस दिशा में अविलंब पहल की मांग की गयी है। यह भी कहा गया है कि यदि बिना कार्य पूर्ण किये अनापत्ति प्रमाण पत्र दिया जाता है तो भाजपा आंदोलन को बाध्य होगी। इस बाबत भाजपा नेता अखिलेश मेहता ने बताया कि रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य अभी अधूरा है। रेलवे की ओर से फाटक को बंद कर देने से आम लोगों को काफी कठिनाई होगी। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी पलामू सांसद वीडी राम को भी दी गयी है और जनहित में उचित कार्रवाई का आग्रह किया गया है। इस मौके पर भाजपा नेता रामप्रवेश सिंह, रणविजय सिंह, मधुसूदन पाठक, सांसद प्रतिनिधि रंजीत पासवान, श्रवण कुमार, नरेंद्र सिंह और संजय मेहता आदि उपस्थित थे।

## कौवाखोह इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में प्रत्येक रविवार को होगा नि:शुल्क इलाज



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** महावीर स्वास्थ्य संस्थान अंतर्गत संचालित प्रखण्ड के कौआखोह इंडियन पेट्रोल पंप स्थित डॉ विनोद इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में प्रत्येक रविवार को निःशुल्क इलाज किया जाएगा। उक्त जानकारी संस्थान के निदेशक डॉ विनोद कुमार ने दी है। उन्होंने कहा प्रत्येक रविवार को उनके संस्थान में बीपी, शुगर व अन्य रोगों का इलाज और निःशुल्क दावा दी जाएगी। उन्होंने बताया की इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस में ग्रामीण क्षेत्र के चिकित्सकों के लिए सुनहरा अवसर है। सीएमएसडी कोर्स के तहत दो साल का कोर्स कर अपना भविष्य संवार सकते हैं। संस्थान में एएनएम, जीएनएम और बीएससी नर्सिंग में नामांकन भी जारी है। उन्होंने कहा कि पलामू जिले के मैट्रिक एवं इंटर के छात्र-छात्राओं के लिए यह सुनहरा अवसर है।

# तीन महीने से नहीं मिला विक्रेताओं को खाद्यान्न, कार्डधारी परेशान

**गोदाम प्रबंधक की मनमानी से परेशान विक्रेताओं ने खाद्य सुरक्षा आयोग को लिखा पत्र,कार्रवाई की मांग**

आजाद सिपाही संवाददाता



**विश्रामपुर/पलामू।** भारतीय खाद्य निगम के पड़वा गोदाम प्रबंधक की मनमानी से परेशान जनवितरण प्रणाली के विक्रेताओं ने खाद्य सुरक्षा आयोग को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। पत्र में विक्रेताओं ने आरोप लगाया है कि गोदाम प्रबंधक प्रभु राम मनमाने तरीके से जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं को खाद्यान्न उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने मई महीने में किसी भी विक्रेता को खाद्यान्न नहीं दिया है। जून महीने में भी 64 में से 22 विक्रेताओं को खाद्यान्न नहीं दिया गया। जुलाई में भी मात्र आठ से 10 विक्रेताओं को ही खाद्यान्न उपलब्ध कराया गया। जबकि नियमतः वर्तमान में अगस्त माह का खाद्यान्न इन्हें उपलब्ध कराना चाहिए था। लेकिन लगातार तीन माह से राशन उपलब्ध नहीं होने के कारण कार्डधारियों के बीच खाद्यान्न का वितरण नहीं हो पा रहा है। जिसके चलते कई कार्डधारियों के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विक्रेताओं ने खाद्य सुरक्षा आयोग से गोदाम प्रबंधक प्रभु राम के कार्यकाल की जांचोपरांत कार्रवाई की मांग की है। आयोग से विक्रेताओं ने खाद्यान्न जल्द उपलब्ध करवाने की भी मांग की है। ताकि जरूरतमंद परिवारों के बीच उनका वितरण किया जा सके। बताते चलें कि पहले खाद्य निगम के विश्रामपुर गोदाम से ही पांडू, उंटारी, नावा बाजार प्रखंड के डिलर खाद्यान्न का उठाव करते थे। लेकिन कुछ वर्ष पूर्व नावा बाजार प्रखंड के विक्रेताओं को पड़वा एफसीआई गोदाम से जोड़ दिया गया। जिसके बाद पड़वा गोदाम से ही डीलर खाद्यान्न का उठाव करते हैं। पर बीते कुछ माह से गोदाम प्रबंधक प्रभु राम नावा बाजार प्रखंड के डिलरो के साथ भेदभाव कर रहे हैं। जिसके चलते जन वितरण प्रणाली के विक्रेताओं में रोष व्याप्त है। इधर, वरीय राजद नेता ओम प्रकाश गुप्ता ने गोदाम प्रबंधक पर 12 हजार क्विंटल खाद्यान्न की कालाबाजारी करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है।

## स्वतंत्रता दिवस के सफल आयोजन को लेकर एसडीओ व एसडीपीओ ने की बैठक



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता दिवस पर झंडोत्तोलन को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिसमें सभी विभागों, सरकारी कार्यालयों व प्रतिमा स्थलों पर झंडोत्तोलन का समय निर्धारित किया गया। एसडीओ ने नगर पंचायत के सभी चौराहों पर स्थापित प्रतिमा स्थलों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। उन्होंने पूर्व की तरह प्रभात फेरी निकालने का भी निर्देश दिया। वहीं, सुबह से 12 बजे तक शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश ना हो, इसके लिये पुलिस बल को निर्देश दिया। उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे से प्रशासन बनाम मीडिया फुटबॉल फैंसी मैच खेला जाएगा। इस मौके पर एसडीपीओ मुकेश महतो, एलआरडीसी गौरांग महतो, सीओ पंकज कुमार, बीडीओ रोशन कुमार, थाना प्रभारी संजय कुमार यादव, वरिष्ठ अधिवक्ता चंद्रेश्वर प्रसाद, एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, पूर्व नपं अध्यक्ष रामेश्वर राम, बीससूत्री अध्यक्ष योगेंद्र सिंह, स्वास्थ्य प्रबंधक विभूति गुप्ता, सुधीर सिंह, बीटीएम जय गोबिंद यादव, अजय भारती, राजेश सिंह, प्रो संजय सिंह, वार्डेन किरण सिंह, दंगवार ओपी प्रभारी शोनु गुप्ता, सुधीर सिंह, कन्हैया प्रसाद, राजेश कर्ण, राकेश कुमार सिंह, कुश जी पांडेय और अखिलेश विश्वकर्मा आदि मौजूद थे।

## उप प्रमुख को मिला प्रमुख का प्रभार



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** पीपरा प्रखण्ड के प्रमुख का प्रभार मिलने पर उप प्रमुख ममता कुमारी के सम्मान में गुरुवार को समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान पीपरा प्रखण्ड के विभिन्न पंचायतों के जनप्रतिनिधि व गणमान्य व्यक्तियों ने प्रमुख ममता कुमारी को पुष्प देकर स्वागत किया। वहीं, प्रभार ग्रहण करने के बाद नयी प्रमुख ममता कुमारी ने अपने संबोधन में कहा कि क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर जनहित में समुचित विकास कार्यों को गति देना उनकी प्राथमिकता होगी। वहीं, प्रतिनिधियों ने कहा कि नए प्रमुख ममता कुमारी से प्रखंडवासियों को काफी उम्मीदें हैं। इसलिए सभी जनहित के मुद्दे और विकास कार्यों के प्रति उन्हें सजग रहना होगा। इस दौरान प्रमुख ने स्त्रोंन्नत उच्च विद्यालय पिठौरा के छात्र- छात्राओं के बीच सरकारी साइकिल का वितरण भी किया। दूसरी ओर, प्रखंड प्रमुख का स्वागत करने वालों में एनसीपी जिला अध्यक्ष संदीप पासवान, सामाजिक कार्यकर्ता उपेंद्र यादव, राजन सिंह, राजेंद्र यादव, पंचायत समिति सदस्य जनेश्वर भुईयां, दिनेश पासवान, सुरेंद्र पासवान, खन्नू प्रसाद सिंह, सौरभ सिंह, मनोज राम, विकास कुमार, उत्तम राम, दिलीप राम, विनय सिंह आदि मौजूद थे।

# नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के दोषी को व्यवहार न्यायालय ने दी 20 साल की सजा

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के जिला व सत्र न्यायाधीश चतुर्थ पोक्सो एक्ट के स्पेशल जज अभिमन्यु कुमार की अदालत ने नाबालिक लड़की के साथ दुष्कर्म का दोषी पाये जाने पर लेस्लीगंज थाना अंतर्गत मुंदरिया निवासी एजाज अहमद (63) को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 25 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अर्थ दंड की राशि नहीं देने पर छह महीना अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस संबंध में लेस्लीगंज थाना क्षेत्री की रहने वाली पीड़िता ने डाल्टनगंज महिला थाना में एजाज अहमद के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। महिला थाना कांड संख्या 03 के 18 जनवरी 2023 को भारतीय दंड विधान की धारा 376 व लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 4 में प्राथमिकी दर्ज किया गया था। एजाज पर आरोप था कि वह पीड़िता के साथ वर्ष 2019 से जब उसके घर में कोई नहीं रहता था तो अकेला पाकर उसे जान से मरवा देने की धमकी देकर शारीरिक संबंध बनाता था। शोर मचाने की कोशिश करने पर पीड़िता का मुंह और गला दबा देता था। चाकू का बय दिखारर उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाता था। इस प्रकार उसके साथ कई अवसरों पर ले जाकर शारीरिक संबंध बनाता रहा। इसी बीच 17 जनवरी 2023 को जब पीड़िता ट्यूशन पढ़ने के लिए डाल्टनगंज आई थी तभी उसका पीछा किया था। जिस पर उसने घटना के बारे में अपने घर वालों को बता दिया। पीड़िता के लिखित प्रतिवेदन पर डाल्टनगंज महिला थाना में केस दर्ज किया गया था। अदालत में साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए एजाज अहमद को 20 वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। वहीं 25 हजार रुपये अर्थदंड लगाया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन के लिए स्वच्छता व जागरूकता बेहद जरूरी : प्रो सूर्यमणि

**फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर एके सिंह कॉलेज में विचार गोष्ठी का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता




**हुसैनाबाद।** झारखंड सरकार की ओर से निर्देशित फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम को लेकर जपला एके सिंह कॉलेज प्रांगण में गुरुवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में विचार गोष्ठी आयोजित हुआ। जिसका शुभारंभ एनएसएस लक्ष्य गीत से हुआ जिसमें दिव्या शीतल आरुषि और किरण ने लक्ष्य गीत की प्रस्तुति दी। गोष्ठी की अध्यक्षता प्रिंसिपल प्रो सूर्यमणि सिंह ने की। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया एक संक्रामक रोग है जो मच्छरों के काटने से होता है। वही मच्छर यदि दूसरे व्यक्ति को काट लेता है तो उसे भी संक्रमित होने की संभावना प्रबल हो जाती है। इसलिए आप अपने इर्द-गिर्द के स्थान को स्वच्छ रखें। पानी का जमाव नहीं होने दें। जिससे मच्छर की उत्पत्ति ही ना हो। स्वास्थ्य विभाग के पीसीआई अमरेंद्र ओझा ने कहा कि आज हम सभी के गांव में फाइलेरिया के रोगी यत्र -तत्र मिल जाते हैं। यह रोग गंदगी के कारण होता है। क्योंकि गंदगी जहां होगी वहीं मच्छरों का प्रकोप होगा, जिनके काटने से यह रोग फैलता है। उन्होंने फाइलेरिया के लक्षण, रोग की दवा एवं इससे बचाव के उपाय पर भी प्रकाश डाला। प्रो डॉ आलोक रंजन कुमार ने फाइलेरिया रोग होने के कारण और निवारण पर प्रकाश डाला। उन्होंने फाइलेरिया के विभिन्न प्रकारों का वर्णन किया और उसकी दवा के संबंध में भी जानकारी दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एक नुक्कड़ नाटक भी पेश किया। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी प्रोफेसर राजेश सिंह और धन्यवाद ज्ञापन शिक्षक प्रतिनिधि प्रो डॉ आनंद कुमार सिंह ने किया। मौके पर प्रो डॉ शिवकुमार विश्वकर्मा, प्रो शशिभूषण, प्रो रेखा कुमारी सिंह, प्रो राहुल कुमार सिंह, प्रो जयशंकर प्रसाद सिंह, मनीष कुमार सिंह, कुंदन कुमार सिंह, प्रिंस सिंह आदि उपस्थित थे।

# स्पोर्ट्स



भारतीय रेसरल अमन सहरावत पेरिस ओलिंपिक में अल्बेनिया के पहलवान को हराकर सेमीफाइनल में पहुंच गए

# अमन सहरावत कुश्ती के सेमीफाइनल में

## अल्बेनिया के पहलवान जेलिमखान अबकारोव को 12-0 से हराया

**पेरिस (एजेंसी)।** भारतीय रेसलर अमन सहरावत पेरिस ओलिंपिक में मेडल ला सकते हैं। अमन गुरुवार को 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। उन्होंने क्वार्टर फाइनल में अल्बेनिया के जेलिमखान अबकारोव को 12-0 से हराया। वहीं, अंशु मलिक विमेंस 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल राउंड ऑफ 16 में हारकर बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की हेलेन लुईस मारौलिस ने 7-2 से हराया। वहीं, 'द मैन विद गोल्डन आर्म' कहे जाने वाले जेवलिन थ्रोअर



नीरज चोपड़ा का फाइनल रात 11.55 बजे होगा। 26 साल के नीरज ने दो दिन पहले क्वालिफिकेशन में पहले प्रयास में 89.34 मीटर भाला फेंका था और पहले स्थान पर रहे। भारत को उनसे गोल्ड मेडल की उम्मीद होगी। फाइनल में नीरज का मुकाबला ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के जूलियन वेबर और पाकिस्तान के अरशद नदीम से होगा।

### अंशु प्री-क्वार्टर फाइनल में हारीं

अंशु मलिक विमेंस की 57 किग्रा कैटेगरी के प्री-क्वार्टर फाइनल में हार कर बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की हेलेन लुईस मारौलिस से 7-2 से हार का सामना करना पड़ा। अगर हेलेन फाइनल में पहुंचती हैं तो अंशु ब्रॉन्ज मेडल मैच के लिए रेपचेज राउंड खेलेंगी।

### ज्योति याराजी चौथे स्थान पर रहीं

ज्योति याराजी महिलाओं की 100 मीटर हर्डल्स के रेपचेज राउंड में 13.17 सेकंड के साथ चौथे स्थान पर रहीं। इस राउंड में 3 हीट बनाई गई थी। ज्योति हीट-1 में थी। यहां उन्होंने चौथे स्थान पर ये रेस समाप्त की। हर हीट से टॉप-2 खिलाड़ी सेमीफाइनल में पहुंचती है।

## देसी कट्टे के साथ युवक गिरफ्तार



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा थाना अंतर्गत मलय डैम के पास से गुरुवार को पुलिस ने विकास सिंह (21) नामक युवक को देसी कट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। इस संबंध में सतबरवा थाना प्रभारी अंचित कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मलय डैम के पास चेकदार शर्ट पहने एक युवक हथियार रखे हुए हैं जो किसी अप्रिया घटना को अंजाम दे सकता है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ सतबरवा थाना कांड संख्या 97/2024 के भादवि की धारा 25 (1-) /26 (2) दर्ज कर आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है। उसके पास से एक देसी कट्टा और एक 8एमएम का कारतूस बरामद हुआ है।

## ऑक्सफोर्ड स्कूल में अंतर विद्यालय स्पोर्ट्स का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड स्कूल में अंतः विद्यालय स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को अंतिम दिन कक्षा 11वीं व 12वीं क्रिकेट व कक्षा 9वीं छात्राओं के मध्य फाइनल कबड्डी खेल आयोजित हुआ। क्रिकेट में कक्षा 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों के बीच हुए मुकाबले में 12वीं की टीम विजेता रही। कक्षा 12वीं द्वारा दिये गये 105 रन के लक्ष्य को 11वीं के खिलाड़ी बना नहीं सके। इस तरह 12वीं की टीम विजेता बनी। वहीं, **कबड्डी में** कक्षा 9वीं अ का मुकाबला कक्षा ब से हुआ। जिसमें 9वीं ब की टीम विजेता रही। प्राचार्य डॉ एके सिंह ने कहा कि खेल के अभाव में शारीरिक जीवन व स्वास्थ्य की रक्षा करना कठिन ही नहीं असंभव भी है। स्वास्थ्य लाभ के साथ ही खेल मानसिक व आध्यात्मिक गुणों में भी वृद्धि करता है। वैदिक काल से ही खेल की महत्ता ऋषि-मुनियों व शिक्षकों ने प्रतिपादित की है। अतः शिक्षण व स्वाध्याय के साथ-साथ स्वास्थ्य संतुलन बनाए रखने के लिए खेल अत्यावश्यक है।

# कोयला तस्करी में सुशांत-यादव का बज रहा डंका

## खादी-खाकी की साठगांठ से प्रतिदिन हजारों टन अवैध कोयला लदे ट्रक बंगाल बॉर्डर से हो रहे पार

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** कोयलांचल में कोयला तस्करों का मनोबल इन दिनों बुलंदियों पर है। निरसा थाना क्षेत्र के निकटवर्ती इलाकों से प्रतिदिन तस्कर बीसीसीएल के बंद पड़ी माइंस को जेसीबी एवं पोकलेन मशीन के सहारे मुहाने खोलकर अवैध तरीके से कोयले का खनन कर रहे हैं। इसके लिए तस्कर दूसरे जिलों से आदिवासी एवं दलित नाबालिक युवक-युवतियों को रुपये का लालच देकर बुला रहे और कम मजदूरी में बिना सुरक्षा सेफ्टी के मौत के मुहानों में भेज रहे हैं। कोल माफिया बड़ी-बड़ी ट्रको में लादकर अवैध रूप से निकाले गये कोयले को मंडी की ओर रवाना करने में लगे हैं। तस्करों ने







इसके लिए बीसीसीएल एवं वनभूमि के एक बड़े हिस्से को मशीन से रौंद डाला हैं। तस्कर गिरोह बनाकर स्थानीय थाना के कथित कुछ भ्रष्ट पुलिस कर्मियों व खनन विभाग के निरीक्षक के साठगांध कर बड़े पैमाने पर दर्जनों अवैध कोल माइनिंग में पिछले कई महीनों कोयला निकाल कर गोविंदपुर, निरसा और बरवाअड्डा में बड़े-बड़े कोयला कारोबारियों के भट्ठे में गिराया जा रहा हैं। पासिंग कोड होने के कारण गिरोह का कोयला लदे ट्रक को राजगंज, बरवाअड्डा और निरसा पुलिस पकड़ती नहीं है। जिसका सेटिंग या पासिंग नहीं होता है उन्हीं गाड़ियों को जांच में पकड़े जाने की चर्चा हैं। अवैध कोयला खनन के दौरान कई बार आदिवासी व दलित सहित अन्य गरीब मजदूरों की जाने भी जा चुकी है। जिसकी उच्च स्तरीय जांच कर कार्रवाई की मांग भी उठती रही है, लेकिन कार्रवाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति की जाती है। सूत्रों कि मानें, तो कई थाना व ओपी क्षेत्रों में खादी और खाकी की मजबूत गठजोड़ से सालो से अवैध कोयले का कारोबार चलते आ रहा है। खबर है कि निरशा क्षेत्र के चिरकुंडा थाना अंतर्गत बंदर चूआ में सुशांत नामक तस्कर का जलवा जारी है। उसकी अगुवाई में निरसा में पिछले साल भी कई जगह अवैध माइंस चलाए जा रहे थे। जिसमें एक बड़ा हादसा भी हो चुका है, जिसमें कई लोग मारे गए थे। इस पर रांची की एक टीम भी घटना स्थल पर जांच करने के लिए आ चुकी है। मुख्यमंत्री ने भी सख्त आदेश दिए थे कि अवैध माइंस को जल्द से जल्द बंद किया जाए। लेकिन उन सभी को दरकिनार कर इस वर्ष भी बिना रोकटोक अवैध कोयले का धंधा जारी है। उधर निरसा, डुमरी, जोर बंदर चूआ कालूबथान में यादव ने कमान संभाल रखी है। सूत्रों की माने तो इस अवैध कोयले को निरसा के विभिन्न क्षेत्रों से ट्रकों में भर-भर कर बॉर्डर पार कर बंगाल की तरफ भेजा जाता है।

# 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' का फॉर्म जमा नहीं कर पाने से नाराज महिलाओं ने किया हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

**निरसा।** प्रखंड अंतर्गत रागा माटी में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार की ओर से शुरू की गयी 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' का लाभ सर्वर में लगातार समस्याओं के कारण महिलाओं को नहीं मिल पा रहा है। इससे नाराज दर्जनों महिलाओं ने निरसा प्रखंड अंतर्गत रांगामटिया पंचायत भवन के समक्ष जमकर हंगामा किया। महिलाओं ने बताया कि वे लोग प्रतिदिन सुबह पांच बजे से ही 'मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना' का लाभ लेने के लिए अपने घरों का कामकाज छोड़कर शिविर में पहुंच रही है। लेकिन सर्वर की समस्या के चलते घंटों कतार में खड़े रहने के बावजूद उनका ऑनलाइन फॉर्म भरा नहीं जा पा रहा है। सरकार की ओर से ऑफलाइन फॉर्म जमा करने के लिए भी नियम निकाला गया है उस पर किसी को फरोसा नहीं है। यदि हम लोग साइबर कैफे में जाकर ऑनलाइन फॉर्म जमा कर रहे हैं तो वहां से ऑनलाइन फॉर्म जमा हो जा रहा है, तो पंचायत भवन में क्या समस्या हो रही है।

## बेरमो बीडीओ ने किया मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के शिविर का निरीक्षण

**बैदकारो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत बेरमो प्रखंड के पंचायतों में लगाए गए शिविर का गुरुवार को बीडीओ मुकेश कुमार ने निरीक्षण किया। उन्होंने बैदकारो पूर्वी एवं पश्चिमी पंचायत सचिवालय पहुंचकर महिलाओं से आवेदन पत्र के संबंध में जानकारी ली। कहा कि सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में निःशुल्क आवेदन फॉर्म का वितरण हो रहा है। किसी भी बिचौलियों द्वारा फार्म बेचे जाने की शिकायत मिलती है तो इसकी सूचना तुरंत दें। उन्होंने कहा कि सर्वर में आ रही परेशानी को देखते हुए आवेदन जमा करने की तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है। लाभार्थी महिलाओं को बताया कि आवेदन अब ऑफलाइन भी जमा लेना है। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाएं अपना आवेदन पंचायत के शिविर और आंगनबाड़ी केंद्र में जमा करें। इस योजना का लाभ लेने के लिए अब मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य नहीं है। जिस महिला का राशन कार्ड में नाम नहीं है उनके लिए पिता एवं पति का राशन कार्ड मान्य है। मौके पर मुखिया सीमा महतो, मुखिया मालती सिंह, पंचायत सचिव सुचिता व मुखिया प्रतिनिधि टीपू महतो आदि थे।

## दिव्यांगजनों के बीच कृत्रिम अंग सहित सहायक उपकरण का वितरण

**सिजुआ/कतरास (आजाद सिपाही)।** भगवान महावीर दिवंयांग सहायता समिति नई दिल्ली के सहयोग से टाटा स्टील फाउंडेशन (जामाडोवा) की सबल परियोजना के तहत गुरुवार को मलकेरा सामुदायिक केंद्र में दिव्यांगों के लिए दो दिवशीय सहायक उपकरण वितरण शिविर आयोजित हुआ। जिसमें पहुंचे सिजुआ ग्रुप चीफ झरिया डिवीजन टाटा स्टील के विकास कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस दौरान सभी चिन्हित दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग (हाथ और पैर), बैसाखी और व्यस्कों-बच्चों के लिए व्हीलचेयर सहित कुल 40 सहायक उपकरण वितरित किए। मौके पर पर हेड, एडमिनिस्ट्रेशन श्वेता मिश्रा और सीनियर एरिया मैनेजर पीयूष कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# झारखंड राज्य निर्मल बाबू के आंदोलन की देन है: उमाकांत

## दिवंगत निर्मल महतो की पुण्य तिथि पर आजसू ने चंदनकियारी में दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** दिवंगत निर्मल महतो की पुण्य तिथि पर गुरुवार को आजसू की ओर से चंदनकियारी स्थित पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। अपने संबोधन में पूर्व मंत्री उमाकांत रजक ने कहा कि झारखंड राज्य निर्मल महतो के आंदोलन का परिणाम है। वर्तमान समय में निर्मल महतो के विचारों और संघर्षों को आत्मसात करने की जरूरत है। पूर्व मंत्री ने कहा कि निर्मल बाबू के सपनों को साकार करने के लिए युवा वर्ग आगे आये। आज चंदनकियारी विकास से कोसों दूर हो गया है। जन हित के सारे कार्य ठप है। जिस कारण चंदनकियारी में घूसखोरी, भ्रष्टाचार और अराजकता की स्थिति उत्पन्न हो गई है। उन्होंने लोगों से अपील की कि हम सब मिलकर चंदनकियारी विधानसभा में व्याप्त घूसखोरी, भ्रष्टाचार, अराजकता को मिटाने के लिए एकता और एकजुटता का प्रतिक बनकर काम करें, ताकि निर्मल महतो के सपना को साकार किया जा सके। इसके पूर्व स्व. निर्मल महतो चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। मौके पर शत्रुघ्न महतो, राजेश भगत, मिथिलेश महतो, महाराज महतो, मुख्तार आलम, नेमचांद महतो, तपन रजवार, राजीव रंजन झा, देवेंद्र महतो, हुबलाल रजवार, अवनी कान्त राय, संजय गोप, मथुर गोप, सुबोध पार्थो, राजेन रजवार और साधू कुंभकार आदि उपस्थित थे।



दिवंगत निर्मल महतो की तस्वीर पर माल्यार्पण करते उमाकांत रजक व अन्य।

## रुपये गबन के आरोपी के घर पहुंची पुलिस ढोल नगाड़े बजाकर चिपकाया इश्तेहार




**महुदा (आजाद सिपाही)।** सिंगड़ा बस्ती निवासी राजेंद्र कर्मकार की पत्नी कुंती देवी महिला समिति के वित्तीय गबन के आरोप में लंबे समय से फरार चल रही थी। जिसे लेकर महुदा पुलिस ने कुर्की जब्ती से पहले ढोल नगाड़े के साथ राजेंद्र के घर पहुंची और इश्तहार चिपकाकर आगाह किया। महुदा थाना प्रभारी धीरज कुमार के निर्देश पर पुअनि प्रदीप कुमार दल के साथ पहुंचे और इश्तेहार चिपकाया। इस दौरान पुलिस ने फरार चल रही कुंती देवी के बारे में भी ग्रामीणों को बताया। पुअनि प्रदीप कुमार ने बताया कि सिंगड़ा बस्ती निवासी राजेंद्र कर्मकार की पत्नी कुंती देवी महुदा थाना कांड संख्या- 32/2021 धारा 406, 423 एवं 420 जैसी वांछित धाराओं में अभियुक्त है और महिला समूह के लाखों रुपये गबन कर ढाई साल से फरार चल रही हैं। इस मामले में न्यायालय द्वारा इश्तेहार जारी किया गया था जिसकी तमिल आज हुई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही कुंती देवी अगर न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करती हैं तो कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

## पुण्य तिथि पर याद किये गये शहीद निर्मल महतो

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** आजसू की धनबाद जिला की ओर से झारखंड अलग राज्य के लिए अपने जीवन की आहूति देने वाले वीर सपूत, महान आंदोलनकारियों में से एक अमर शहीद निर्मल महतो की शहादत दिवस पर हेल्थ इज वेल्थ एथलेटिक क्लब में गुरुवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गयी। इसकी अध्यक्षता आजसू नगर अध्यक्ष जीतू पासवान ने की। इसमें आजसू के केंद्रीय सदस्य कुल्लू चौधरी, रतिलाल महतो, भगवान दास शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी संतोष कुशवाहा, महानगर सचिव दिलीप सिंह, उपाध्यक्ष संतोष पासवान, धनबाद जिला उपाध्यक्ष पंकज पटेल, नगर उपाध्यक्ष भोलू यादव, सुदामा पासवान, वार्ड अध्यक्ष बबलू पासवान, सूरज पासवान, सागर सिंह, निरंजन पासवान, राहुल, शुभम, सुधांशु, अशिंतो, गोरका पांडे, ऋतिक, सुमित और गोलू आदि मौजूद रहे।

## आरके माइंस में नियोजन की मांग को लेकर प्रदर्शन



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल एरिया-4 के सलानपुर कोलयरी अंतर्गत कार्यरत आरके माइंस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से स्थानीय ग्रामीणों को रोजगार नहीं दिए जाने से नाराज ग्रामीणों ने गुरुवार को कार्यालय का घेराव-प्रदर्शन किया। जिसका नेतृत्व पंसस संजू देवी ने किया। इस दौरान पंसस संजू देवी व अर्जुन महतो की अगुवाई में एक प्रतिनिधिमंडल ने कंपनी के अधिकारियों को मांगपत्र सौंपा। जिसमें 75 प्रतिशत स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार नहीं देने पर कंपनी को उत्खनन कार्य नहीं करने देने की चेतावनी दी गयी है। इस मौके पर सत्या देवी, लक्ष्मी देवी, रंकी देवी, कविता देवी, गीता देवी, सोना देवी, मीना देवी, रूमा देवी, राजेश सिंह, सूर्यदेव मिश्रा, भरत शर्मा, अर्जुन महतो, श्रीकांत केवट, किशोर महतो, बिरजू बाउरी आदि उपस्थित थे।

# निर्मल महतो की सोच व सपनों को हेमंत सोरेन कर रहें पूरा: जयनारायण

### झामुमो ने मनाया शहीद निर्मल महतो का 37वां शहादत दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** झामुमो के फुसरो नगर समिति की ओर से गुरुवार को करगली स्थित शहीद निर्मल महतो भवन परिसर में शहीद निर्मल महतो का 37वां शहादत दिवस मनाया। इसकी अगुवाई नगर अध्यक्ष दीपक महतो ने की। इसमें झामुमो के जिला सचिव जयनारायण महतो मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सबसे पहले शहीद निर्मल महतो के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। इसके बाद जिला सचिव जयनारायण महतो ने कहा कि शहीद निर्मल महतो ने अलग झारखंड राज्य आंदोलन को अहम दिशा दिया था। वहीं, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता स्व बिनोद विहारी महतो, स्व निर्मल महतो, पूर्व मंत्री स्व जगरनाथ महतो आदि के पद चिह्नों पर चलते हुए राज्य के संपूर्ण विकास में लगे हैं। उधर, फुसरो नगर अध्यक्ष दीपक महतो ने कहा कि निर्मल महतो एक क्रांतिकारी नेता थे। जिन्होंने झारखंड राज्य के अलग होने में अपनी अहम भूमिका निभाई थी। निर्मल महतो जी की जो सोच थी वो पूरा हो रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की सोच को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आगे बढ़ा रहे हैं। हेमंत सरकार के विकास कार्यो को देखते हुए आने वाले विधानसभा चुनाव में हमलोग पुनः फिर एक बार सरकार बनायेंगे। मौके पर युवा नेता भोलू खान, सचिव अनिल कुमार रजवार, नगर संयुक्त सचिव इकबाल अहमद, उपाध्यक्ष महताब खान, दिपक गुप्ता, हर्ष कुमार, रोहित महतो, शंकर बेसरा, राजेश सुपन, जिनेंद्र नायक, गोविंद रजक, प्रकाश नायक, रविंद्र राम, सुरेश राम, जमील अंसारी, शिवशंकर, सुनिल, अजय कुमार, विक्की सिंह मुण्डा, महिलाल टुडू और बिरसा मुंड़ा आदि मौजूद थे।



## विधायक ने विभिन्न पंचायतों का दौरा कर लिया शिविरों का जायजा

# मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के कार्य में तेजी लायें: डॉ लंबोदर महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**आईईएल।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने गुरुवार को प्रखंड अंतर्गत गोमिया पंचायत, पलिहारी गुरुडीह पंचायत, स्वांग उतरी एवं स्वांग दक्षिणी, हजारी पंचायत आदि का दौरा कर मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत महिलाओं एवं बहनों द्वारा जमा किए जा रहे आवेदन की स्थित का जायजा लिया। लगे हाथ पदाधिकारियों को इस कार्य में तेजी लाने का निर्देस दिया। इस मौके पर जिप सदस्य डॉ सुरेंद्र राज, मुखिया बलराम रजक, सपना कुमारी, बिनोद विश्वकर्मा, रीना सिंह, पूर्व मुखिया धनंजय सिंह, पंसस सुशीला देवी आदि थे।




**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, रामगढ़**
**(समाज कल्याण शाखा)**
**Email Id –awc24.monitoring@gmail.com**

-: आम सूचना :-

उपायुक्त–सह– जिला दण्डाधिकारी, रामगढ़ का पत्र संख्या 219/जि0बा0स0 दिनांक 22.07.2024 में निहित निदेश के आलोक में मिशन वात्सल्य योजनान्तर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई, रामगढ़ के तीन (03) रिक्त जिला स्तरीय पदों यथा परामर्शदाता, सामाजिक कार्यकर्त्ता एवं आंकड़ा विश्लेषक के पद पर संविदा के आधार पर कार्य करने हेतु आवेदन आमंत्रित किया गया था, जिसकी स्क्रुटनी एवं प्रथम औपबंधिक मेधा सूची तैयार कर रामगढ़ के वेबसाईट ramgarh.nic.in एवं PRD के माध्यम से प्रकाशन की जानी है।

उपायुक्त, रामगढ़ द्वारा गठित समिति द्वारा प्राप्त सभी आवेदनों की स्क्रुटनी के पश्चात प्रथम/प्रारंभिक औपबंधिक मेधा सूची तैयार किया गया है, सभी आवेदनकर्त्ताओं से अपील है कि प्रथम/प्रारंभिक औपबंधिक मेधा सूची जिला के वेबसाईट ramgarh.nic.in में प्रकाशित किया गया है। उक्त सूची के प्रकाशित होने की तिथि से चार दिनों के अन्दर अपने दावा आपत्ति का निराकरण तथा वांछित कागजात कार्यालय में समर्पित करेंगे। निर्धारित अवधि तक किसी प्रकार का दावा आपत्ति प्राप्त नहीं होने की स्थिति में प्रकाशित प्रथम/प्रारंभिक औपबंधिक मेधा सूची को अन्तिम मेधा सूची माना जायेगा।

ह0/–
उपायुक्त,रामगढ़

PR 332200 District(24-25).D

**कार्यालयः-जिलास्वास्थ्य समिति, लातेहार**
**Sadar Hospital Campus, Latehar. E-Mail ID: drhslatehar3@gmail.com**

Tender Notice No. 01 DHS/Latehar/01/2024-25 Date:29.07.24

**Tender Notice**

Civil Surgeon-Cum-Chief Medical Officer, Latehar invites separate Technical and price Bids (Two Bid System) through tender from the registered and eligible firms for **Rate Contract for Flex Banner, Hoarding, Poster, Stickers, Hand bill, Booklet, Training module materials printing/wall painting etc. Required in DHS.**

| Sl. No. | Particulars | Details |
|---|---|---|
| 1 | **Name of Work** | **Rate Contract for Flex Banner, Hoarding, Poster, Stickers, Handbill, Booklet, Training module materials printing/wall painting etc. required in DHS.** |
| 2 | **Date Publication of Tender in Website** | **29.07.2024** |
| 3 | Date/Time for Submission of bid | 14.08.2024 to 19.08.2024 by 3.30 P.M |
| 4 | Date & Time of Opening of Technical BID | 20.08.2024 at 3.30 P.M |
| 6 | Tender Fee Submission (Through online Payment). | 1000 (Non Refundable) |
| 6 | Contact no. of Procurement Person | 7903651269,7654881289,7488044189 |

**Note-:** The above dates may change due to abrupt declaration of holidays.

**Sd/-**
**Civil Surgeon Cum**
**Chief Medical Officer Latehar (Jharkhand)**

PR 332219 Health Med Edu and Family Welfare (24-25)_D

**-Procurement Cell**
**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT BUILDING DIVISION NO. – 1, RANCHI**
**(Behind State Guest House Morhabadi)**
**Dindayal Nagar Booty Road Ranchi-834008**

**2ND Call**

**VERY SHORT TERM E-QUOTATION INVITATION NOTICE**

**FOR RATE PURPOSE ONLY**

**Quotation Reference No : BCD/Bld. Div. No.- 1 --- 10/2024-25**

Sealed Quotations are invited for the work **Supply of House Hold items & Furniture at C.M. House Kanke Road, Ranchi** for all Materials from Reputed Shop Keepers / Manufacturers / Suppliers / Retailers / Distributors and Registered B.C.D. Contractors for following items. They should quote their rates for unit mentioned in the table. If they do not deals all of the below mentioned items then they are allowed to quote their rate for part of the items which ever they deals. The rates should be exclusive of all types of Taxes, GST, Contractor's Profit and overhead charges etc. but inclusive of Royalty. All Rates should be exclusive of Labour Cess.

**Terms and Condition**

1. The quotationer shall furnish Pan,GST registration no.
2. The rate quoted by quotationer shall be firm and final.
3. The undersigned reserves the right to accept or reject/cancel any or all quotations without assigning any reason thereof.

नोट :–
(1) वेबसाईट में ई–कोटेशन अपलोड की अंतिम तिथि : 15-08-2024 के अपराह्न 1:00 बजे तक।
(2) ई–कोटेशन खोलने की तिथि एवं समय 16-08-2024 अपराह्न 1:30 बजे।
(3) ई–कोटेशन आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची।
(4) ई–कोटेशन प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0 : 8527519262
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

**Nodal Officer, e-Procurement Cell,**
**Office of the Executive Engineer**
**Building Construction Department,**
**Building Division No.-1, Ranchi**

PR 332227 Building(24-25)D

**उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला योजना)**

**Rate Contract हेतु अति अल्पकालीन**

जिला योजना अनाबद्ध निधि मद अन्तर्गत विभिन्न आवासीय विद्यालयों के लिए बंक बेड का क्रय एवं आपूर्त्ति हेतु मानक स्तर के कम्पनियों/प्रमाणित बिक्रेताओं/उनके अधिकृत बिक्रेताओं से विभिन्न शर्त्तों के अनुरूप दर अनुबंध (Rate Contract) हेतु मुहरबंद अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रित की जाती है। बंक बेड का Specification निम्नवत् है :–

1. Bunk Beds (Customized with integrated study table, Almirah)
2. Over All Length of Bed 1830 mm, over All width of Bed 920 mm, Height of Bed 1800 mm (with adjusters)
3. Structure of Metal Bed Frame Legs, M.S hollow box square section, size of section 38x38 mm x 1.6 mm thick.
4. Support member for mattresses M.S hollow box rectangular section of thickness 20x20mm x 1.6mm 4 nos.
5. Support members for top rails and stairs in 20x20mmx1.6 mm thick
6. Mattress Panel with, material of mattress panel BWP grade 12 mm ply of 3x6 ft.
7. Storage cabinets under lower bed, sizes 880 mm W x 290 mm H x 510 mm D, running at Telescopic channels, Qty 2 Nos.
8. One wardrobe includes of sizes: 1800 mm height x 920 mm width x 400 mm depth,
9. Double door steel wardrobe including having individual lock for each compartment made up of 0.60 mm CRC sheets (24 gauges) in wardrobe.
10. Colour of bed (steel frame) dark grey, paint/finish of M.S parts powder coating.
11. Desk Provision: The tubular frame mounted foldable desk (width 825 mm x depth 450 mm) at a height of 750 mm.
12. Mosquito net fitting provision should be installed for both upper and lower bed compartment.

इच्छुक कम्पनियां/प्रमाणित बिक्रेताएं/उनके अधिकृत बिक्रेताएं **दिनांक 20.08.2024 के अपराह्न 01:00 बजे तक** निम्नांकित शर्त्तों के अनुरूप अपना मुहरबंद निविदा एवं विस्तृत विवरणी जिला योजना कार्यालय, विकास भवन, खूँटी में जमा कर सकते हैं, निर्धारित तिथि एवं समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी। प्राप्त निविदाओं को **दिनांक 20.08.2024 के अपराह्न 03:00 बजे** जिला क्रय समिति के समक्ष खोला जायेगा।

निविदा की अन्य शर्त्तें समाहरणालय, खूँटी के वेबसाईट https://www.khunti.nic.in से डाउनलोड किया जा सकता है अथवा जिला योजना कार्यालय, खूँटी से प्राप्त किया जा सकता है।

ह0/–
उपायुक्त, खूँटी।

PR 332221 (District) 24-25 (D)

### राज्य का पहला चावल एटीएम राजधानी में खोला गया

## अब एटीएम से मिलेगा चावल



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** गुरुवार को राज्य का पहला चावल एटीएम गुरुवार को भुवनेश्वर के मंचेश्वर में खुला। खाद्य आपूर्ति मंत्री कृष्ण चंद्र पात्र ने मंचेश्वर चावल गोदाम के पास चावल एटीएम का उद्घाटन किया। अब लाभार्थी अपना राशन कार्ड लाकर नंबर डायल कर एटीएम से चावल निकाल सकते हैं। मंत्री ने कहा कि योजना सफल रही तो सभी जिलों और ब्लॉकों में एटीएम खोले जायेंगे। राशन कार्ड लाभार्थियों को चावल एटीएम कार्ड दिया जायेगा। इसलिए इस कार्ड का उपयोग पूरे भारत में किया जा सकता है।

इस एटीएम से एक हिताधिकारी को 25 किलो चावल निकालने की व्यवस्था की गयी है। इस एटीएम से सभी जिलों का कोई भी हिताधिकारी चावल निकाल सकता है। आपूर्ति मंत्री कृष्ण चंद्र पात्र ने कहा कि इससे पूरे राज्य में चावल की दलाली को आसानी से रोका जा सकता है।

## खोरधा रोड मंडल ने टिकट बुकिंग काउंटरों पर क्यूआर कोड डिस्प्ले डिवाइस स्थापित किये



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** भारत में डिजिटल भुगतान में बड़ा बदलाव हो रहा है। डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से खोरधा रोड मंडल ने अपने सभी रेलवे स्टेशनों पर टिकट बुकिंग काउंटरों पर क्यूआर कोड डिस्प्ले डिवाइस लगाने की पहल की है। इस पहल से यात्रियों को नकदी के लेन-देन से बचने में मदद मिलेगी और टिकट खरीदने के लिए छुट्टे पैसे की उपलब्धता संबंधी समस्या भी हल हो जायेगी। मंडल के 113 रेलवे स्टेशनों पर यानी सभी श्रेणियों के रेलवे स्टेशनों पर क्यूआर कोड डिस्प्ले डिवाइस लगाने का काम शुरू हो चुका है। मंडल के 75 रेलवे स्टेशनों यथा- भुवनेश्वर, पुरी, खोरधा रोड, ब्रह्मपुर, कटक, भद्रक, पलासा, जाजपुर-कंदुझर रोड, बालूगांव, सोमपेटा, इच्छापुरम, ढेंकानाल, तालचेर, पारादीप, दसपल्ला आदि पर डिस्प्ले डिवाइस लगाया जा चुका है। इसके अलावा, आने वाले सप्ताह में, यह क्यूआर-कोड भुगतान सुविधा मंडल के शेषसभी रेलवे स्टेशनों पर भी लागू कर दी जायेगी। अनारक्षित और आरक्षित टिकट जारी करने वाले बुकिंग काउंटरों पर ये क्यूआर डिस्प्ले डिवाइस उपलब्ध हैं और यात्री अपने स्मार्ट फोन से क्यूआर कोड को स्कैन कर खरीदे गये टिकट के सही मूल्य के लिए यूपीआई भुगतान कर सकते हैं। इसका उद्देश्य सभी यात्रियों के लिए टिकटिंग प्रक्रिया को अधिक कुशल और सुविधाजनक बनाना है। खोरधा रोड मंडल, रेल उपयोगकर्ताओं के लिए सुरक्षित और आरामदायक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए हर आधुनिक तकनीक को अपना रहा है।










### महाप्रभु श्रीजगन्नाथ की खदान से 40 करोड़ की लूट का मामला

## अतिक्रमणकारियों की पहचान कर कार्रवाई की जाये : कानून मंत्री

आजाद सिपाही संवाददता



**भुवनेश्वर।** महाप्रभु श्रीजगन्नाथ की खदान से 40 करोड़ की लूट के मामले पर कानून मंत्री ने प्रतिक्रिया दी है, उन्होंने कहा कि खनन राजस्व का भुगतान नहीं करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। 24 साल की सरकार ने महाप्रभु की संपत्ति की सुरक्षा के बारे में नहीं सोचा। हमने 2003 में बनी एक समान नीति के आधार पर प्रक्रिया शुरू की है।' महाप्रभु के पास करीब 58 हजार एकड़ जमीन है। 37 हजार एकड़ जमीन का काग जात है जिस पर फैसला होगा। अतिक्रमणकारियों को चिह्नित कर कार्रवाई की जायेगी। जानकारी के मुताबिक, इन खदानों को सबसे पहले वित्तीय वर्ष 2021-22 में 4 महीने के लिए लीज पर दिया गया था। पर्यावरण मंजूरी मिलने के बाद 1 अप्रैल 2022 से 31 मार्च 2023 तक लीज का नवीनीकरण किया गया। दीर्घकालिक लीज देने से पहले खदानों को स्थानीय राजस्व अधिकारियों की मदद से नापा गया था। तब यह स्पष्ट हो गया कि अधिक अयस्क का खनन किया गया था। हालांकि, खदान लूट की जानकारी मिलने से पहले ही दीर्घकालिक लीज समझौते पर हस्ताक्षर कर दिया गया था। श्रीजगन्नाथ मंदिर प्रशासन ने लीज धारकों नाम बिनित लालानी, सस्मिता राउतराय, सुनीता स्वाइं, सौभाग्य दास, सत्यप्रिय श्रीचंदन, राइबल्लभ महांति, नरेंद्र भाईल, श्यामसुंदर महांति, रवि रमन सिंह, देवेंद्र नाथ जेना, जगदीश कुमार साहू, योगीनाथ बाहू बलेद्र, अजय कुमार अग्रवाल, दिलीप कुमार जेना, देवस्मिता सामंतराय, जगदीश बराल और देवयानी प्रहराज को नोटिस जारी किया है। इनमें से तीन लोगों ने नोटिस मिलते ही अपना जवाब दाखिल कर दिया। घटना को डॉ अरविंद पाढ़ी ने गंभीरता से लिया। उन्होंने ने कहा कि महाप्रभु की संपत्तियों को अतिक्रमणकारियों से मुक्त कराया जायेगा और खदानों का अच्छे से प्रबंधन किया जायेगा।

## सोआ फैकल्टी ने मिस एंड मिसेज रॉयल ग्लोबल क्वीन प्रतियोगिता में ताज जीता

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** शिक्षा 'ओ' अनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ डेंटल साइंसेज (आइडीएस) की फैकल्टी डॉ दीपिका यादव ने हाल ही में मुंबई में आयोजित मिस एंड मिसेज रॉयल ग्लोबल क्वीन 2024 और रॉयल ग्लोबल अचीवर अवार्ड सीजन 4 सौंदर्य प्रतियोगिता में 'मिसेज रॉयल ग्लोबल क्वीन 2024 कॉन्फिडेंट' और 'रॉयल ग्लोबल क्वीन ऑफ इंडिया 2024' का उपशीर्षक ताज जीता है। आइडीएस में कंजर्वेटिव डेंटिस्ट्री और एंडोडोंटिक्स विभाग में सहायक प्रोफेसर डॉ यादव ने 3 और 4 अगस्त को मुंबई के क्लब एमराल्ड में आयोजित सौंदर्य प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता, जिसमें भारत, बांग्लादेश, कनाडा, सिंगापुर, मलेशिया, संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत, बहरीन, श्रीलंका और नेपाल के प्रतियोगी और मशहूर हस्तियां शामिल थीं, प्रतिभागियों की विविध सांस्कृतिक और धार्मिक पृष्ठभूमि का जश्न मनाते हुए एकता, प्रेम और सद्भाव के आदर्शों को व्यक्त करने का प्रयास किया। बॉलीवुड के जाने-माने अभिनेता आमिर अली मलिक, अली खान, ज्योति यादव, क्रामिक यादव और ताहिर कमाल खान ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। प्रतियोगिता का सार शारीरिक बनावट, ऊंचाई, उम्र या वजन की सतही विशेषताओं से परे था। इसके बजाय, इसने महिलाओं की अंतर्निहित शक्ति और लचीलेपन का सम्मान करने का प्रयास किया।

## एसीएस प्रोबेशनर्स ने बिजली क्षेत्र के संचालन के बारे में जानकारी प्राप्त की

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** एनटीपीसी बोंगाईगांव को कोकराझाड़ के जिला प्रशासन के सहयोग से एक संरचित शिक्षण और संपृक्ति में 80 असम सिविल सेवा (एसीएस) परिवीक्षाधीनों की मेजबानी करने का सम्मान मिला। इस पहल को परिवीक्षाधीनों को एक प्रमुख बिजली संयंत्र के संचालन पर एक गहन दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया था, जो राष्ट्र की अर्थव्यवस्था में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका और पर्यावरणीय स्थिरता के लिए प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करता है। एनटीपीसी बोंगाईगांव के परियोजना प्रमुख अखिलेश सिंह ने उन जिम्मेदारियों के महत्व से अवगत कराया जो एसीएस अधिकारी अपनी भूमिकाओं में कदम रखते समय निभाएंगे। उन्होंने रेखांकित किया कि ये जिम्मेदारियां प्रशासनिक कर्तव्यों तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि समुदायों की सेवा करने और लोगों की भलाई सुनिश्चित करने तक फैली हुई हैं। उन्होंने एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक होने, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन के माध्यम से देश के पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) लक्ष्यों में सक्रिय योगदान देने के लिए एनटीपीसी के समर्पण पर जोर दिया।

## जिंदल स्टील एंड पावर ने ओपी जिंदल को उनकी 94वीं जयंती पर श्रद्धांजलि दी

- रक्तदान शिविर आयोजित कर 183 यूनिट रक्त एकत्रित किया
- अंगुल में 12 दिवसीय ओपी जिंदल फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन किया



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** अंगुल गुरुवार को जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने अपने अंगुल संयंत्र और आसपास के क्षेत्रों में अपने संस्थापक ओम प्रकाश जिंदल की 94वीं जयंती को गहरी श्रद्धा के साथ मनाया। इस अवसर पर आयोजित रक्तदान शिविर में कर्मचारियों और सहयोगियों ने 183 यूनिट रक्त दान किया। सुबह अंगुल लोकेशन हेड और कार्यकारी निदेशक प्रभारी पंकज मल्हन और कार्यकारी निदेशक दामोदर मित्तल ने ओपी जिंदल (बाउजी) को पुष्पांजलि अर्पित करके दिन के कार्यक्रमों का नेतृत्व किया। सभी वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिवार और आस-पास के समुदायों के ग्रामीण इस कार्यक्रम में शामिल हुए और इस्पात निर्माण में स्वदेशी आंदोलन का नेतृत्व करने वाले उद्योगपति ओपी जिंदल को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में पंकज मल्हन ने ओपी जिंदल की चिरस्थायी विरासत और कंपनी और समुदाय के लिए उनके दृष्टिकोण पर जोर दिया। दामोदर मित्तल ने बाउजी के व्यक्तिगत अनुभवों और यादों को साझा करते हुए बताया कि कैसे ओपी जिंदल ने हमेशा गुणवत्तापूर्ण इस्पात बनाने के लिये स्वदेशी प्रौद्योगिकी और स्वदेशी सामग्री पर जोर दिया।

मित्तल ने कहा, आज हम जहां खड़े हैं, वह बाउजी की दूरदर्शिता और समर्पण का परिणाम है।

## धनवार भाजपा के नवनियुक्त चारों मंडल अध्यक्ष सम्मानित

- भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने दिया सम्मान



आजाद सिपाही संवाददाता

**राजधनवार।** धनवार के बरजो स्थित भाजपा कार्यालय में गुरुवार को भाजपा नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने धनवार भाजपा के चारों मंडलों से नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को सम्मानित किया। धनवार मंडल के अध्यक्ष अमित कुमार साव, डोरंडा के राजू पांडेय, घोड़थंबा के कृष्ण कुमार वर्मा तथा मनसाडीह भाजपा मंडल के अशोक राय को उन्होंने अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया तथा गावां तथा तिसरी प्रखंड के नव नियुक्त मंडल अध्यक्षों को भी सम्मानित करने की बात कही। इस दौरान अगामी विधान सभा चुनाव की तैयारी को लेकर कार्यकताओं के साथ बैठक भी की गयी। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि नव नियुक्त सभी अध्यक्ष कर्मठ, अनुभवी और पार्टी के प्रति समर्पित है। नये-पुराने सबों को आपसी सामंजस्य स्थापित कर संगठन को मजबूत करने को कहा गया। कहा गया कि विगत लोक सभा चुनाव में धनवार विस में जितना मत मिला, इस बार उससे भी अधिक मत मिलना चाहिए, ताकि धनवार विस में पार्टी की ऐतिहासिक जीत हो सके। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार के कार्यो को जनता के बीच बतलाने की बात कही। कार्यक्रम में शैलजा प्रसाद सिंह, विकेंद्र साहा, नटराज कुमार, बासुदेव विश्वकर्मा, कपिल चौधरी, भगीरथ रजक, संदीप राय, जय प्रकाश सिंह, प्रवीण पांडेय, श्याम सिंह, पवन सिंह, कन्हैया प्रसाद सिंह आदि मौजूद थे।

## राज्य में अब शराब की नयी दुकानें नहीं खुलेंगी: कानून मंत्री




**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन का बड़ा बयान। राज्य में अब शराब की नई दुकानें नहीं खुलेंगी। मंत्री ने बताया कि सरकार ने यह फैसला लिया है। उन्होंने कहा, "यह बड़ी चुनौती है कि शराब की तस्करी कैसे रोकी जाए।" अगले साल से राज्य में शराब तस्करी बंद होगा। मंत्री ने बताया है कि उसी आधार पर आगे भी आमूल-चूल (जड़ से शिखर तक) बदलाव किये जायेंगे। वहीं, अगले साल होने वाली शराब नीति में ओड़िशा से शराब तस्करी की बिक्री रोकने के लिए नीति जारी की जायेगी। शराब नीति जो थी उसमें कुछ परिबर्त्तन किया जायेगा।










आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**